CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 11 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 240 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट
पेज 2



वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, निखत जरीन क्वार्टरफाइनल में
खेल टाइम्स



क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश
सम्पादकीय



नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन
पेज 12

# देशव्यापी कर्फ्यू के बाद सेना के हवाले नेपाल

## सुशीला कार्की हो सकती हैं अंतरिम प्रधानमंत्री, प्रचंड की बेटी के घर से शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर हुए उग्र प्रदर्शन सेना के सड़कों पर आने के बाद बुधवार को रुक गए। सेना ने तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शन कारियों को पहले चेतावनी जारी की और बाद में देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया है। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया।

कांतिपुर समाचार पत्र ने बताया कि सेना और सुरक्षा बलों के जवानों के सड़क पर उतर आने के बाद राजधानी काठमांडू सहित अन्य जगहों पर स्थिति नियंत्रण में आती दिखी। इससे पहले सेना ने बुधवार सुबह एक पत्र जारी कर नागरिकों से शांति बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि चूंकि आंदोलन के नाम पर कई अराजक तत्व निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए देशव्यापी कर्फ्यू लगाया जाता है। सेना ने अराजकता फैलाने वाले तत्वों की गिरफ्तारी करनी शुरू कर दी है। नेपाली सेना ने महाराजगंज के भटभटेनी सुपर मार्केट में हुई डकैती में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अवैध हथियारों की बरामदगी का काम तेजी से शुरू किया गया है। सेना ने यह भी पुष्टि की है कि काठमांडू के दिल्ली बाज़ार स्थित केंद्रीय कारागार से भागने की एक कोशिश नाकाम कर -शेष पृष्ठ दो पर



### हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर नेपाल में 13500 कैदी फरार
### पुलिस से झड़प में 5 नाबालिग कैदियों की मौत, अब तक 30 की गई जान

**काठमांडू।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छिड़े हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले, जबकि हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए। इसके अलावा पश्चिमी नेपाल की एक जेल में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई। इसमें पुलिस की गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी। इस प्रदर्शन में अब तक 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 30 मारे जा चुके हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट की 25 हजार फाइलें जलाई

### नेपाल एयरपोर्ट पर फंसे 400 भारतीय

**काठमांडू।** नेपाल प्रदर्शन के बीच काठमांडू के त्रिभुवन एयरपोर्ट पर करीब 400 भारतीय फंस गए हैं। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की वजह से कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे यात्री परेशान हैं। कई लोगों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एक वीडियों संदेश भेजा। फंसे हुए लोगों का कहना है कि इम्मिग्रेशन कंपलीट होने के बाद भी उड़ान कंपनियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही छोड़ दिया है और एयर लाइन स्टाफ भाग गया, यात्रियों की मदद के लिए कोई मौजूद नहीं है।

### नेपाल विद्रोह पर CJI बोले- हमें अपने संविधान पर गर्व

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान नेपाल विद्रोह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, देखिए पड़ोसी देशों में क्या हो रहा है। नेपाल में तो हमने देख रहे हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने जोड़ते हुए कहा कि हां, बांग्लादेश भी। जजों ने ये बयान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील पर दिया।

### चुनाव आयोग तानाशाह: राहुल

**रायबरेली/लखनऊ।** रायबरेली में राहुल गांधी ने प्रजापति समाज के सम्मेलन में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश में 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासियों की है, लेकिन ये भाजपा-आरएसएस के लोग नहीं चाहते कि ये कभी आगे बढ़ें। ये चाहते हैं कि दलित वहीं पर रहे, अंबानी जहां हैं, वहीं पर रहें। पीएम मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। मैंने संसद में इस पर सवाल किया, तो वे डेढ़ घंटे तक भाषण देते रहे, लेकिन जाति जनगणना पर एक भी शब्द नहीं बोले।

### ईडी ने 346 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में कार्रवाई की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में छापेमारी की। यह कार्रवाई हरियाणा की एक पावर सेक्टर कंपनी और उसके प्रमोटर्स से जुड़े 346 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड मामले की जांच के तहत की गई। जांच गुरुग्राम स्थित एचपीसीएल और इसके निदेशकों अमूल गबरानी व अजय कुमार बिश्नोई समेत अन्य के खिलाफ चल रही है।

# ट्रम्प ने भारत के साथ दोबारा व्यापार की जताई इच्छा

## मोदी से बात करने को आतुर

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत फिर से शुरू करेंगे और इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने की इच्छा जताई।

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी आयात शुल्क के बावजूद भी भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सकारात्मक प्रगति का रुख देखने को मिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने-अपने देशों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आने वाले हफ्तों में वार्ता को सफल नतीजे तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले हफ्तों में बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के लिए यह वार्ता सफल निष्कर्ष तक पहुंचेगी।



### अमेरिका संग व्यापार संबंधी वार्ता का जल्द निर्णय निकलेगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी बातचीत का जल्द निर्णय निकलेगा और वह भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही।

# आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**प्रयागराज।** पूर्व मंत्री आजम खां को बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। चर्चित डूंगरपुर केस में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां को 10 साल की सजा सुनाई थी।

सपा नेता ने इसके खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की थी। अपील लंबित रहने तक जमानत की गुहार कोर्ट से लगाई थी। 12 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।



■ डूंगरपुर केस में जमानत मंजूर

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने की। जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां की याचिका पर फैसला सुनाते बुधवार को उनकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

### पाकिस्तान सिम भेजने के मामले में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रभात कुमार चौरसिया को दिल्ली के लक्ष्मी नगर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के लातूर से 16 सिम खरीदकर नेपाल पहुंचाए। यहां से 11 कार्ड पाकिस्तान के लाहौर और बहावलपुर में ट्रेस हुए। इन नंबरों से ऑपरेट हो रहे व्हाट्सऐप अकाउंट भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे थे।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएंगे भारत व यूरोपीय संघ

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र, वैश्विक आतंकवाद निरोधक मंच और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं में एकजुट होकर आवाज उठाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ कड़ी और ठोस कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने आतंकवाद-रोधी सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय संघ और भारत के आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह (सीटी) की 15वीं बैठक ब्रुसेल्स में हुई।

# पंजाब के 2000 गांवों में अभी भी बाढ़

**नई दिल्ली।** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। 2000 से ज्यादा गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया।

सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था। सबसे ज्यादा उदयपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। एनएच की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। हरियाणा में 9 सितम्बर तक सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में औसतन 385.1 एमएम बारिश होती थी, जो अब तक 563.8 एमएम हो चुकी है।

■ जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 16 दिन बाद शुरू

# पड़ोसियों के बीच में झगड़ा आम बात: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पड़ोसियों में झगड़ा होना आम बात है। अगर पड़ोसियों के बीच में झगड़ा, बहस और हाथापाई भी हो जाती है, तो उसे आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा 306) के तहत अपराध नहीं मान सकते।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक महिला को पड़ोसी की आत्महत्या के लिए तीन साल की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि धारा 306 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तभी बनता है, जब यह साफ हो कि आरोपी ने जानबूझकर पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में आरोपी और पीड़ित के परिवारों के बीच तीखी बहस हुई थी, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। बेंच ने कहा कि ऐसे झगड़े रोजमर्रा की जिंदगी में होते हैं। तथ्यों के आधार पर हम यह नहीं मान सकते कि आरोपी ने इतना उकसाया कि पीड़ित के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। यह मामला 2008 में कर्नाटक का है। एक महिला और उसकी पड़ोसी (पीड़िता) के बीच छह महीने तक झगड़े और कहासुनी होती रही। पीड़िता (निजी स्कूल में शिक्षिका) ने आरोप लगाया कि पड़ोसी -शेष पृष्ठ दो पर

■ कहा: उसे अपराध नहीं मान सकते, कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया



### उमर खालिद ने जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में पिछले पांच वर्षों से जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर उमर खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के जमानत नहीं देने के आदेश को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर, 2025 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की।

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Last Chance for Registration for Session 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.)
BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio)
B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Our Partners
BAJAJ FINSERV
ICWAI
UNNAT BHARAT ABHIYAN
रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
Last Chance for Registration in Maa Shakumbhari University Courses
BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A.
B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)
Last Date: 12.09.2025
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में नौ हजार पर्यटक वाहनों का परमिट होगा रद्द

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण ने वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार राज्य भर में बसों, टैक्सियों और कैब समेत नौ हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों के परमिट रद्द करने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अधिकतम परिच. ालन अवधि समाप्त होने के बाद परमिट का न तो नवीनीकरण किया जाएगा और न ही विस्तार किया जाएगा। प्राधिकरण ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को भी मंजूरी दे दी है। एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बनाए गए ये नए नियम नवंबर 2025 से चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे। अधिकारियों के अनुसार, पिछले महीने एक बैठक में ये दोनों निर्णय लिए गए और राज्य पर्यटन प्राधिकरण ने अब इनके कार्यवृत्त जारी कर दिए हैं।

### महाना दोबारा सीपीए के सदस्य नामित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को दोबारा कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया है। महाना की नियुक्ति वर्ष 2025 से 2028 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। इससे पूर्व महाना 2022 से 2025 तक सदस्य रहे हैं। सीपीए विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संसदीय संगठनों में से एक है, जिसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और सदस्य देशों की विधानसभाओं के मध्य संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।

# वोट चोरी के लिए मोदी-शाह जिम्ममेदार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सुप्रीम कोर्ट द्वारा आधार को वैध दस्तावेज बताया जाना जनता की जीत

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' को सोची-समझी साजिश के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है और यह काम भाजपा सरकार के स्तर पर किया जा रहा है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस के बिहार के प्रभारी कृष्णा अलावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके आरोप निराधार नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मोदी ने चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया है और इसमें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर गृह मंत्री को रखा गया है। दूसरी बात कानून में ऐसा बदलाव किया गया है, ताकि चुनाव आयोग पर किसी तरह से कोई कार्रवाई न हो सके। इसके अलावा मतदाता सूची रोल में खेल किया गया है, जिसकी सच्चाई पूरे देश के सामने रखी गई है। उनका यह भी आरोप है कि भाजपा चुनाव और मतगणना के दिन भी घपला करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वाराणसी का लोकसभा चुनाव था, जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी कई राउंड तक जीतते हैं, लेकिन जब लाइव अपडेट बंद हो जाता है, तो अंतिम समय में मोदी को जिता दिया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमने पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली। चुनाव आयोग ने पहचान के लिए 11 दस्तावेज मांगे हैं, लेकिन आधार कार्ड को उसमें शामिल नहीं किया गया है। हमने लगातार मांग की थी कि आधार कार्ड को भी पहचान का दस्तावेज माना जाए। अब उच्चतम न्यायालय ने भी ये आदेश दिया है कि आधार को भी प्रामाणिक पहचान माना जाए। ये जनता की जीत है।

### मोदी, ट्रम्प की दावेदारी का सच भी बताएं: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के साथ साझेदारी को स्वाभाविक बताने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि यदि यह सच है, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 35 बार से ज्यादा किए गए एक ही दावे की सच्चाई क्या है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी यदि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते स्वाभाविक बता रहे हैं, तो राष्ट्रपति ट्रम्प को बार बार यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने व्यापार का डर दिखाकर पाकिस्तान के साथ भारत की सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मोदी से सवाल करते हुए कहा कि मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प से कहा है कि भारत और अमे. रिका 'स्वाभाविक साझेदार' हैं।

# पैसे की कमी से नहीं रुकेगा किसी का भी इलाज: सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पैसे के अभाव में किसी गरीब के इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी।

योगी के के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कमजा. ेरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# मोदी ने कपास किसानों को ट्रम्प के दांव पर लगाया

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है।

केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है। एक तरफ अमेरिका लगातार भारत के सम्मान पर हमला कर रहा है। अमेरिकी सरकार भारतीय व्यापारियों और उद्योगों पर हमला कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं। मोदी सरकार भारतीय बाजारों को अमेरिकी सामानों से भर देना चाहती है। प्रधानमंत्री को भारतीय किसानों, व्यापारियों और उद्योगों से ज्यादा अमेरिका की चिंता है। उन्होंने एक्स पर कहा कि ट्रम्प को खुश करने के लिए देश भर के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया। दोनों देशों के बीच ये कैसी बात. चीत चल रही है? केवल एक तरफा बातचीत? अपने किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को ताक पर रखकर भारतीय बाजार को पूरी तरह से अमेरिकियों के लिए खोला जा रहा है। अगर पूरे भारतीय बाजार पर अमेरिकियों का कब्जा हो गया, तो हमारे लोग कहां जाएंगे?

## संवेदनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून तैनात की गई: डीजीपी

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही

**लखनऊ।** नेपाल में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के सहयोग से उत्तर प्रदेश पुलिस भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट पर है। सभी सात सीमावर्ती जिलों-पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि हर स्तर पर स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सात जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही है। हम नेपाल से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने और किसी भी असामाजिक तत्व को सीमा पार अशांति का फायदा उठाने से रो. कने के लिए एसएसबी के साथ लगातार संपर्क में हैं। एसएसबी ने चौकियों पर तलाशी और निगरानी बढ़ा दी है, जबकि संवे. दनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून और अतिरिक्त पुलिस कंपनियां तैनात की गई हैं। बहराइच सीमा पार नेपालगंज में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीपी चौक, धंबोजी चौक और त्रिभुवन चौक जैसे प्रमुख चौराहों को जलते हुए टायरों से जाम कर दिया। स्कूल, दुकानें और सरक. ारी कार्यालय बंद कर दिए गए और प्रदर्शनकारियों ने उप-महानगरीय कार्यालय और जिला प्रशासन मुख्यालय की घेराबंदी कर दी, जिससे आगे और तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई। देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमित पाठक ने श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच में निरंतर गश्त और कड़ी निगरानी के आदेश दिए, हैं। कुल 73 चौकियों-श्रावस्ती में 16, बलरामपुर में 21 और बहराइच में 36 को हाई अलर्ट पर रखा गया है। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने तीनों जिलों के जिला. धिकारियों को पुलिस और एसएसबी के साथ निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा

**गोण्डा।** नेपाल में लगातार बिगडते हालात के बीच उत्तर प्रदेश में सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी है वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। दरअसल नेपाल में जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने जेल में जिस प्रकार निरुद्ध कैदियों को छुड़ाकर बाहर किया है। इससे उत्तर-प्रदेश में देवीपाटन मंडल के बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर समेत तीन जिलों की लंबी खुली सीमाएंव जंगली रास्तों के दुर्गम मार्ग काफी चुनौतीपूर्ण बन चुके हैं। नेपाल के बवाल को देखते हुए पर्यटन व रिश्तेदारी में गए अधिकांश भारतीय घर वापसी करने लगे है, जिन्हें उनके पहचान पत्र व पड़ताल के बाद सशस्त्र सीमा बल के जवान भारत में प्रवेश दे रहे हैं। नेपाल की खराब स्थिति को देखते हुए बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी समेत सभी सीमावर्ती जिलों में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है।



सेंसेक्स 81425.15
निफ्टी 24973.10

सोना रु. 109409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 124144
प्रति किलो



# आईटी, बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को लेकर मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और निफ्टी-50 बीच कारोबार में 25 हजार अंक को छूने में कामयाब रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 323.83 अंक (0.40 प्रतिशत) उछलकर 81,425.15 अंक पर पहुंच गया, जो इसका 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 24,973.10 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 21 अगस्त के बाद के उच्चतम स्तर 24,973.10 अंक पर बंद हुआ। चौतरफा लिवाली के बीच आईटी, बैंकिंग, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और तेल एवं गैस समूहों की कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों पर बिकवाली का दबाव रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकेत दिए हैं कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की बाधाएं जल्द दूर हो सकती हैं और अगस्त में भारतीय उत्पादों पर बढ़ाए गए आयात शुल्क में अमेरिकी कटौती कर सकता है। इससे निवेशकों में उत्साह दिखा।

सेंसेक्स 403.04 अंक की तेजी के साथ 81,504.36 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,643.88 अंक और निचला स्तर 81,235.42 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक भी 122.40 अंक चढ़कर 24,991 अंक पर खुला। यह ऊपर 25,035.70 अंक और नीचे 24,915.05 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.95 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.73 अंक चढ़ गया। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 4. 26 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.57 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस का 2. 19 फीसदी चढ़ा।

टीसीएस का शेयर 1.99 फीसदी, टेक महिंद्रा का 1.88, इंफोसिस का 1.85 और एक्सिस बैंक का 1.79 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी रही। नुकसान उठाने वालों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.47 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.53, टाटा मोटर्स में 0.91 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,128 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें 1,835 के शेयरों में तेजी और 1,210 में गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 10 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 66 रुपए गिरकर 1,09,409 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,09,475 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 626 रुपए गिरकर 1,24,144 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,24,770 रुपए थी।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,560 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 थी।

### चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ रही, चीनी नरम



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गयी। खाद्य तेलों और दालों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी में मंदी का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 66 रिंगिट टूटकर 4,413 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत फिसलकर 50.46 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 16 रुपए बढ़कर 3,846.12 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं पांच रुपए महंगा हुआ और 2,858.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी चार रुपए की मजबूती के साथ 3,312.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। खाद्य तेलों में मिला.जुला रुख रहा। सरसों तेल औसतन 20 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 27 रुपए और सोया तेल में 15 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल 40 रुपए और सूरजमुखी तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं वनस्पति के भाव 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गए। दाल. दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मूंग दाल में छह रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। मसूर दाल भी तीन रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। चना दाल 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। गुड़.चीनी: मीठे के बाजार में आज मंदी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत पांच रुपए प्रति क्विंटल गिर गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशव्यापी ....**

दी गई। सेना के अधिकारियों ने कहा कि उनका सुरक्षा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी भगोड़े कैदियों और लूटे गए हथियारों का पता नहीं चल जाता। सेना ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों की मदद के लिए भी एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इन लोगों को जवानों की मदद से उनके सुरक्षित स्थानों और हवाई अड्डे तक पहुंचाने में मदद की जा रही है। उधर अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार कई घायलों को अब घर वापस भेज दिया गया है। पुलिस कार्रवाई में दस लोग बुरी तरह जख्मी हुए थे। इनमें से दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जबकि आठ अब पहले से बेहतर हैं। नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन का बुधवार को तीसरा दिन था। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण अधिकारी ने बताया कि शव ढोलाहिटी में स्थित गंगा के आवास से मिला। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। बुधवार को सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 24 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। नेपाल में जारी हिंसक आंदोलन के बीच अब नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों की पिटाई से दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता, बिनोद घिमिरे ने बताया कि महाराजगंज पुलिस में कार्यरत पुलिस उप निरीक्षक मिलन राय और उत्तम राय की मौत हो गई है। इस बीच देश की कुछ जेलों से बुधवार को भी कैदियों के भागने की घटनाएं भी सामने आईं। सिधुली जेल में आगजनी और तोड़फोड़ करने के बाद 471 कैदी फरार हो गए हैं। कैदियों के विरोध प्रदर्शन और आगजनी के कारण सुरक्षाकर्मी स्थिति को संभाल नहीं पाए। जेल अब वीरान है। कल करीब डेढ़ हजार कैदी जेल से फरार हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। वें 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रहीं थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप आरोप लगा था। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं।

**पड़ोसियों के...**

महिला लगातार उसे परेशान करती है, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही थी। कथित तौर पर इसी तनाव से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आरोपी पर आईपीसी धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई, हालांकि एससी-एसटी एक्ट से उसे बरी कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द कर दी है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।

साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष

# करोड़ों की नकली दवा के कारोबार का खुलासा, कारोबारी गिरफ्तार

## आगरा से जुड़े मिले तार, आगरा के पिता-पुत्र व गांधी कॉलौनी के दवा कारोबारी सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश में नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के बीच एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्वास्थ्य सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए मुजफ्फरनगर के कारोबारी का भी नाम आगरा के व्यापारियो के साथ जुड़ गया है। जनपद मुजफ्फरनगर के गांधी कॉलौनी के उक्त कारोबारी ने करोड़ो रूपये की नकली एंटी एलर्जी दवाएं खरीदीं और नम्बर दो का कारोबार करते हुए उनको बिना बिलिंग के ही उन्हें बाजार में बेच भी दिया। औषधि विभाग की टीम और पुलिस ने मिलकर इस कारोबार का पर्दाफाश किया है। जांचकर्ता अधिकारियों के सामने आया कि नकली दवा का राकेट चला रहे कारोबारी के तार आगरा में हुए नकली कारोबार से जुड़ा हुआ है।

आगरा कांड में शामिल दवा कारोबारियों से ही ये नकली दवा मुजफ्फरनगर के इस कारोबारी ने खरीदी थी। जांच कर रही टीम ने पुलिस के सहयोग से कारोबारी को गिरफ्तारी कर रात में सीओ और औषधि विभाग के अफसरों ने आरोपी कई पहलुओं से पूछताछ की।

आगरा में सामने आए बहुचर्चित नकली दवा कांड की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर से एक बड़े दवा कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने लगभग 3.50 करोड़ रुपये की नकली एंटी एलर्जी दवा एलेग्रा आगरा के इसी नकली दवा सिंडीकेट से खरीदी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए मुजफ्फरनगर के कारोबारी की पहचान तरुण गिरधर निवासी नार्थ गांधी कॉलोनी गली नम्बर तेरह के रूप में हुई है और वह कारोबारी फर्म को मैसर्स आयुष मेडिकोज के नाम से चलाता है। बताया गया है कि मंगलवार देर रात औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने आयुष मेडिकोज पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। छापेमारी का नेतृत्व बस्ती मंडल के सहायक आयुक्त नरेश मोहन दीपक, सहारनपुर मंडल सहायक आयुक्त औषधि दीपा लाल और औषधि निरीक्षक मुजफ्फरनगर पवन कुमार शाक्य ने किया। जांच के दौरान आरो. पित के लैपटॉप, मोबाइल और विभिन्न दस्तावेजों को जब्त किया गया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आरोपी ने आगरा स्थित बंसल मेडिकल एजेंसी से बड़ी मात्र में नकली एलेग्रा टैबलेट और कोलोस्ट्राल के उपचार के लिए दी जाने वाली टैबलेट रोजोवाश खरीदी थी। औषधि निरीक्षक पवन शाक्य की माने तो आगरा में नकली दावा के चार कारोबारियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आगरा कोतवाली सहित अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज किए गए थे। आगरा में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ के बाद ही जनपद मुजफ्फरनगर के दवा कारोबा. री का नाम सामने आया था। इसके बाद शासन स्तर से एक गोपनीय टीम बनाई गई जिन्होने गोपनीय तरीके से इस मामले में जांच पड़ताल की तो आगरा के साथ-साथ जनपद मुजफ्फरनगर से फर्म मैसर्स आयुष मेडिकोज द्वारा भी भारी मात्रा में करोडों की नकली दवा क्रय करना पाया गया। इस मामले की भागदौड़ कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ द्वारा की गई। औषधि निरीक्षक मुजफ्फरनगर को भी टीम में शामिल किया गया था और पूरी छानबीन गोपनीय तरीके से चली जिसमें पाया गया कि आगरा में 25 अगस्त को आधा दर्जन से अधिक दवा स्टोरो पर छापेमारी की गई थी। उस दौरान काफी दवाईयां मिली थी, लेकिन आयुष मेडिकोज का आगरा के बंसल मेडिकोज से खरीदी का साक्ष्य नहीं मिला था। दो दिन पहले आगरा से आई टीम ने साक्ष्यों के साथ आयुष मेडिकोज पर छापा मारा था। इसमें आगरा के बंसल मेडिकोज से आयुष मेडिकोज के मालिक तरूण गिरधर ने कारोबारी के पास खरीदी गई दवाओं का कोई वैध बिक्री रिकार्ड नहीं मिला और उनकी दुकान व गोदाम से सभी कोई दवा बरामद नहीं हुई। मुजफ्फरनगर के दवा कारोबारी गिरधर को गिरफ्तार करने के बाद सीओ मंडी राजू साव के समक्ष लाया गया। शासन द्वारा गुप्त शिकायत के बाद शासन ने एसटीएफ के साथ विशेष ऑपरेशन तय किया और सहायक औषधि आयुक्त अतुल उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस, प्रशासन एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने 22 अगस्त को आगरा स्थित हे मां मेडिको और बंसल मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा था। यहां पर बड़े पैमाने पर नकली दवा के कारोबार की पुष्टि हुई थी। 10 दिन तक चली जांच में सामने आया है कि आगरा की पांच, लखनऊ की दो और पुडुचेरी की तीन फर्मों से डेढ़ वर्ष में 200 करोड़ की संदिग्ध दवाओं की सप्लाई बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में लखनऊ, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ के साथ जनपद मुजफ्फरनगर का नाम भी जुड़ा था। 25 अगस्त सोमवार को सहारनपुर से सहायक आयुक्त औषधि दीपा लाल टीम के साथ मुजफ्फरनगर पहुंची। टीम में शामिल सहारनपुर के औषधि निरीक्षक राघवेंद्र व मुजफ्फरनगर के औषधि निरीक्षक पवन कुमार शाक्य ने सहायक आयुक्त औषधि दीपा लाल ने जिला परिषद की कई मेडिकल एजेंसी पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद अब नकली दवा के कारोबार के आरोप में आयुष मेडिकल के स्वामी गिरधर का नाम भी जुड़ गया है।

## फाइनेंस कम्पनी में लाखों की चोरी

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र में बदमाशों ने माइक्रोफाइनेस कम्पनी में लाखों रूपयें की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। ऐरिया मैनेजर की ओर से की गई शिकायत के आधार पर नई मंडी पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का यह मानना है कि इस घटना में परिचित का ही हाथ हो सकता है

नई मंडी थाना क्षेत्र की हरवीर कॉलौनी के निकट माइक्रोफाइनेस कम्पनी के कार्यालय में बीती रात चोरी की वारदात घटी है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों से दहशत का माहौल बना हुआ है, हालांकि यह घटना तीन दिन पुरानी है, लेकिन इस कम्पनी के एरिया मैनेजर नरेश कुमार पुत्र नफे सिंह निवासी जनपद हिसार हरियाणा ने नई मंडी पुलिस को एक शिकायत करते हुए बताया कि वह खतौली में रहते है और लाइट माक्रोफाइनेस कम्पनी में वह मैनेजर के पद पर कार्यरत है। एरिया मेनेजर नरेश कुमार ने बताया कि सात सितम्बर की रात कम्पनी की शाखा के कार्यालय में एक रेंक से 3,20,860 रूपये की चोरी कर ली गई। शिकायतकर्ता ने यह भी जानकारी दी कि जिस रेट से रूपयों की चोरी की गई उसमे ताला नहीं था। एक तरफ ऐरिया मैनेजर चोरी की घटना दर्ज कराने के लिए तहरीर दे रहे है तो यह भी संदेश जताया जा रहा है कि चोरी की इस घटना में किसी परिचित का ही हाथ है। एरिया मैनेजर नरेश कुमार ने चोरी की इस वारदात से अपने विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है।

उधर की गई शिकायत और दी गई तहरीर के आधार पर नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस ने कार्यालय व आस-पास लगे दर्जनभर सीसीटीवी कैमरे निकाले। पुलिस इस बार भी चोरी की इस घटना का जल्द खुलासे का आश्वा. सन दे रही है। बता दे कि जब मंडी पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर कई घटना का खुलासा कर चुकी है।

# नेपालः कमरों में कैद दहशत और बेबसी, मुजफ्फरनगर में बेचैनी और इंतज़ार

## भाजपा नेता समेत 10 लोगों के काठमांडू में फंसने से परिजन चिंतित



सुनील तायल



वरूण धनकड़



अजय जैन



प्रवीन गुप्ता



पवन कुमार



सुशील त्यागी



सचिन गुप्ता



कुलदीप सिंह



भोपाल सिंह



आशु बंसल

### संयुक्त व्यापारी समिति ने भेजा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** घर में बेचैन निगाहें दरवाज़े पर टिकी हैं कि कोई पुकार कर लौट आए, यही आस लिए परिजन दिन-रात दुआ कर रहे हैं। परिजनों को नेपाल में फंसे अपने लोगों की चिंता सता रही है। परिवार में महिलाओं और बच्चों के चेहरे पर खौफ है और हर कोई येही प्रार्थना कर रहा है कि भगवान नेपाल में फंसे लोगों को सही सलामत घर ले आए।

दरअसल शहर के भाजपा नेता सुनील तायल समेत 10 श्रद्धालु नेपाल में फंसे हुए हैं। ये सभी लोग पशुपतिनाथ और मुक्तिनाथ धाम के दर्शन के लिए गए ये श्रद्धालु इस समय काठमांडू के गऊशाला चौक स्थित होटल अन्नपूर्णा पैलेस में कैद से ज़िंदगी गुज़ारने को मजबूर हैं। मुजफ्फरनगर के भाजपा नेता सुनील तायल, भोपाल सिंह, आशु बंसल, अजय जैन, सुशील त्यागी, पवन कुमार, वरुण धनकेड़, कुलदीप, सचिन गुप्ता और प्रवीण गुप्ता 8 सितंबर को नेपाल यात्रा पर गए थे। यहां अब ये बिगड़ते हालात और आर्थिक संकट के कारण डरे-सहमे हैं। परिवारजन की नींद उड़ चुकी है और पूरे शहर में चिंता का माहौल है।

संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है कि न सिर्फ मुजफ्फरनगर के इन 10 श्रद्धालुओं, बल्कि नेपाल में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित और शीघ्र भारत लाने की कार्रवाई की जाए। पत्र भेजने वालों में समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष संजय मिश्रा, संयोजक शलभ गुप्ता, राकेश त्यागी, सरदार बलविंदर सिंह, रवि शर्मा, विजय प्रताप सिंह, तरुण मित्तल, भूपेंद्र गोयल, बृज किशोर गुप्ता, सुखबीर सिंह, सचिन शर्मा सहित कई पदा. धिकारी शामिल हैं। परिजनों की मानें तो उनके घरों का माहौल बेहद भारी है। हर फोन की घंटी पर उम्मीद बंधती है और हर ख़बर से दिल दहल उठता है। परिजन और शहरवासी प्रधानमंत्री से अपील कर रहे हैं कि जल्द कदम उठाकर इन श्रद्धालुओं को सुरक्षित घर लौटाया जाए।



नेपाल में फंसे भाजपा नेता व श्रद्धालुओं को वापस लाने की मांग को ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारी।

# मंत्री कपिल ने दिया सकुशल भारत लाने का आश्वासन

### विदेश मंत्री के लगातार संपर्क में हैं कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को शिव चौक पहुंचकर नेपाल में फंसे श्रद्धालुओं के परिजनों व व्यापारियों को बताया कि मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील तायल सहित 10 श्रद्धालु नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंसे हुए हैं। वहां पर इस समय भयंकर आगजनी और तोड़फोड़ जैसी स्थिति बनी हुई है, जिसके चलते ये लोग भयभीत हैं। राज्य मंत्री ने बताया कि इन श्रद्धालुओं को सकुशल भारत लाने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी और विदेश मंत्रालय से तत्काल संपर्क किया है।

प्रयास किया जा रहा है कि शीघ्र ही सभी लोग सुरक्षित वापस अपने परिवारों के बीच लौट आएं। मंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय की सक्रियता से जल्द ही मुजफ्फरनगर के सभी श्रद्धालु सुरक्षित स्वदेश लौटेंगे।



मुजफ्फरनगर: विदेश मंत्री से हुई वार्ता की जानकारी देते मंत्री कपिल देव।

# डॉक्टर की हत्या में एक को उम्र कैद

## क्लीनिक में घुसकर मारी थी गोली, लगाया जुर्माना भी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्लीनिक में घुसकर डॉक्टर को गोली मारकर उसकी हत्या करने के मामले में कोर्ट में सबूत व गवाहों के आधार पर दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर अर्थदण्ड भी लगाया है। यह मामला आठ वर्ष से न्यायालय मे विचाराधीन था आज बेटे की हत्या के आरोपी को सजा होने पर वृद्ध दम्पत्ति ने इंसाफ पर खुशी के आशु बहाए है।

अभियोजन के अनुसार छह अप्रैल 2017 को शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला किदवईनगर निवासी डॉक्टर मेहरबान को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी इस घटना का मुकदमा पीड़ित परिवार की ओर से शहजाद उर्फ सुक्का पुत्र शमी निवासी किदवईनगर के विरूद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत दर्ज कराया गया था पुलिस ने इस मामले में 18 अप्रैल 2017 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और इस मुकदमें में 25/27 शस्त्र अधिनियम की धारा की बढोत्तरी की गई थी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमें की छानबीन करते हुए जांच पडताल की ओर आरोपी के विरूद्ध 18 मई 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था तभी से यह मामला एडीजे/विशेष पोस्को कोर्ट प्रथम की न्यायाधीश मंजुला भालोटिया ने सुना। इस मुकदमें की पैरोकारी एडीजीसी कुलदीप सिंह द्वारा की गई थी इसके बाद दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश के समक्ष अपने अपने तर्क रखे और घटना से संबंधित सबूत व गवाहों को पेश किया गया।

सबूत व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मुकदमें में नामजद शहजाद उर्फ सुक्के को दोषी पाया इसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर 55 हजार रूपयें का अर्थदण्ड भी किया है। बुधवार को अंतिम फैसला आने तक डॉक्टर मेहरबान के वृद्ध माता-पिता कोर्ट के बाहर की बैठे रहे और उम्र कैद की सजा को सुनकर बोले कि उन्हे न्याय मिल चुका है।

इस मुकदमें की पेरोकारी मे पीड़ित पक्ष की ओर से काजी मौहम्मद नईम एडवोकेट व सैय्यद मुजिम्मल हैदर एडवोकेट भी शामिल रहे जिन्होने अपनी ओर से कोर्ट में मुकदमें से संबंधित दलीले पेश की।

## छापेमारी में अल्ट्रासाउंड सेन्टर सील

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के सख्त निर्देशों पर पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विपिन कुमार ने गांव लालूखेड़ी, तितावी स्थित आराध्या अल्ट्रासाउंड सेंटर पर बड़ी छापेमारी की। इस कार्रवाई में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई, जिसके बाद सेंटर को सील कर दिया गया।

छापेमारी के दौरान, राहुल शर्मा नामक एक व्यक्ति अल्ट्रासाउंड करते हुए पाया गया, जबकि वह इसके लिए अधिकृत नहीं था। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है। जांच के दौरान, राहुल शर्मा ने महत्वपूर्ण दस्तावेज, जिनमें पांच ओपीडी पर्चियां शामिल हैं, को गायब करने का प्रयास किया। सेंटर में पंजीकृत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार मौके से अनुपस्थित पाए गए। इस सेंटर का संचालन त्रिलोक चंद प्रसाद द्वारा किया जाता है।

इस मामले में, सेंटर संचालक त्रिलोक चंद प्रसाद, चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार, और अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड कर रहे राहुल शर्मा के खिलाफ थाना तितावी में शिकायत दर्ज की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यह कार्रवाई जिला प्रशासन की लिंग-चयन के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। भविष्य में भी ऐसी अवैध गति. विधियों में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आईजीआरएस रैंकिंग में मुजफ्फरनगर फिसला, निस्तारणों में फिसड्डी रहे विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जन शिकायतों के निस्तारण में जहां जिले की पुलिस ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल कर सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है, वहीं अन्य विभागों की उदासीनता ने जिले की रैंकिंग को नीचे गिरा दिया है। लापरवाह रवैये से नाराज जिलाधिकारी अब अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी में हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का डीएम उमेश मिश्रा ने सत्यापन कराया तो इनमें शिकायतकर्ताओं की अधिकतर यही शिकायत रही कि उनका निस्तारण नहीं कराया गया और पोर्टल पर समस्यां का निस्तारण दर्शा दिया गया। दरअसल, आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पर आने वाली शिकायतों का समयब) और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही रैंकिंग का आधार होता है। शासन स्तर पर हर माह मुख्यमंत्री स्वयं इस रैंकिंग की समीक्षा करते हैं। जिले में कई विभागों की ओर से शिकायतें समय पर निपटाई नहीं गईं, जिससे मुजफ्फरनगर की स्थिति रैंकिंग पायदान पर फिसल गई। डिफॉल्टर अधिकारियों की संख्या, शिकायतों में देरी का प्रतिशत, गलत शिकायतों का आंकड़ा और निस्तारण की गुणवत्ता जैसे पहलुओं को आधार बनाकर अंक दिए जाते हैं। माह के अंत तक लंबित रहने वाली शिकायतें जिले की रैंकिंग को प्रभावित करती हैं। डीएम ने अब ऐसे लापरवाह अधिकारियों की सूची तलब कर ली है।

# चाचा ने भतीजी को किया शर्मसार

## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर तस्वीरों का किया दुरुपयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चाचा ने भतीजी की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी तस्वीरों को गलत ढंग से प्रसारित किया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी चाचा के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से इंसाफ मांगा ह।

जनपद के थाना मीरांपुर के एक गांव की पीड़ित युवती थाने पहुंची और पुलिस को अपनी पीड़ा सुनाने के साथ कार्यवाही के लिए एक तहरीर भी दी। पीड़िता का दुखड़ा था कि उसके नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसके फोटो को फर्जी आईडी के प्रोफाइल पीक्चर पर सेट किया गया। पीड़ित युवती ने रोते हुए जब यह बताया कि आरोपी ने इस फर्जी आईडी से छेड़छाड़ करते हुए उसको बदनाम करने का काम किया है और इस पूरे खेल के पीछे कोई गैर नहीं, बल्कि पीड़िता का चाचा है। पीड़िता ने लिखित तहरीर में अपने आरोपी चाचा का नाम भी दिया है। आरोपी की हद यहीं खत्म नहीं हुई उसने गंदी फिल्मे भेजकर इस आईडी से अपने सगे संबंधियों से अश्लील बाते भी की है।

पीड़िता की बात सुनकर पुलिस भी इसलिए हैरत में पड़ गई कि इस गंदे खेल के पीछे कोई गैर नहीं पीड़िता का चाचा ही है। लड़की के दुखड़े को सुनकर तहरीर के आधार पर पुलिस ने हरकत में आते हुए कार्यवाही आरंभ की। मीरांपुर पुलिस ने इस मामले में तुरंत ही कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया और उस पर आईटी एक्ट की धारा लगाई।

पीड़िता का कहना था कि इस फर्जी इंस्टाग्राम आईडी पर तस्वीरों को गलत तरीके से प्रसारित करने पर वह पूरी तरह शर्मसार है। इतना ही नहीं पीड़ित युवती का परिवार भी अपनी बेटी की इज्जत को लेकर परेशान है, हालांकि पुलिस ने इस मामले में तुरंत ही कार्यवाही शुरू कर दी है, लेकिन पीड़िता का कहना है कि वह इस घिनौनी हरकत को किस तरह भूलें।



# रहस्यमय बुखार से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

## अन्य कई लोग भी बताए जा रहे हैं बुखार से पीड़ित

**बुढ़ाना।** रहस्यमय बुखार से एक 10 साल के किशोर की मौत हो गयी। परिजनो में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला में लगभग दस साल के शाकिर पुत्र मनव्वर को विगत दिवस रहस्यमय बुखार आया था।

जिसको पहले तो गांव के ही किसी चिकित्सक को दिखाया गया तो उसने बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए किसी अन्य हस्पताल में ले जाने की सलाह दी। तब बच्चे को एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर बच्चे ने बीते मंगलवार के दिन उपचार के चलते दम तोड दिया। जिसको लेकर परि. जनों में कोहराम मच गया। आज बुधवार के दिन सुबह 11 बजे सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में शाकिर को नम आंखों से गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस घटना को लेकर गांव जौला में भी शोक व्याप्त है। बच्चे को कौन सा बुखार हुआ था यह पता नहीं लग पाया है। दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों के अनुसार गांव जौला के अंदर कई अन्य लोग भी रहस्यमय बुखार से पीड़ित बताए जा रहे हैं।

हमारे संवाददाता ने जब इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव चौधरी से दूरभाष पर बात करनी चाही तो उन्होंने पूर्व आदत के मुताबिक फोन ही रिसीव नहीं किया।

### फर्जी अस्पतालों की तलाश मे हैं सीएचसी प्रभारी

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव तेवतिया ने आज एक सूचना के आधार पर कस्बे में स्थित किसी हस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां पाई गयी। खबर यह भी है कि यह हस्पताल फर्जी तरीके से चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने उक्त हस्पताल को सीज किया या नहीं या नोटिस दिया है इसका भी कुछ पता नहीं चल पाया था। जिसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं। वैसे तो कहना है कि सीएचसी प्रभारी बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के फर्जी हस्पतालों को तलाश रहे हैं। जिसमें बाद में स्वास्थ्य विभाग बड़ी कार्यवाही करेगा। वैसे जा हस्पताल की चौकिंग से अन्य हस्पतालों के संचालकों में हड़कंप मच गया और फर्जी हस्पतालों के शटर तक नीचे गिरते नजर आए। इस संबंध में जब हमने सीएचसी प्रभारी से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया वैसे बुढाना सीएचसी में तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग श्रीवास्तवध ने आज किसी भी हस्पताल पर छापामार की कार्यवाही से साफ इंकार करते हुए कहा कि उनके संज्ञान में आज हस्पतालों पर किसी भी तरह की कार्यवाही की बात सामने नहीं आई है। छापा लगा है या नहीं इसे बुढ़ाना सीएचसी के प्रभारी ही बता सकते हैं।

# गंदगी व टूटी चैनर्स से परेशान ग्रामीणों ने की शिकायत

**भोपा।** बाकर नगर गांव मे साफ सफाई की व्यवस्था न होने तथा मार्गो की चौनर्स टूटे होने की शिकायत करते हुए बीडीओ से स्वच्छता अभियान चलाने व टूटी हुई चौनर्स की मरम्मत की मांग की है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव रहकड़ा के मजरे बाकरनगर निवासी बृजमोहन,मोनू,सुमन, राजकुमार, टीटू, सुखपाल, सुदेश कुमार आदि ने बताया की गांव मे साफ सफाई न होने से मार्गो पर गंदगी फैली हुई है। जिससे संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। वहीं नालियों की चौनर्स भी टूटी पड़ी हैं। चौनर्स के टूटे होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी मोरना को शिकायत कर समस्याओं निवारण की मांग की है।

# पेंचर के बाद बेकाबू कार पेड़ से टकराई, कई घायल

**छपार।** हाइवे पर टोल प्लाजा के निकट दिल्ली से हरिद्वार जा रही एक कार में पेंचर हो गया जिसमें अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकरा गई उसमें सवार दो महिला व दो बच्चे सहित पांच लोग घायल हो गये। सभी घायलों को पुलिस ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बुधवार को एक कार दिल्ली से हरिद्वार जा रही थी जब हाइवे पर टोल प्लाजा के निकट एक ढाबे के सामने पहुंची तो उसके टायर में पंचर हो गया जिससे कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई उसमें सवार आकाश ठाकुर उसकी पत्नी प्रिया व पुत्री सोनम निवासी मोहल्ला कृष्णानगर दिल्ली व उनके रिस्तेदार यशोदा पत्नी सोनेंद्र व बच्चा गिन्नी निवासी टीपी नगर मेरठ घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है ओर कार को कब्जे में कर थाने पर खड़ी कर दी है।

# श्याम बाबा की निकाली गई भव्य रथ यात्रा



**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति द्वारा 38 वां श्री श्याम वंदना महोत्सव एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है जिसमें बुधवार आज श्याम बाबा की विशाल शोभायात्रा माता वाला मंदिर (छारिया मंदिर) निकट स्वीट कॉर्नर बिंदल बाजार नई मंडी से प्रारंभ हुई यात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं समाजसेवी भीमसेन कंसल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी,एवं व्यापारी नेता संजय मित्तल ने विधिवत पूजन करके किया अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला,अरविंद बंसल मिर्च वाले,अरुण गर्ग पेपर वाले,अंकित गर्ग चावल वाले ,राजेंद्र गुप्ता,विशाल गर्ग ,संजीव अग्रवाल रहे शोभायात्रा नगर के मुख्यमार्गो से होते हुए टाउन हॉल पर समापन होगी।

यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र स्वर्ण रथ पर बाबा श्याम भव्य फूलों के श्रृंगार में सवार होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हे एवं यात्रा में तीन बैंड ,दो डीजे, आठ झांकी ढोल एवं नासिक ढोल पार्टी नगर वासियों का मन मोह रही है।

सभी नगर वासियों बाबा श्याम का भव्य स्वागत किया नई मंडी में प्रियांशु बंसल ने बाबा का बहुत जोरदार स्वागत करके शोभा यात्रा को और ज्यादा विशेष बना दिया बहुत सारे प्रेमियों ने यात्रा में विभिन्न प्रकार के खाने पीने,प्रसाद के स्टाल लगाए हुए थे प्रेमियों ने की कई स्थान पर आतिशबा. जी भी की नगर की हृदयस्थली शिव चौक पर भी स्वागत का विशेष व्यवस्था था। 12 सितंबर 2025 को रामलीला भवन निकट नई मंडी कोतवाल पर विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा।

भजन संध्या में मुख्य आकर्षण का केंद्र बाबा श्याम का भव्य दरबार होगा श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग,संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल,प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग एवं एकादशी सदस्य उपस्थित रहे।

# सैकड़ों लोगों की सुरक्षा पर मंडरा रहा टंकी संकट

## प्रशासन की लापरवाही से उठे सवाल,किसी बड़े हादसे का बना खतरा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद में वर्षों से खड़ी जर्जर पानी की टंकी अब मौत का पर्याय बनती जा रही है। जल निगम द्वारा नगर में पेयजल आपूर्ति को सुचारू करने के लिए लगाई गई यह टंकी लंबे समय से खराब हालत में है। टंकी का मलबा पहले भी गिर चुका है, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसके बावजूद हर साल मेले छड़ियांन के दौरान टंकी के नीचे ही बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, मुशायरा सहित अन्य आयोजन किए जाते हैं। इस बार भी आयोजन वहीं किया जाएगा, जबकि टंकी की जर्जर अवस्था किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकती है।

स्थानीय लोगों की मानें तो कार्यक्रमों में सैकड़ों की संख्या में दर्शक, दूर-दराज से बुलाए जाने वाले अतिथि, कवि और शायर शामिल होते हैं। ऐसे में यदि टंकी गिरती है तो कई लोगों की जान को खतरा हो सकता है। प्रशासन ने टंकी पर सांकेतिक चेतावनी तो लिख दी है, लेकिन सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि चेतावनी के बावजूद कार्यक्रमों की अनुमति क्यों दी जा रही है? नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते टंकी की मरम्मत नहीं कराई गई या कार्यक्रम अन्य सुरक्षित स्थान पर नहीं कराए गए तो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

> टंकी की जर्जर हालत को देखते हुए टेक्निकल रिपोर्ट के लिए पत्रावली रुड़की भेजी गई है,, रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है,, वैसे टँकी के गिरने की कोई संभावना नही है, फिर भी सुरक्षा को देखते हुय इंतजाम किए गए है।
>
> **राजीव कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खतौली**

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासन को बिना जोखिम उठाए वैकल्पिक स्थल का चयन करना चाहिए। वहीं मेले के आयोजकों का कहना है कि परंपरा के चलते कार्यक्रम टंकी के नीचे ही होते हैं, लेकिन अब सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि या तो टंकी की स्थिति दुरुस्त कराई जाए या फिर मेले के आयोजन स्थल को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। यदि समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई तो यह टंकी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# गिरे कच्चे मकानों पर मॉनिटरिंग कमेटी ने पटवारियों को लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भारी बारिश के चलते क्षेत्र में कच्चे मकानों के गिरने की घटनाओं की लगातार मिल रही सूचनाओं पर संज्ञान लेते हुए डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की सदस्य आरुषि सुधा ने स्वयं मौके पर पहुँचकर स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर पटवारी और सचिव को साथ लेकर जाँच कराई और कार्य में लापरवाही बरतने पर उन्हें कड़ी फटकार लगाई।

आरुषि सुधा ने कहा कि कई दिनों से प्रभावित परिवारों की जानकारी फोन पर प्राप्त हो रही थी, लेकिन जब संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो उन्होंने मौके पर जाकर हालात देखे। जाँच में पाया गया कि कई कच्चे मकान बारिश के कारण गिर चुके हैं, जिससे परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। निरीक्षण में तहसील स्तर के सदस्य सोनू मेहरोल, सचिन चड्ढा और सुनील कुमार ने भी सहयोग दिया। साथ ही तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से जाँच के आदेश दिए और अधिकारियों को शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मॉनिटरिंग कमेटी सदस्य ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के लिए निर्देशित किया। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की है।

# बैंक के साथ फ्राड करने वाले 3 आरोपी अरेस्ट

**बुढ़ाना।** पुलिस ने बैंक फाड करने वाले 3 वांछित लोगों को अरेस्ट कर जेल भेजा है। बीते 14 जून को कोतवाली बुढ़ाना में भारत फाइनैंस इंकुलजन लिमिटेड की बुढ़ाना ब्रांच मैनेजर सतेन्द्र पुत्र ओमबीर निवासी गांव जंधेडी ननौता सहारनपुर ने बैंक के लोनधारकों से बैंक मे लोन जमा करने के नाम पर बैंक में 8 लाख 65 हजार 354 रुपये जमा नही करने पर बैंक कर्मचारी यश पुत्र तरुण मलिक ग्राम किशनपुर बिराल बागपत, निखिल पुत्र शिव निवासी ग्राम तिस्सा भोपा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी जांच दारोगा आशीष चौधरी ने की। जांच में वादी सतेन्द्र द्वारा नामजद लोगों संग उक्त मामले मे शामिल मिला तो इन्हें पकड़ने को पुलिस ने भागदौड़ की। आज कथित पीडित सतेन्द्र, यश मलिक व निखिल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने बताया हम उक्त ब्रांच में काम करते थे। जिसमे लोगों को सूक्ष्म व्यवसाय हेतु ;ण देते थे। लोगों द्वारा किश्तों या एकमुश्त भुगतान किया जाता था। हम ;णधारकों से एकमुश्त भुगतान व किश्तो के पैसे लेकर बैंक में जमा नही करते थे। अपने शौक पूरे करते थे। कोतवाल सुभाष अत्री ने टीम संग तीनो को गिरफ्तार किया है।

# मीरापुर में 21 सितंबर से रामलीला महोत्सव

**मीरापुर।** श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक गोयल ने बताया कि मीरापुर में इस वर्ष श्री रामलीला समिति का वार्षिक महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम 21 सितंबर से 3 अक्टूबर तक रामलीला भवन में प्रोजेक्टर के माध्यम से मंचित होंगे। इस दौरान भक्तों और दर्शकों के लिए धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का विशेष आकर्षण 23 सितंबर को निकलने वाली विशाल राम बारात होगी, जो कस्बे के मुख्य मार्ग से होकर गुजरेगी और नगरवासियों को भगवान राम के जीवन और आदर्शों का संदेश देगी। वहीं, 2 अक्टूबर को रावण दहन का आयोजन होगा, जो पारंपरिक उत्साह और भव्यता के साथ घुमा रोड, जामनवाली स्थित रामलीला समिति के मैदान में संपन्न किया जाएगा। समिति का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य धर्म, संस्कृति और समाज में एकता का संदेश देना है। कार्यक्रम में कस्बे व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

# समावेशी शिक्षा व रीमिडियल शिक्षण के विषय में हुई चर्चा

**बुढ़ाना।** बुधवार को ब्लाक की बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण हुआ। जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद और क्षमा जांगिड़ ने कक्षा एक व तीन के बच्चों में मौखिक तर्कशीलता विकसित करना बताया। ब्लेडिंग व ग्रिड के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शब्द पठन को विस्तृत रूप में समझाया। सब प्रतिभागियों के 2 समूह बनाकर केस स्टडी पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के समूह बनाकर उनमें प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विजेता टीम के लिए तालियां बजी। समावेशी शिक्षा व रीमिडियल शिक्षण के विषय में उषा एसआरजी मुजफ्फरनगर ने आकर विस्तृत चर्चा की व सबसे प्रश्न उत्तर के माध्यम से दो दिवस में हुए प्रशिक्षण के विषय में जानकारी ली। यहां धर्मेंद्र, राजीव, विवेक, इमरान, नरेंद्र, ताज, तैयब अली, सुषमा, अरविंद, भावना, वरुण, वेदपाल, साजिद, सूर्य, अवनीश, अजीत, रोजुद्दीन, सचिन, अरुण व रमेश थे।

# जूआ न खेलने की रोहाना मिल में दिलाई गई शपथ

**मुजफ्फरनगर।** भारत सरकार द्वारा देश के परिवारों और उनके कल्याण पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए कई आनॅलाईन जुआ गतिविधियों पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। इसी क्रम में आज इण्डियन पोटाश लिमिटेड की शुगर इकाई रोहाना कलां में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस सामाजिक बुराई (जुआ) में संलिप्त लोगों को इस लत से दूर करने के लिये इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के नेतृत्व में आर0के0 तिवारी, वरिष्ठ प्रबन्धक ने शपथ दिलाई गयी। उक्त आयोजन मे रामबीर लल्लर विभागाध्यक्ष(यांत्रिकी), अरविन्द कुमार वरिष्ठ

प्रबन्धक(गन्ना), पंकज बालियान विभागाध्यक्ष(उत्पादन), तरूण कुमार गौड प्रबन्धक (लेखा) एवं अन्य समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चों के लिए समय निकालना जरूरी

**राशिद अली**

**मंसूरपुर।** बदलते समय में बच्चों की परवरिश और उनके भविष्य को लेकर सबसे बड़ी जिम्मेदारी माता-पिता पर होती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अभिभावक अपने कामकाज, व्यापार और अन्य व्यस्तताओं में इस कदर उलझ जाते हैं कि बच्चों की ओर ध्यान कम दे पाते हैं। नतीजा यह होता है कि बच्चे अकेलेपन का शिकार हो जाते हैं और कई बार गलत संगत या गलत रास्ते पर भी भटक जाते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि माता-पिता का बच्चों के साथ समय बिताना और उनकी समस्याओं को समझना बेहद जरूरी है। बच्चे सबसे पहले अपने माता-पिता से ही सीखते हैं। यदि माता-पिता बच्चों को प्यार, अनुशासन और सही मार्गदर्शन देंगे तो बच्चे भी जीवन में सफल होंगे और समाज में एक बेहतर नागरिक बनकर सामने आएंगे। लेकिन यदि बच्चों को उपेक्षित महसूस होता है तो वे घर से दूर होते जाते हैं और कई बार मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं।

आजकल मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बच्चों की जिंदगी पर बड़ा असर डाला है। यदि पेरेंट्स इस पर ध्यान नहीं देंगे तो बच्चे गलत आदतों में फंस सकते हैं। यही कारण है कि अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके दोस्त, उनकी रुचियां और उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों पर भी नजर रखें।मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चों के साथ दोस्ताना रिश्ता बनाना सबसे बेहतर तरीका है। जब बच्चा अपने मन की बात खुलकर माता-पिता से कह सकेगा तभी उसकी परेशानियां दूर होंगी। कई बार बच्चे गलत संगत में पड़कर पढ़ाई से दूर हो जाते हैं या तनाव में आत्मघाती कदम भी उठा लेते हैं। ऐसे मामलों से बचने का एकमात्र उपाय यही है कि पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं।समाज के शिक्षाविदों का कहना है कि केवल स्कूल पर ही बच्चों की जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती। घर पर वातावरण कैसा है, इसका सीधा असर बच्चों पर पड़ता है। यदि घर का माहौल सकारात्मक होगा तो बच्चे भी संस्कारी और सफल होंगे।अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज न करें। उनके सपनों और इच्छाओं को समझें, उन्हें प्रोत्साहन दें और जीवन की चुनौतियों से लड़ने के लिए मजबूत बनाएं। तभी आने वाली पीढ़ी मजबूत और जिम्मेदार बन सकेगी। निष्कर्ष यह है कि माता-पिता का बच्चों के साथ जुड़ाव ही उनका भविष्य तय करता है। यदि पेरेंट्स सचेत होकर अपने बच्चों की ओर ध्यान देंगे तो न केवल परिवार का नाम रोशन होगा, बल्कि समाज भी सुरक्षित और संस्कारी बनेगा।

# छात्र -छात्राओं को मेडिटेशन व नशा मुक्ति का पढ़ाया पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भारत सरकार के स्पन्दन अभियान के अंतर्गत प्रजा. पिता ब्रह्मकुमारी मिशन के तत्वाधान मे नशा मुक्ति व मैडिटेशन का पाठ क्षेत्र के विभिन्न कॉलिज के छात्र छात्राओं को पढ़ाया गया। भोकरहेडी स्थित इंटर कॉलिज मे बुधवार को आयोजित कार्यक्रम मे बीके जयंती दीदी ने कहा की जाने अनजाने आज अनेक चुनौतीयों को इंसान ने स्वयं ही पोषित कर लिया है।नशा एक बड़ी चुनौती के रूप मे बढ़ रहा है। नशा मुक्त समाज के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। मेडिटेशन एक मज़बूत माध्यम है। मेडिटेशन के द्वारा हमें स्वयं को मानसिक व शारीरिक रूप से मज़बूत करना है।मन मे उत्पन्न नकारात्मक विच. ारों को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा को उतपन्न करने का काम मैडिटेशन के द्वारा किया जाता है। प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने कहा की मेडिटेशन के माध्यम से बच्चे अपनी मेमोरी पावर को बढ़ा सकते हैं। मेडिटेशन से मन एकाग्र होता है। नशे जैसी गंभीर लत स्वयं व समाज को दूषित करती है। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सक डॉ. शैलेश कुमार,बीके पूजा बहन,बीके तौसी बहन,बीके विजय भ्राता,कपिल भाई,बालेश्वर, मुकेश,जितेंद्र,रामेश्वरराम, उत्तम मलिक, अमित राणासुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# होमगार्ड ने भोपा में बचाई महिला की जान

**भोपा।** आत्म हत्या के इरादे से नहर मे छलांग लगाने वाली महिला को होमगार्ड ने बाहर निकाल लिया तथा समझा कर परिजनों को सौंप दिया।

भोपा थाना पर तैनात होमगार्ड मुकेश कुमार ने बताया की वह भोपा नहर पुल के पास से गुजर रहा था की बदहवास हालत मे नहर की ओर जा रही एक महिला पर उसकी नजर पड़ी तो वह ठहर गया। महिला अपने साथ एक दो वर्षीय बालक को लिए हुए थी। अचानक महिला ने बच्चे को किनारे पर छोड़कर गंगनहर मे छलांग लगा दी। तभी यह देख होमगार्ड मुकेश ने तत्परता दिखाते हुए नहर मे कूदकर महिला को तुरंत ही पानी से बाहर खींच लिया। तथा समझा बुझा कर परिजनों को सूचना दी। महिला ने बताया की गृह क्लेश के चलते वह आत्म हत्या कर रही थी।लोक लाज के चलते महिला ने पहचान उजागर करने से इंकार कर दिया।

# बाढ़ पीड़ितों को जमीयत ने पंजाब भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज जमीअत उलेमा ए हिन्द शाखा बुढ़ाना और सामाजिक कार्यकर्ताओं की तरफ़ से पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए ज़रूरी सामान रवाना किया गया। जिसमें 21 तरह की आवश्यक वस्तुओं का उचित प्रबंध किया गया।

इस मौके पर अफ़ज़ाल, मुक्की राणा, नासिर कुरैशी, वसीम कुरैशी, जावेद मेम्बर, हाजी अख़्तर कुरैशी, शहबाज़ कुरैशी, फ़रदीन ख़ान, भोरा रहमानी व अबरार अहमद और अन्य साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जमीअत उलेमा ए हिन्द शाखा बुढ़ाना की और से बुजुर्ग आलिम ए दीन मौलाना इस्राईल, शहर सदर मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी, जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ अय्यूब त्यागी, मौलाना फ़ारूक़, हाफ़िज़ सज्जाद, मौलाना बिलाल, शाहज़ाद, असगर, नवाब इम्तियाज़, और इनाम मेहर आदि के नाम क़ाबिल ए ज़िक्र हैं। इस मौके पर शहर सदर मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि जब मुल्क के किसी हिस्से पर कोई अल्लाह का इम्तिहान आ जाए जो इंसानी सहनशक्ति से बाहर हो तो दूसरे लोगों की ज़िम्मेदारी बनती है कि वे उनकी मदद करें।

कहा कि हमारे नबी ने फ़रमाया है कि सारी मख़लूक़ अल्लाह का परिवार है और अल्लाह को अपनी सारी मख़लूक़ से बहुत मोहब्बत है। जो इंसान दूसरों के काम आता है वह शख़्स भी अल्लाह को बहुत पसंद है। अफ़ज़ाल ने कहा कि जब से हमें मालूम हुआ हमारे दिल बहुत दुखी थे।

हमने अल्लाह से दुआ की और जितना हो सका हमने किया। मुक्की राणा और वसीम कुरैशी ने बहुत अच्छे तरीक़े से करीब 02 लाख रुपये का हिसाब सबके सामने पेश किया और बाद नमाजे ईशा मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी की दुआ के बाद गाड़ी रवाना की गई।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे दो मूल बैनामे पहला दिनांक 16.09.2013 बही नं. 1 जिल्द 8059 पृष्ठ 277 से 296 क्र. 12169 व दूसरा दिनांक 16.05.2005 बही नं. 1 जिल्द 4851 पृष्ठ 93 से 106 क्र. 4851 व मेरा मूल मुख्तारनामा दिनांक 11.07.2011 बही नं. 4 जिल्द 89 पृष्ठ 55 से 64 क्र. 146 है, खो गये है। किसी को मिले तो सम्पर्क करे: 9456264095

**अन्जू मित्तल पत्नी देशबन्धु मित्तल म.नं. 11, द्वारिका सिटी, मुजफ्फरनगर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम **नाजिया (NAJIYA)** से बदलकर **नाज़िया (NAZIYA)** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**NAZIYA W/o SHAHNAWAZ**
1010, कुंगर पट्टी, सूजड़ू, मुजफ्फरनगर।(उ0प्र0)-251003

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम **शाहनवाज (SHAHNAWAJ)** से बदलकर **शाहनवाज (SHAHNAWAZ)** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**SHAHNAWAZ S/o MIJAJ AHMAD**
1010, कुंगर पट्टी, सूजड़ू, मुजफ्फरनगर।(उ0प्र0)-251003

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा बेटा मौ.साकिब व उसकी पत्नी श्रीमति हीना मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है इसलिए आज दिनांक 10.09.2025 को मैने व मेरे परिवार ने मेरे पुत्र मौ.साकिब व उसकी पत्नी श्रीमति हीना से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र मौ. साकिब व उसकी पत्नी श्रीमति हीना को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा पुत्र मौ.साकिब व उसकी हीना के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नाजम अली पुत्र इसमाईल निवासी म.न.1469, ग्राम गढी सरवट, थाना नई मंडी, जिला-मुजफ्फरनगर**

### NAME CHANGE

I, **SYED AFTAB HAIDER KAZMI** S/O **ANSAR HAIDER** R/o H.NO. 121 JAULI MUZAFFARNAGAR PIN 251308 HAVE CHANGED MY NAME FROM **SYED AFTAB HAIDER KAZMI** TO **AFTAB HAIDER KAZMI** HENCEFORTH I WOULD BE KNOWN BY THE NAME OF **AFTAB HAIDER KAZMI** FOR ALL FUTURE PURPOSES.

### NAME CHANGE

I, **SYED ANSAR HAIDER** S/o **KALBE HAIDER** R/o VILLAGE JAULI MUZAFFARNAGAR PIN 251308 HAVE CHANGED MY NAME FROM **SYED ANSAR HAIDER** TO **ANSAR HAIDER** HENCEFORTH I WOULD BE KNOWN BY THE NAME OF **ANSAR HAIDER** FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

### सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **16.09.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **26.09.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **मुजफ्फरनगर-रेलवे स्टेशन रोड जीएल - कमल कॉम्प्लेक्स 1 बी, रेलवे स्टेशन के सामने, मुज़फ्फरनगर 251001**

**शाखा का नाम: मुजफ्फरनगर- रेलवे स्टेशन रोड जीएल, तालुका - मुजफ्फरनगर.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25619252, GL30876260, GL30897095, GL32163473, GL32167320, GL33038727, GL33051186, GL33756929, GL33925962, GL33981822, GL33990259, GL34339018, GL34377277, GL34476140, GL34476597, GL34478113, GL34478383.

**शाखा का नाम: शामली-विश्वकर्मा नगर जीएल, तालुका - शामली.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL30838391, GL30851992, GL32732428, GL32740202, GL33436095, GL33440250, GL33457229, GL33458231, GL33660997, GL33702463, GL34039117, GL34043720, GL34367493, GL34367505, GL34382995, GL34395494, GL34402191, GL34413551, GL34435937, GL34436372, GL34458607, GL34467499, GL34469317, GL34471093, GL34474926, GL34476920, GL34479080, GL34479561, GL34480020, GL34481197, GL34491193, GL34504075, GL34513402, GL34513451, GL34521467, GL34526192, GL34526260, GL34526279, GL35509642, GL35927934, GL35932101, GL36824538, GL37379494, GL37565940, GL38092761, GL38702633, GL38908479, GL38935277, GL38963836.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **11.09.2025**
स्थान: मुजफ्फरनगर

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्राक:- 788/न0पं0बु0/2024-25 | दिनांक. 09.09.2025

## 'ई-टेंडरिंग /ई-निविदा आमंत्रित सूचना'

एतद्वारा सभी फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु दिनांक 11/09/2025 समय दोपहर 12:00 बजे से दिनाक 03/10/2025 समय दोपहर 02:00 बजे तक ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर नगर पंचायत बुढाना द्वारा ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 03/10/2025 को दोपहर 03:00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा मूल्य आर.टी. जी.एस./एन.ई.एफ.टी. ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा की जायेगी तथा जमा रसीद व निविदा के साथ निर्धारित 10% धरोहर राशि EPV, FDR, NSE/Tragary Challan के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बुढाना के नाम बन्धक हो को वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यदि ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन होता है तो सूचना समय से वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जायेगी। ई-निविदादाताओ की ई-निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| E-Tender Refrence | 788 /न0पं0बु0/2025-26 |
| Publish Date and Time for Ref. | 11-09-2025 at 12:00PM |
| Last Date and Time for submission of E-Bids | 03-10-2025 upto 02:00PM |
| E-tender Opening Date | 03-10-2025 at 03:00PM |
| Place of Opening of E-Bid | Office Nagar Panchayat Budhana, Distt. Muzaffarnagar |
| E-Tender Document Processing | टेण्डर मूल्य के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देखें As Per List. |
| E-Tender निविदा शुल्क/टेंडर मूल्य | खाता संख्या-1173685933 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुढ़ाना IFSC CODE-SBIN0007434 |
| E-Tender धरोहर राशि | के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देखे As Per List. |

नोट: नियम व शर्तों को वेबसाईट https://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(अलोक रंजन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बुढ़ाना

(उमा त्यागी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बुढ़ाना

# चोरों ने डेढ़ दर्जन टयूबवैलों को बनाया निशाना

## चोरियों पर अंकुश लगाने में चौकी प्रभारी फेल

बुढ़ाना। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में 18 किसानों की करीब 18 टड्ूबवैलों कोष् अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान कर दिया। चोरों के इस दुस्साहस से किसान जहां हैरत में हैं तो वहीं पुलिस भी पूर्व की तरह अपनी डायरी में किसानों का नाम लिखकर खानापूर्ति करके चली आई। जिसको लेकर किसानों में पुलिस की इस कार्यशैली के प्रति भारी रोष है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव इटावा में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर केशव होटल के बराबर में गांव नगवा की और गये रास्ते पर गांव इटावा निवासीगण किसान पूर्व प्रधान हरेंद्र राठी पुत्र लाल सिंह, प्रमोद पुत्र महेंद्र फौजी, विकास पुत्र देवेंद्र, यशवीर पुत्र महाराज सिंह, राजीव पुत्र रामपाल, ;षिपाल पुत्र फैरु सिंह, किरणपाल पुत्र जय सिंह, कंवरपाल पुत्र भंवर सिंह, मोहन पुत्र अतल सिंह और मास्टर शिवकुमार के अलावा गांव कुरथल निवासीगण किसान धर्मेंद्र पुत्र रामपाल ठाकुर, धर्मवीर पुत्र विष्णु, चमन जाटू, जनक सिंह, लिच्छी पुत्र विजय सिंह और हवलदार के परिवार के एक सदस्य की टयूबवैलों से लगभग लाखों रुपये की कीमत के विद्युत केबिल, कटाऊट और स्टार्टर के अलावा कृषि संबंधी दो खाद के कटे व अन्य सामान ताले तोड़कर और नकब लगाकर चोरी कर लिया। इनके अलावा गांव इटावा के मास्टर महक सिंह पुत्र सुमेर और सत्यवीर पुत्र इलम सिंह की टड्ूबवेलों पर भी नकब लगाई गयी लेकिन किसी की आहट के चलते चोर इन दोनों टड्ूबवैलों पर चोरी नहीं कर सके। इन सभी घटनाओं का पता किसानों को आज बुधवार की अल सुबह उस समय लगा जब वे रोजाना की भांति आज अपने अपने खेतों पर आए। एक ही रात में लगभग डेढ़ दर्जनष् टयूबवेलों से चोरी होने की घटना को देखते हुए अन्य किसानों में भी भय बना हुआ है। घटना की सूचना बायवाला चौकी पर तैनात पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने पूर्व दिनों की भांति घटनास्थल का मुआयना कर अपनी डायरी में पीड़ित किसानों के नाम लिखे और वापस लौट गयी। किसानों ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री से रात्रि मे गश्त किए जाने की मांग की है ताकि फिर से इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके। उधर चोरी की इस घटना से सभी पीडित किसानों की सभी टयूबवैलें बंद हो गयी हैं।

### बीते 8 माह में 102 टयूबवैलों में हुई चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने इस साल के लगते ही अब तक यानि कि इन बीते लगभग 08 महीनों में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों के कई जंगलों में स्थित 102 टड्ूबवेलों पर नकब लगाकर या ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा कई लाख रुपये की संपत्ति का नुक्सान कर दिया गया। इन घटनाओं पर इसलिए अंकुश नही लग पा रहा है क्योंकि पुलिस अधिकांश ये मामले दर्ज ही नहीं करती। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो जाते हैं और असली चोरों का भी जेल ना जाना चोरी की इनष् घटनाओं को बढ़ा रहा है। इसी साल बीती 09 जनवरी को गांव सठेडी में 06 टड्ूबवेलों, बीती 16 जनवरी को नसीरपुर गांव में 02 टयूबवैलें, बीती 02 अप्रैल को फिर गांव नसीरपुर में 08 टड्ूबवेलों, बीती 25 अप्रैल को फिर गांव सठेडी में 13 टड्ूबवैलों, बीती 30 मई को कुल 04 दिनों में गांव राजपुर, छाजपुर, बिराल, हरियाखेड़ा व दुर्गनपुर में 50 टड्ूबवेलों और बीती 25 जुलाई को बिटावदा गांव में 05 टड्ूबवेलों पर चोरी की घटनाएं हुई और आज डेढ़ दर्जन के आसपास गांव नगवा के जंगल में टड्ूबवेलों पर चोरी हुई। जिसमें बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह सा लग गया है। 08 माह मे इन 102 टड्ूबवेलों में हुई चोरी की कितनी घटनाएं दर्ज हुई ये भी एक सवाल है।

# हरि शरणागत होने वाले का भार भगवान उठाते हैं :राजेंद्र देवाचार्य

**मोरना।** महाभारत कालीन धर्मनगरी शुक तीर्थ के हनुमान धाम में तृतीय दिन में रेवासा वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र देवाचार्य महाराज ने कहा जो रमण करें उसे थमा कहते हैं, भक्ति जब चरम पर होगी तभी राधारानी जेसी पुजारिन श्री कृष्ण में रमा जाती है। इमानदार प्रशासक मिलना बहुत कठिन है। अकबर को इतिहासकारों ने महान कह दिया। चालीस हजार क्षत्राणियों ने मजबूरी वश जोहर किया। फिर वो केसे महान हो गया। सारा संसार अंधकार में पड़ा है, जिसमें पाप का आवरण न हो वह अकबर है। जो प्रेमी भाव रखें वह राधारानी होगी। चिन्ता में घबराहट व्याकुल होना स्वाभाविक है,सभी मानव जीवन में ऐसी परिस्थिति आती है। जो चिंताग्रस्त हो तो वह हरि शरणागत हो जाए। उसका भार भगवान स्वयं उठाएंगे। हम जिसकी शरण में है,वह हमारी चिन्ता करेंगा। हम क्यों वह करें। जो जीव निरन्तर भगवत शरणागत भावष् में रहता है,उस पर विपत्ति नहीं आतीं। समस्या नहीं तो समाधान ही समाधान है। प्रतिकूल प्रारब्ध भी अनुकूल हो जाएगा अगर आप हरशरणम हो जाए। आशंका के कारण ब्रजवासी हरिशरणागत हो गये। जो हरि के शरण में है उस पर महाकाल का प्रभाव नहीं रहता। कथा आयोजन में स्वामी आनंद स्वरुपानंद महाराज, स्वामी विज्ञानानंद महाराज, कंवर सेन गोयल, राजीव गुप्ता, जितेंद्र, आदि व्यवस्था बनाने में लगे रहे। दिल्ली हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड बम्बई, आदि से आए सैकड़ो श्रद्धालु कथा सुन धर्म लाभ कमा रहै है।

# लेफ्टिनेंट बने अभिषेक सहरावत का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**मोरना।** किसान व सैनिक परिवार के अभिषेक सहरावत के लेफ्टिनेंट बनने पर खुशी की लहर दौड़ गयी।कस्बे मे आगमन पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अभिषेक सहरावत को फूल पहनाकर ढ़ोल नगाडो के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक निवासी कैप्टन अनिल सहरावत के पुत्रअभिषेक सहरावत के लेफ्टिनेंट बनने पर कस्बा वासियों ने भारी प्रसन्नता प्रकट की है। बुधवार को कस्बे मे आगमन पर बस स्टेण्ड से स्वागत यात्र निकाली गयी जिसमें कस्बावासियो ने पुष्प वर्षा कर तथा माला पहनाकर फौजी युवक का स्वागत किया।पिता अनिल सहरावत ने बताया की अभिषेक की प्राथमिक शिक्षा मोहल्ले के ही स्कूल के शिक्षक रवि कुमार द्वारा प्रदान की गयी है।



अभिषेक के पिता अनिल सहरावत के अलावा दादा राजवीर सिंह भी सेना से सेवानिवृत हैं। परिवार मे माता सुनीता, बहन यशस्वी, दादी सतवीरी भी बेहद प्रसन्न हैं। बीते छ:सितंबर को बिहार के गया स्थित केन्द्र पर प्रशिक्षण उपरांत अभिषेक सहरावत की तैनाती लेह मे हुई है। वहीं मोहल्ले के ही प्रसिद्ध बॉक्सर खिलाडी सूर्यवीर सहरावत व हर्ष सहरावत का सम्मान भी किया गया। स्वागत कार्यक्रम मे माधवानन्द महाराज, बाबा ओमबीर सिंह, मदनपाल सिंह, राजेश सहरावत, अजय कुमार ामपाल सिंह, आनन्द कुमार, वरुण कुमार, सतीश सहरावत,मनोज मांडी, प्रदीप कुमार, ललित कुमार, अंकुर सभासद,मांगेराम फौजी,पुष्पेन्द्र फौजी, देवेन्द्र बाबा,जयवीर सिंह, काजी नौशाद, शादाब, रामबीर सिंह, ओमकार सिंह, बृजवीर डायरेक्टर, यशवीर डायरेक्टर, वेदवीर सिंह, राजीव राठी, कुंवर भारती,मा.बीरसिंह आदि मौजूद रहे।

# चेतावनी के बावजूद मेले में घूम रहे ई-रिक्शा, प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में आयोजित मेले में प्रशासन द्वारा लगातार ई-रिक्शा चालकों को मेले में प्रवेश न करने की चेतावनी दी जा रही है, बावजूद इसके कई ई-रिक्शा चालक आदेशों की अनदेखी कर मेले में घूमते नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा कई बार चेतावनी देकर समझाइश दी गई कि मेले के भीतर ई-रिक्शा चलाने से आमजन को परेशानी होगी, फिर भी रिक्शा चालक लापरवाही बरत रहे हैं। मेले में ई-रिक्शा की वजह से जाम की समस्या बढ़ गई है। मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे मेले में आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और




महिलाओं को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए रिक्शा चालकों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बावजूद इसके आदेशों की अवहेलना होने से प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालु और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत के आरोप में जेई व टीजी दोनों कर्मचारी को पुलिस ने भेजा जेल

**चरथावल।** थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली में रंजिशन संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत के आरोप में पुलिस ने रोहाना तिराहे से एक किलोमीटर दूर दधेडू रोड़ से जेई व टीजी-2को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए जेई व टीजी 2 कर्मचारी को जेल भेज दिया है इस मामले में मृतक के भाई ने जेई व टीजी-2 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव दूधली निवासी सोहनवीर ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया था कि उसका भाई जितेंद्र दूधली बिजलीघर पर संविदाकर्मी लाइनमैन था।बिजलीघर पर तैनात जेई राजकुमार शराब पीने का आदी था। जिसे मृतक जितेंद्र ने कई बार बिजलीघर पर शराब पीने से मना किया था।आरोप है कि सात सितंबर को भी मृतक ने बिजलीघर पर शराब पीने से मना किया था जिस पर जेई ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। जिसका गांव के लोगो ने बीच बचाव किया था। आठ सितंबर की सुबह विद्युत उपभोक्ता सुबोध पुत्र जगदीश की शिकायत पर शट डाउन लेकर बिजलीघर के निकट खम्भे पर चढ़कर टूटा तार जोड़ रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते जेई राजकुमार ने अपने सहकर्मी टीजी-छ्व अरुण कुमार से जानबूझकर लाइन में करंट छुड़वा दिया था। जिससे करंट लगने से लाइनमैन की मौत हो गयी थी।चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सो. हनवीर ने जेई राजकुमार व टीजी-2 अरुण कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था बुधवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयकिशोर व हेड कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह ने दोनों आरोपितों जेई व टीजी 2 कर्मचारी को रोहाना तिराहे से एक किलोमीटर दूर दधेडू की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

**चरथावल।** कस्बे के रोहाना रोड पर गोल्ड डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने फीता काटकर किया सेंटर के ऑनर डॉक्टर साजिद और डॉक्टर आदिल ने कहा हमारा पूरा प्रयास रहेगा किसी भी मरीज़ को कोई असुविधा ना हो। हमारे सेंटर पर सर्टिफाइड रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जायेगा।

# सील तोड़कर अवैध रुप से चला रहा था नशा मुक्ति केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सील तोडकर अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाने वाले उसके संचालक के विरुद्ध बुढाना सीएचसी प्रभारी की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र में नशाखोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जहां बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री ने कुछ स्मेकिए पकड़कर जेल भेजे थे वहीं पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव तेवतिया की तहरीर पर एक ऐसे नशा मुक्ति केंद्र के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है जिसको स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुछ शिकायत मिलने पर सीज कर दिया था। बताया जाता है कि पुलिस, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने इस नशा मुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान इस केन्द्रों पर भारी अनियमितताएं पाई गई थी तो इस केंद्र को तत्काल प्रभाव से बंद करते हुए सील कर दिया गया था। यह कार्यवाही टीम ने बीती 30 अगस्त को की थी। यह केंद्र बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर एनजीओ अनमोल फाउंडेशन के द्वारा संचा. लित था। तब इस केंद्र पर छापा मारा गया था तो निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए गयी थी। अब बुढाना सीएचसी प्रभारी को खबर मिली थी कि इस सीज हुए केंद्र की अवैध रुप से सील तोड़कर संच. ालक द्वारा फिर से चालू कर लिया गया है। अब बुढाना पुलिस ने उक्त संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को लेकर युवक फरार

**छपार।** एक युवक नाबालिग किशोरी को बहका फुसलाकर भगा ले गया इससे पूर्व भी एक बार भगाकर ले गया था। जिसमें वह जेल भी जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक निवासी युवक रिश्ते में चचेरे भाई की नाबालिग किशोरी को मंगलवार को दोपहर के समय बहका फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित पिता का कहना है कि एक माह पूर्व भी उसने स्कूल जाते समय उसके पकड़कर चार घंटे ईंख के खेत में बैठाते रखा ओर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया था उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत एक गरिमामयी और भव्य इंडक्शन प्रोग्राम के साथ की गई।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करना, उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक गति. विधियों से अवगत कराना तथा उनके करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करना था। इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे सभागार में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य, सभी विभागों के संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ विद्यार्थी और नवप्रवेशित छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न सत्र रहे, जिनमें करियर काउंसलिंग, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, नेतृत्व कौशल और संचार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। उद्योग जगत और शैक्षणिक क्षेत्र के अतिथि वक्ताओं ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी।विशेष सत्र में बताया गया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पुस्तक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।नए विद्यार्थियों को कॉलेज की प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, डिजिटल लर्निंग सेंटर, खेल मैदान और अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण कराया गया।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज( फार्मेसी) की प्रधानाचार्य आकांशा निर्वाचन छात्र-छात्राओं से संवाद किया और कहा,सबसे पहले, मैंश्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज( फार्मेसी)परिवार की ओर से सभी नए विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करती हूँ। आप सभी ने एक नए सफर की शुरुआत की है, जो न केवल आपकी शैक्षणिक प्रगति बल्कि आपके व्यक्तित्व और करियर निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।हमारा संस्थान हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह इंडक्शन प्रोग्राम इस बात का प्रतीक है कि हम अपने प्रत्येक विद्यार्थी को सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।




प्रिय विद्यार्थियों, आने वाले वर्षों में आप न केवल फार्मेसी के मूल सिद्धांतों को सीखेंगे, बल्कि आफ टीमवर्क, नेतृत्व, संचार कौशल और समय प्रबंधन जैसी जीवनोपयोगी क्षमताओं को भी विकसित करेंगे। हमारी संकाय टीम, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और शोध केंद्र आपके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित मालिक , सगर कुमार , अमन कुमार , विजय कुमार ,अमजद खान , सौरभ ,अमन सिंह, वैभव, आर्यन शर्मा ।

### वेदांता पब्लिक में किया गया महापुरुषों को नमन

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल में पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती बड़े ही और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। साथ ही वीर अब्दुल हमीद जी के बलिदान दिवस के अवसर पर चारों सदन( गांधी, कलाम ,सुभाष, टैगोर ) के विद्यार्थियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंत जैसे महापुरुष हमे सिखाते हैं कि सच्ची पूजा न मंदिर में न मस्जिद में बल्कि सच्ची पूजा देश की और जनता की सेवा में है। उन्होंने जानकारी दी कि उनकी राष्ट्र सेवा की भावना के कारण ही उन्हें उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी पंत के विषय में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि पंत जी ने ही हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया। उन्होंने कहा प्रिय बच्चों पंत जी का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सत्ता पाने में ही नहीं है बल्कि जनता की सेवा और राष्ट्र को सर्वोपरि बनाने में है। विद्यालय की को ऑर्डिनेट सुनीता सैनी, गुंजन तोमर, प्रीति शर्मा, कीर्ति रानी ने भी बच्चों को पंत जी और अब्दुल हमीद जी के विषय में जानकारी दी । मंच का संचालन निकिता चहल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।



# सात्विक मलिक ने राष्ट्रीय किक- बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

**मुजफ्फरनगर।** आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के 6 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हाल ही में तमिलनाडु राज्य के चेन्नई शहर में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025- 26 में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ-साथ राज्य एवं अपने जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कक्षा चार के सात्विक मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने निकट प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस सफलता के पीछे उनके कोच मिस पिंकी की मेहनत और सही प्रशिक्षण पद्धति रही। इस स्वर्णिम जीत पर छात्र के अभिभावकों की भूमिका भी सराहनीय रही। स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सात्विक मलिक को जिला



मजिस्ट्रेट महोदय जी ने भी प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय स्तर पर अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सात्विक मलिक का चयन एशियन गेम्स चीन के लिए हुआ जो दिसंबर 2025 में आयोजित होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित नीरज बालियान, संदीप मलिक, अजय पंवार, एव दुष्यंत त्यागी ने सभी 6 राष्ट्रीय स्तर पर खलने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया। संस्था के प्रबंधक सुघोष आर्य ने सात्विक मलिक को प्रोत्साहन राशि का चेक देते हुए शुभकामनाये दी एवंम प्रधानाचार्या सोनिका आर्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रमुख ने की वाटर कूलर, लाईटें, जल निकासी की घोषणा

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना के पूर्व प्रमुख व राष्ट्रीय लोकदल के कद्दावर नेता विनोद मलिक ने विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद में अपने सम्मान में उमड़ी भीड़ को देखकर खुश होते हुए घोषणा की कि वे इस गांव के विकास के लिए जल्दी ही बड़ा वाटर कूलर लगवाएंगे। इसके अलावा गांव के हर चौराहे पर लाइटों के साथ साथ गांव में स्थित तालाब की निकासी की समस्या का समाधान भी करेंगे ताकि गांव में किसी भी गली या मौहल्ले में जलभराव ना हो। उन्होंने कहा कि वे इस गांव में पहले भी काफी विकास



कार्य करवाए चुके हैं। वे यहां के ग्रामीणों के लिए हर समय तैयार हैं। उनके किसी भी समर्थक का या किसी भी ग्रामीण का कोई काम नही हो रहा है तो उनको बताएं। उन्होंने कहा कि वे चुनाव लडेंगे और वे चाहते हैं कि जब में आप लोगों के लिए हर समय तैयार रहता हूं तो वे भी इसके बदले में मुझे आगामी समय में होने वाले चुनाव में अपना एक एक वोट देकर फिर से मुझे जन प्रति. निधि बनाने का काम करें और फिर से विकास कार्यो को करवाने का काम करें। जिस पर ग्रामीणों ने जोशीले अंदाज में प्रमुख विनोद मलिक, रालोद और जयंत चौधरी जिंदाबाद, चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजीत सिंह अमर रहे के नारे लगाए। ढोल बजाकर और फूल मालाएं गले में डालकर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का जोरदार स्वागत हुआ। यहां डॉक्टर संजय, जयदीप प्रधान, विकास डबल, देवेन्द्र और प्रदीप प्रधान आदि लोग मौजूद थे।

# आत्महत्या रोकने के लिए सकारात्मक सोच जागृत करें

**मुजफ्फरनगर।** मेरा वजूद फाउंडेशन के तत्वाधान में चौधरी छोटू राम महाविद्यालय मुजफ्फरनगर में वर्ल्ड सुसाइड प्रीवेंशन डे पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर ममता अग्रवाल मनोविज्ञान परामर्शदाता एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर केपी सिंह, मेरा वजूद फाउंडेशन के चेयरमैन प्रवेन्द्र दहिया,वॉइस चेयरमैन डॉक्टर रणवीर सिंह, बोर्ड मेंबर संजीव अग्रवाल,प्रोफेसर अरुण कुमार एवं डॉक्टर गिरिराज सिंह उपस्थित रहे।

और कहा कि आत्महत्या जैसे विचार सही नहीं है तथा आत्म हत्या समस्याओं का समाधान नहीं है। छात्र जीवन में सकारात्मक विचारों को प्राथमिकता दे क्योकि ये सफलता के लिए आवश्यक है। विपरीत समय में नकारात्मक लोगों से दूर रहे और आशावादी ख्र्ष्टिकोण के साथ चुनौतियों का सामना करे। प्रवेन्द्र दहिया ने बताया कि हमे बच्चों के साथ रोजाना संवाद रखना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केपी सिंह एवं डॉक्टर अरुण कुमार ने संस्था का आभार व्यक्त किया ।

# हुसैनाबाद भनवाड़ा में गरजे भाकियू तोमर सुप्रीमों

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा में विगत दिवस भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। सभा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों को संबोधित कर उन्हें आगामी 19 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आ]वान किया। सभा में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और अपने अपने मुद्दों को खुलकर सामने रखा। चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि आज किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। किसान चाहे गन्ना उगाने वाला हो, धान बोने वाला हो या फिर गेहूं काटने वाला हो हर वर्ग परेशान है। खेती की लागत दिन प्रतिदिन बढ़ रही है लेकिन फसलों का मूल्य उसी अनुपात में नहीं बढ़ाया जा रहा। बिजली, डीजल, खाद और कीटनाशक महंगे होते जा रहे हैं जिससे किसान घाटे में जा रहा है।

**किसानों की समस्याएं प्रमुख मुद्दा....**

**बुढ़ाना।** सभा के दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं भी रखीं। सबसे बड़ी समस्या गन्ने के भुगतान की बताई गई। किसानों ने कहा कि मिल मालिक महीनों तक भुगतान रोक देते हैं और किसान कर्ज के बोझ में दब जाता है। इसके अलावा बिजली के बढ़ते बिल सिंचाई के साधनों की कमी और खाद की कालाबाजारी जैसे मुद्दों ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि किसान अपनी मेहनत से पूरे देश का पेट भरता है लेकिन उसे ही न्याय नहीं मिलता। सरकारें चुनाव के समय किसानों से वादे करती हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें भूल जाती हैं। यही कारण है कि किसान यूनियन को बार बार सड़क से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक आंदोलन करना पड़ता है।

**लखनऊ महापंचायत का महत्व बताया....**

**बुढ़ाना।** संजीव तोमर ने कहा कि आगामी 19 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत सिर्फ एक सभा नहीं होगी बल्कि किसानों की ताकत दिखाने का अवसर होगी। इसमें पूरे प्रदेश से लाखों की संख्या में किसान पहुँचेंगे और सरकार को अपनी एकजुटता का संद. ेश देंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि जब तक आप अपनी समस्याओं को लेकर एक साथ खड़े नहीं होंगे तब तक सरकारें आपकी आवाज नहीं सुनेंगी। इसलिए इस महापंचायत को सफल बनाना जरूरी है। महापंचायत में गन्ना मूल्य वृद्धि, बकाया भुगतान, किसानों की बिजली समस्या व महंगे डीजल और खेती की लागत घटाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा जाएगा।



**किसान एकता जिंदाबाद भारत माता की जय के लगे नारे**

बुढ़ाना। सभा में मौजूद नेताओं और पदाधिकारियों ने किसानों का उत्साह बढ़ाने के लिए अलग-अलग भाषण दिए। हर भाषण में यही बात सामने आई कि किसानों को अब और चुप नहीं रहना चाहिए। सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रति. निधि पवन त्यागी, हनी, शादाब राणा, बालियान, मोहम्मद साजिद, चंदन त्यागी, मुजुमिद, आमिर और शाहिद शामिल रहे। इन सभी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर का मकसद किसानों की हर छोटी-बड़ी लड़ाई लड़ना है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए गांव-गांव जाकर ऐसी सभाएं कर रहा है

# शूटर देवांश व हैदर ने झटके स्वर्ण-कांस्य पदक

**मुजफ्फरनगर।** जयपुर में आयोजित हुई 48वीं यूपी स्टेट चैंपियनशिप में एचीवर शूटिंग अकादमी के शूटरों ने दर्ज़नों मैडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। जिसमे रेंज अध्यक्ष देवांश दुहान ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में 2 स्वर्ण पदक और कोच मोहम्मद हैदर नेशनल मेडलिस्ट ने 25 मीटर पिस्टल में 2 कांस्य पदक, मोहम्मद उमर ने 1 स्वर्ण और 1 कांस्य, 50 मीटर पिस्टल में असद अंसारी ने एक स्वर्ण और एक रजत, समीर खान स्वर्ण पदक, यामिनी तोमर ने स्वर्ण पदक, गौरव बाथला रजत पदक, 10 मीटर पिस्टल में अंश चौहान ने स्वर्ण पदक और निखिल मालिक ने रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

मौके पर सपा विधायक पंकज मलिक, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष




प्रभात तोमर, सपा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश शर्मा, रालोद युवा नेता राजहंस दुहान, जयेन्द्र सिंह दुहान, अक्षय प्रधान, राजेंद्र तोमर, बिल्डर राज देव दुहान ने निशानेबाज़ों को सम्मानित किया। कोच विपुल लटियान और युवराज सिंह चौहान ने बताया कि गीत, अनुष्का, सलोनी राठी, आदित्य, कार्तिक, संजू, विनीत, अक्‌दस, यश, अखंड, विनायक, निशिल, अभिनव, अर्जुन, सागर, दक्ष, अभी, अंश, दिव्यांशी, अभिजीत राठी, गुरनूर व अभिमन्यु बालियान आदि निशानेबाज़ ऑल इंडिया हेतू चयन किए गये।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# झांकी संग धूमधाम से निकाली श्रीजी की यात्रा

## जैन संत विव्रत सागर व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैन संत विव्रत सागर महाराज व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में बुधवार को शहर के आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से वार्षिक श्रीजी की रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। रथयात्रा मौहल्ला धर्मपुरा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई, जिसका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

बुधवार को मौहल्ला धर्मपुरा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से जैन संत विव्रत सागर महाराज व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में जी की वार्षिक रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ में बैठाकर किया। इस दौरान भगवान महावीर के जयघोष किया गया। रथयात्रा आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बडा बाजार, गांधी चौक, शिव चौक, मिल रोड, तालाब रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, फव्वारा चौक आदि से होते हुए मंदिर जाकर संपन्न हुई। रथयात्रा का शहर के अनेकों स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रथयात्रा में बाहर से आए बैंड बाजे, सुंदर एवं आकर्षक झाकियां, भजन मंडली शामिल रही। इससे पूर्व मंगलवार देर रात शहर के जैन धर्मशाला में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जी के रथ के पात्रों का चयन





बोलियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जैन समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर सांसद हरबीर मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक प्रसन्न चौधरी, अंकित गोयल, अध्यक्ष संतोष जैन, सचिन जैन भगतजी, दीपक जैन, अनुज जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, अरूण जैन, गौरव जैन, अजय जैन, अनिल जैन, राजेश जैन मौजूद रहे।



# हरियाणा की ठोकरें बनी यमुना में खतरा, कटान से करोड़ों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** हरियाणा सरकार द्वारा यमुना नदी के बीच बनाए गए बड़े-बड़े ठोकरें अब चौसाना क्षेत्र के मंगलोरा समेत आसपास के गांवों में फसल और जमीन कटान की गंभीर समस्या बन गई हैं। ठोकरों के कारण यमुना का बहाव बदल गया है, जिससे नदी का पानी झुक कर सीधे हमारी सीमा में समा रहा है। इसका सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ रहा है, जो अपनी फसलें व खेत हर रोज यमुना के जल में बहते देख कर बेहाल हैं।

मंगलोरा निवासी सचिन के पास 5 बिघा गन्ना था, भोपाल के पास 6 बिघा गन्ना। ओम सिंह, शिव कुमार, मनपाल, ओमपाल, जगदेव, सोकेन्दर के पास 5-5 बिघा गन्ना था, जबकि जवाहर वेद प्रकाश के पास 3 बिघा गन्ना था। अब ए फसलें यमुना में



समा चुकी हैं। कटान की रफ्तार दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ग्रामीण बताते हैं, हर रोज हमारी मेहनत की फसलें बहती जा रही हैं। तहसील प्रशासन पिछले एक सप्ताह से देखने नहीं आया। बार-बार फोन करने पर भी ड्रेनेज विभाग दो दिन पहले तक पेड़ डाल कर कटान रोकने का प्रयास कर रहा था, लेकिन अब वे भी गायब हैं।ओमपाल ने बताया कि प्रशासनिक उदासीनता के चलते उनका बंजर हो चुका खेत अब पूरी तरह यमुना में समा गया। ड्रेनेज विभाग के जई विकास चौधरी ने कहा, जहां जहां कटान हो रहा है, हमारी टीमें लगातार कटान रोकने का कार्य कर रही हैं। एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी ने बताया, यमुना किनारे बसे सभी गांवों का निरीक्षण किया है। लेखपालों को भेजकर किसानों के नुकसानों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय में घुसकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। मंगलवार देर रात्रि जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वही पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गत मंगलवार को जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप धीमान शहर के करनाल रोड़ स्थित अपने कार्यालय में बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान ठेकेदार अमृतपाल, निखिल, फुरकान, हाशिम, सुधीर दूबे, जयदेव आए और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीडित ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। जिसके बाद उक्त लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल मैनेजर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वही पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अनुसूचित वर्ग के लिए चल रही योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बदला गौतम की। जिसमें प्रदेश हाईकमान द्वारा दिए गए निर्देशों पर विचार किया गया। साथ ही अनुसूचित वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। जिलाध्यक्ष बादल गौतम ने कहा कि हर मंडल, हर विधानसभा पर अनुसूचित वर्ग के सम्मेलन होंगे। जिसमें सभी ही सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर दीपक बडेरा, बृजेश वाल्मीकि, सुलेख चंद, धर्मेंद्र, आशा सोदाई, कमल वाल्मीकि, अनिल बोहरा, विकास बंजारा आदि मौजूद रहे।



# नर्सिंग अधिकारी से बदसलूकी, स्टाफ हड़ताल पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में मंगलवार देर रात मरीज के साथ आए तीमारदार द्वारा नर्सिंग अधिकारी सुमित के साथ की गई धक्का-मुक्की और मारपीट के विरोध में बुधवार को अस्पताल का समस्त स्टाफ व चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। जिला अस्पताल में इमरजेंसी सहित ओपीडी, दवा वितरण सभी सेवाऐं बंद कर अस्पताल का पूरा स्टाफ गेट पर धरना देकर बैठ गया। इस दौरान उन्होने सीएमएस पर आए दिन कर्मचारियों व स्टाफ के साथ हो रही मारपीट की घटनाओं पर भी कोई संज्ञान न लेने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे चली इस हड़ताल के दौरान जिला अस्पताल की सभी सेवाएं ठप हो गई। गत मंगलवार देर शाम जिला अस्पताल के इमरजेंसी में एक मरीज पहुंचा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मरीज के तिमारदार जो स्वयं को किसान नेता बता रहे थे उसने नर्सिंग अधिकारी सुमित वैष्णव से अभद्रता करते हुए धक्का मुक्की की। आरोप है कि मारपीट का भी प्रयास किया गया, लेकिन स्टाफ द्वारा बीच बचाव करने पर मामला रफा दफा कर दिया गया।



उक्त मामले को लेकर जिला अस्पताल के सभी स्टाफ ने सीएमएस डा। किशोर आहुजा से वार्ता की और संज्ञान लेने की मांग की, लेकिन आरोप है कि बुधवार दोपहर 12 बजे तक भी सीएमएस द्वारा कोई संज्ञान नही लिया, जिससे आक्रोशित होकर जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सकों व स्टाफ ने ओपीडी कार्य बंद कर हडताल शुरू कर दिया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी से लेकर, ओपीडी, दवा वितरण, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सिटी स्कैन का सभी कार्य बंद होने से मरीजों में हाहाकार मच गया। वही चिकित्सक व स्टाफ अस्पताल के गेट पर धरना देकर बैठक गया। इस दौरान उन्होने जमकर नारेबाजी करते हुए आए दिन चिकित्सकों व स्टाफ के साथ हो रही अभद्रता पर अंकुश लगाने की मांग की। वही बोपीडी से लेकर भर्ती वार्डो तक मरीजों को इलाज और दवाइयां नहीं मिल सकीं। इससे सैकड़ों मरीज हलकान होकर भटकते रहे। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई हड़ताल को लेकर अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में सीएमएस डा। किशोर आहुजा व चीफ फार्मासिस्ट ताहिर बेग धरने पर पहुंचे और स्टाफ को सुरक्षा का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद स्टाफ व चिकित्सक हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आए।

### हादसे में मां बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** मोटरसाइकिल पर मां बेटे अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे। गांव सापला के पास नीलगाय से उनकी भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई घायलों को ऊन अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उनकी हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । गंगोह थाना क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी जुनैद उम्र 19 वर्ष अपनी माता इसराना के साथ मोटरसाइकिल पर अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे रास्ते में ऊन थाना भवन मार्ग पर सापला के पास नीलगाय ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए राहगिरो ने एंबुलेंस बुलाकर ऊन सीएचसी भिजवाया।

### तहसील में 82वें दिन भी धरना रहा जारी

**ऊन।** ऊर्जा निगम के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर 82वें दिन भी धरना जारी रखा। बुधवार को धरने में आए भमेड़ी, बझेडी, हरसाना के किसानों ने कहा कि सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं धरना चलते ढाई महीने से ज्यादा हो गए लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। दीपक सभासद, सहेन्द्र, प्रदीप भार्गव, सुरेंद्र,,पोलु,निरंकार, वेदसिंह, धर्मपाल, अमित कुमार, ब्रजपाल, अरविंद, इंद्रपाल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### लक्ष्मी आरती का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा मंगलवार शाम 7 बजे अग्रसेन पार्क में हनुमान चालीसा का पाठ एवं मां लक्ष्मी जी की भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आगामी 22 सितंबर द्धसोमवारऋ को पड़ने वाले प्रथम नवरात्र एवं अग्रसेन महाराज जी के जन्मोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रात: 8 से 9 बजे तक हवन एवं सीनियर अग्रबंधुओं का सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंघल ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संस्था के महामंत्री डॉ। राजीव बंसल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, पवन संगल, विपिन मित्तल, रविंद्र मित्तल, रविंद्र गोयल, सुशील संगल, सुनील संगल, अनुराग जिंदल, मनीष एवं वैभव गर्ग सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



### आगामी विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर होगा मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्वकर्मा स्पोर्ट्स क्लब शामली की एक महत्वपूर्ण बैठक आज शिव शक्ति फर्नीचर, धीमानपुरा पर संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर दिनांक 17 सितंबर 2025 को विश्वकर्मावंशी युवाओं के मध्य आपसी मैत्री भाईचारा एवं सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा स्पोर्ट्स क्लब शामली के द्वारा एक मैत्री क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन कराया जाएगा। क्रिकेट मैच के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मे परमानंद झा अपर जिलाधिकारी, शामली एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुभाष पांचाल इंटरनेशनल वॉलीबॉल कोच, उत्तर प्रदेश पुलिस को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मनोज धीमान को बनाया गया कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर को संध्या 6 बजे से निर्वाल क्रिकेट एकेडमी मुंडेट में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से टीम के कप्तान सोहेल धीमान, दूसरी टीम के कप्तान कुलदीप विश्वकर्मा, क्लब महासचिव प्रवीण पांचाल, उपकप्तान मयंक धीमान एवं सचिन तावड़ा, कोषाध्यक्ष नीरज धीमान, साथ ही शिवम विश्वकर्मा, वंश धीमान, अजय पांचाल, क्लब कोच संजय धीमान, संदीप विश्वकर्मा, लावन्य धीमान, प्रदीप विश्वकर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### 69वीं मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन में 69वीं मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक प्रभात कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर प्रसाद एवं खेल शिक्षक राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल कौशल और संघर्ष का परिचय दिया।अंडर-19 वर्ग के फाइनल में मुजफ्फरनगर की टीम ने शामली को 18-21, 21-13 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।अंडर-17 वर्ग में भी मुजफ्फरनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शामली को 15-10, 17-15 से पराजित किया।अंडर-14 वर्ग में सहारनपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन कर शामली को 15-11, 18-16 से मात दी और खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग की सभी श्रेणियों में मुजफ्फरनगर की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया।खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मैदान में दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए



# नैनो उर्वरक आधारित विकास खंड स्तरीय सभा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहकारिता विभाग तथा विश्व की सबसे बड़ी सहकारी क्षेत्र की उर्वरक निर्माता संस्था इफको द्वारा नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन ब्लॉक शामली के सभागार में किया गया जिसमें ब्लाक के सहकारी समिति सहायक विकास अधिकारी सहकारिता अजय सिंह व सहकारी समिति शामली सचिव आशीष कुमार जी शामिल रहे कार्यक्रम की शुरुआत इफको के क्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह जी के द्वारा किसानों को वर्तमान स्थिति को बताते हुए रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में किसानों को अवगत कराया तथा नैनो उर्वरक नैनो यूरिया प्लस नैनो डीएपी नैनो कॉपर , नैनो जिंक, सागरिका तथा इफको के अन्य उत्पादों के बारे में किसानों को बताया गया। तथा उनसे होने वाले लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में जानकारी दी गई एवं किसानों को इफको द्वारा नैनो उर्वरक पर दिए जाने वाले दुर्घटना बीमा द्ध10000 रूपएऋ बोतल के बारे में किसानों को बताया गया, किसानों को बताया गया की फसल में जब हम पहली सिंचाई करें तो दानेदार यूरिया का इस्तेमाल करें उसके बाद दो स्प्रे नैनो यूरिया प्लस के लगाएं।



जिससे फसल उत्पादन के साथ-साथ में मृदा उर्वरता भी बनी रहेगी और वातावरण भी शुद्ध रहेगा,इफको क्षेत्र अधिकारी के द्वारा नैनो उर्वरक की प्रयोग विधि को बताते हुए नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी का घोल 125 लीटर पानी में बनाकर 1 एकड़ फसल में छिड़काव करें छिड़काव करते वक्त हमें यह ध्यान रखना है कि जिस फसल में हम नैनो यूरिया वह नैनो डीएपी का छिड़काव कर रहे हैं उसमें जो भी फसल की बुवाई हमने की है जब हमारी फसल 40 से 45 दिन की हो जाए तो उसके बाद ही हम छिड़काव करें, आगामी फसल गेहूं और सरसों की बुवाई के समय 5उस नैनो डीएपी वह तरल लिक्विड कंसोर्टियां से 1 किलो ग्राम बीज को उपचार कर 20 से 25 मिनट के लिए छांव में सुखाकर उसके बाद बुवाई करें।जब हमारी फसल 40 से 45 दिन की हो जाए उसके बाद 5 उस प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव किया जाना चाहिए।

किसान साथियों को नैनो जिंक नैनो कॉपर नैनो यूरिया नैनो डीएपी के मूल्य के बारे में भी बताया गया इसमें नैनो यूरिया प्लस 225 रूपए नैनो डीएपी 600 रूपए नैनो जिंक 200 रूपए नैनो कॉपर 200 रूपए लिक्विड कंसोर्टियां 166 रूपए आदि नैनो उर्वरक पूर्णत: स्वदेशी निर्मित उत्पाद है जो कि भारत की जो कि भारत की मेक इन इंडिया की योजना के अंतर्गत आते हैं एवं भारत सरकार की पीएम प्रणाम योजना के अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के सस्ते विकल्प है।इस मौके पर समितियों के सचिव सोमपाल सिंह , सुधीर कुमार, विपिन कुमार, सुमित कुमार सहित ब्लॉक शामली के 60 किसान उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एमजेएफ टीम ने पंजाब में बाढ़ पीडितों की सहायता के लिए कस्बा बनत से खादय सामग्री भेजी है। टीम के लोगों ने स्वयं पंजाब पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को मदद करने का निर्णय लिया है। कस्बा बनत में एमजेएफ टीम के पदाधिकारियों की देर रात्रि एक बैठक का आयोजन प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद के आवास पर आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पंजाब राज्य में इन दिनों आई बाढ से हजारों परिवार बेघर हो गए है और लाखों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के चलते किसानों की फसले, पशु, मकान और सभी सामान नष्ट हो गया है। कई स्थान ऐसे है जहां दवा और भोजन की बेहद जरूरत है। ऐसे में सभी का दायित्व बनता है कि पूरे देश उन लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडे हो। फारूख अहमद ने सभी के सहयोग से एक ट्रक खादय सामग्री का पंजाब के लिए रवाना किया। जिसमें खाने, पीने के अलावा मेडिकल का सामान भेजा गया ताकि वहां के लोगों को कुछ मदद मिल सके। इस अवसर पर फारुख अहमद, आसिफ चौधरी असारा, मास्टर सादिक असारा, डा। अमजद अली, डा। अरशद, नदीम अहमद, सभासद मोहम्मद ख्वाजा, सभासद मोहम्मद कल्लू, सादिक चौधरी हरसोली, शानू दिल्ली, सलमान, आरिफ हरसौली आदि मौजूद रहे।



# समर्थ उप्र विकसित उप्र 2047 अभियान में संवाद कार्यक्रम का आयोजन

## शिक्षाविदों के साथ डीएम व अन्य अधिकारियों ने किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रशासन द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत जनपद शामली के बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, आईटीआई एवम पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थानों के छात्र- छात्राओं,प्रधानाध्यापकों, प्राध्यापको एवम शिक्षाविदों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा की गई। आयोजित संवाद कार्यक्रम में शासन द्वारा जनपद के लिए नामित महेश चन्द्र, सेवानिवृत्त आईएएस, शैलेन्द्र,सेवानिवृत्त आईआरटीएस, नरेश कुमार मलिक, सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य, सर छोटूराम डिग्री कॉलेज,शिक्षा विभाग, डा. संदीप चौधरी, कार्यरत प्रधानाध्यापक, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ,की उपस्थिति में विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना के सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रममें में प्रबुद्धजनों महेश चन्द्र, शैलेन्द्र, नरेश कुमार मलिक,डॉ संदीप चौधरी द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 कार्यक्रम के उद्देश्य, दृष्टिकोण, रोडमैप पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि माद्ध प्रधानमंत्री जी की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत/2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध,समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जाएगा। इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन तीन थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति,जीवन शक्ति एवम बारह सेक्टर कृषि, एवम संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटीआई एवम इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवम ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास,समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवम सुशासन पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया जाएगा। आयोजित संवाद कार्यक्रम में जनपद शामली के बेसिक, माध्यमिक,उच्च, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र के शिक्षाविदों डॉ नीतू त्यागी असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय कैराना, डॉ अमित मलिक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज पावटीकलां, डॉ रुचिका ढाका प्रधानाचार्य जैन कन्या इंटर कॉलेज शामली, डॉ शशि वर्मा प्रधानाचार्य दिगंबर जैन कन्या इंटर कालेज कैराना, डॉ पूजा मलिक प्रधानाचार्य लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, सूर्य सिंह चेयरमैन बीएसएम पब्लिक स्कूल शामली, इकबाल सैफी प्राध्यापक बेसिक शिक्षा विभाग एवं विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना के छात्र -छात्राओं समीर बीएससी तृतीय सेमेस्टर, संध्या चौहान एमए तृतीय सेमेस्टर, आंचल एमए तृतीय सेमेस्टर ,अजरा मिर्जा बीए तृतीय सेमेस्टर ने शिक्षा में वांछित सुधार एवम शिक्षा को विश्वस्तरीय,आधुनिक और तकनीकयुक्त बनाने के लिए अपने विचार एवम सुझाव प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट सुझावों को प्रबुद्धजनों द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किया जाएगा। संवाद सत्र के दौरान जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान का उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश के नागरिकों को राज्य के विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुए गर्व की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी ज्योति प्रजापति, बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, आदि मौजूद रहें।






कार्यक्रम के अंत में डॉ हरेंद्र सिंह प्राचार्य विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन डॉ डॉली असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना द्वारा किया गया। इसी क्रम समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत नामित प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र जलालपुर में कृषकोंध एफपीओ के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रगतिशील कृषक सुभाष इस्सोपुर टील,श्याम सिंह नागल आदि कृषकों से संवाद हुआ।अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी,कृषक आदि मौजूद रहें। इसके अलावा कार्यक्रम की कड़ी में नामित प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभागार में उद्यमीध्व्यावसायियों के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा संवाद कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उद्यमी के रूप में सुधीर आर्य,आशीष अग्रवाल, व व्यापारी के रूप में अंकित गोयल, पवन संगल, संजीव कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, सचिन गोयल द्वारा संवाद किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा की गई।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** हथिनीकुंड घूमने जा रहे बाइक सवार ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि 7 वर्षीय बालक सहित दो लोग गंभीर घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली बेहट कस्बे की इंदिरा कालोनी निवासी अनस पुत्र जिशान के घर उनकी खाला की बेटी उमरा पत्नी फरहान निवासी थाना सरवट मुजफ्फरनगर आई हुई थी। बुधवार को शाम अनस अपने अन्य परिजनों के साथ अलग अलग बाईकों पर सवार होकर यूपी हरियाणा की सीमा पर स्थित हथिनीकुंड बैराज और पार्क के घूमने जा रहे थे। बाइक पर अनस के साथ उमरा और करीब 7 वर्षीय बालक जुबैर भी सवार था। जैसे ही ये थाना मिर्जापुर इलाके के गांव रायपुर के पास पहुंचे तो सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए।



राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल की। मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उमरा को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनस और जुबैर की हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

सूचना मिलते ही अन्य परिजन भी सीएचसी आ पहुंचे और मृतका के शव को बिना किसी कार्यवाही के अपने साथ ले गए। घटना से मृतकों के परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया।



## समिति विवाद में नया मोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** श्रीरामलीला समिति को लेकर चल रहे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है।

नकुड़ तहसील के एसडीएम सुरेंद्र कुमार, सीओ अशोक कुमार सिसोदिया और थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने दिशा-निर्देश के उद्देश्य से थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में दोनों पक्षों ने पुरानी समिति और नगर में हाल ही में बनी नई समिति- से अपनी राय रखने को कहा गया। अधिकारियों ने विवाद के समाधान के लिए कई प्रस्ताव रखे, जिन पर विचार-विमर्श किया गया। पुरानी समिति ने सभी प्रस्तावों पर पूर्ण सहमति जताई, लेकिन नई समिति ने इन्हें मानने से स्पष्ट इनकार कर दिया। बैठक का नतीजा यह रहा कि विवाद अभी भी अनसुलझा है, और दोनों पक्षों के बीच मतभेद गहरा गया है। नकुड एसडीएम सुरेन्द्र कुमार,सीओ अशोक कुमार सिसोदिया ने कहा की दोनों पक्षों की सहमति नहीं बन पाई है।

# खेल देना है अनुशासन की सीखः अतीक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** वरिष्ठ समाजसेवी मिर्जा अतीक व शिफाउल मलिक ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाते हैं।

कस्बे के शाकंभरी धाम में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं अन्य लोगो की मौजूदगी में वरिष्ठ समाजसेवी मिर्जा अतीक व शिफाउल मलिक फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे हमेशा क्षेत्र में खेल और शिक्षा से जुड़ी गति. विधियों को प्रोत्साहन देते रहेंगे। मैदान में उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस मौके पर फराज अहमद उर्फ फौजी, गुड्डू पीरजादा पत्रकार, सभासद गुल्लू मलिक, बिलाल मिर्जा, आमिर मिर्जा, अनीस मलिक आदि मौजूद रहे।

## बीमारी व उपचार की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे 10 दिवसीय संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं एनीमिया एवं सर्वाइकल कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों के कारण, लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई।

महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था जेबीएस इंटर कॉलेज में महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम में अध्ययनरत बालिकाओं को एनीमिया व सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, लक्षण व उनके उपचार के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान हाईजीन व सफाई का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी गयी।

# प्रशिक्षण के पांचवे दिन प्रमाण पत्र किए वितरित



**चिलकाना।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी तेलीपुरा में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के पंचम बैच के पंचम दिवस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओ को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

बुधवार को ग्राम तेलीपुरा स्थित बीआरसी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट प्रवक्ता महेंद्र अधिकारी ने कहा एफ एल एन प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिल का पत्थर है। जिसके माध्यम से प्रत्येक शिक्षक अपने शिक्षण कौशल से अपने विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को निपुण विद्यार्थी व विद्यालय को निपुण विद्यालय बना सकता है।

एआरपी प्रवीण चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने कहा है कि प्रशिक्षण के द्वारा सीखी गई गतिविधियों एवं नई नई तकनीकियों का शिक्षण में प्रयोग करने से शिक्षण कौशल व मजबूत होने के साथ साथ छात्र छात्राओं के मानसिक विकास में वृद्धि करेगा तथा स्कूलों में बच्चों का ठहराव होगा। बृजेश, अमित कुमार, शिव कुमार व सईद अहमद ने कहा है कि हम सब संकल्प ले कि अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए शिक्षा को जीवन में उतार कर प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, श्रीमती नीरज, लक्ष्मी, प्रतीक्षा, स्वाति, भावना, निधि, संगीता, धनेन्द्र कुमार, नवीन, रामकुमार, परविन्द्र, यशवीर सिंह, तरुण, कर्म सिंह, अटेवा अध्यक्ष धीर सिंह, विकास कुमार, प्रवीण कुमार, सोनू, नवीन राठी, अमित कुमार, अमरदीप, देवेंद्र एवं सैकड़ों प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार डम्पर ने कुचली भेड़ें, 11 की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे चराई के लिए जा रही भेड़ों के झुंड को कुचल दिया। हादसे में 11 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना रामपुर मनिहारान थाना क्षेत्र के गांव सढौली दुलीचंदपुर के पास की है। जानकारी के अनुसार, रामपुर मनिहारान के मोहल्ला सराय निवासी शुभम पुत्र मेमसिंह बुधवार को अपनी 19 भेड़ों को जंगल में चराने के लिए ले जा रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-यमुनोत्री हाइवे पर गांव सढौली के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर भेड़ों के झुंड में घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 11 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी आठ भेड़ें घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ीं। गनीमत रही कि शुभम समय रहते किनारे हट गया और बाल-बाल बच गया।हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी सत्येंद्र नागर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत मिलने पर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि हाइवे पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे बढ़ते जा रहे हैं। पीड़ित शुभम ने बताया कि मरी हुई भेड़ों का आर्थिक नुकसान लाखों रुपये का है, जिससे उसका परिवार संकट में पड़ गया है। घायल भेड़ों का स्थानीय पशु चिकित्सक से इलाज कराया जा रहा है।



# अखिलेश की सत्ता में वापसी के लिए मांगी दुआ

## सपा देहात विधायक आशु मलिक ने कलियर शरीफ में दी हाजिरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने कलियर शरीफ में हाजिरी देते हुए चादर पेश की और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के वर्ष 2027 में सत्ता वापसी की दुआ की।

विधायक आशु मलिक को पवित्र दरगाह हजरत साबिर पाक कलियर शरीफ पहुंचे, जहां उन्होंने हाजिरी देते हुए सलाम पेश किया और मुल्क की अमन-ओ-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगीं। इस मौके पर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से चादर भी पेश की गई और लंगर वितरण कर हजारों जायरीन को तबर्रुक पहुंचाया गया। दरगाह की रूहानी फिजाओं में गूंजते कलाम के बीच विधायक ने 2027 में अखिलेश यादव के प्रचंड बहुमत से मुख्यमंत्री बनने की दुआ की और नेताजी के अधूरे सपनों को साकार करने का आशीर्वाद मांगा। आशु मलिक ने कहा कि ये रूहानी दुआ जरूर मंजूर होगी, इंशाअल्लाह।

इस दौरान दरगाह परिसर में मौजूद लोगों ने भी अमन और तरक्की की सदाओं के साथ हाथ उठाकर दुआ में शिरकत की।

# चोरी की घटना का खुलासा, 4 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मात्र 48 घण्टो में चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए 3 आरोपी चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी किये गए 3 मोबाईल फोन, ब्लूटूथ ऐयरपोड व स्टैंड भी बरामद किए गए है। वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर 1 गौकश वारण्टी व पॉक्सो मामले में फरार चल रहे 1 आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

ज्ञात हो कि विगत 7- 8 सितंबर की रात्रि को ग्राम पठेड़ में अज्ञात चोरों द्वारा मोबाईल फोन की एक दुकान को निशाना बनाते हुए 3 मोबाईल फोन व अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। जिसके बाद पठेड़ चौकी पर पहुंचे पीड़ित दुकान स्वामी प्रवीण कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम पठेड की लिखित तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस टीम घटना के खुलासे में जुट गई थी।



आज बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी चोर सुमित पुत्र राजकुमार, शिवम उर्फ धोनी पुत्र पप्पू व शिवा पुत्र सुन्दर समस्त निवासी ग्राम टोडरपुर थाना चिलकाना को ग्राम ढलानी के निकट ट्यूबवैल से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी किया गया सभी सामान भी बरामद किया गया है।गिरफ्तारी टीम में एसआई संदीप कुमार, हैड कांस्टेबल संजीव कुमार व अरूण कुमार शामिल रहे।

दूसरी ओर पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर एक गौकश वारण्टी अमजद पुत्र सईद निवासी ग्राम दुमझेडा को उसके मकान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई हरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अनुज राणा व अमित कुमार शामिल रहे। इसके साथ साथ पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को अपहृत करके उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार आरोपी शाहनवाज उर्फ सानू पुत्र नसीर निवासी ग्राम भोजपुर तगा थाना चिल. काना को साईफन पुलिया से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई अंकित कुमार, कांस्टेबल दीपचन्द शामिल रहे।

## सामग्री वितरित

**सहारनपुर।** बिहारीगढ़ क्षेत्र के ग्राम तोता तान्डा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में राउंड टेबल इंडिया द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्टेशनरी सामान और खाने के लिए खाद्य सामग्री वितरित की गई।

राऊंड टेबल इंडिया के अध्यक्ष मानिक ठकराल ने जानकारी देते हुए बताया कि सिद्धार्थ गुप्ता, अंकिता के सहयोग से मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिक. ाओं को स्टेशनरी किट और खाने के लिए खाद्य सामग्री वितरित की गई। वितरित किए गए सामान में कॉपी, पेंसिल, नोटबुक, कलर सेट, स्क्रैच कलर और खाने के लिए बिस्कुट शामिल रहे। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम कर रही है जिसमें हमारी टीम जरूरमंद बच्चों की सहायता के लिए काम करती रहती है।

# पोक्सों का वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक विजय सिंह और हेड कांस्टेबल ललित कुमार शामिल थे, ने अभियुक्त राहुल, पुत्र कंवरपाल, निवासी ग्राम मुसैल, थाना फतेहपुर को मुजफ्फराबाद पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना की जानकारी के अनुसार, 29 अगस्त 2025 को पीड़िता के परि. जनों ने थाना फतेहपुर में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि राहुल ने पीड़िता, जो नाबालिग है, के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की थी। इस आधार पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 213/25 दर्ज किया गया, जिसमें धारा 126(2), 75/78, 115(2), और 351(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत हुआ। जांच के दौरान अभियोग में धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट को भी जोड़ा गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त की तलाश शुरू की और अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है, विशेषकर नाबालिगों के खिलाफ अपराधों में। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के 2 शातिर पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक घायल समेत अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा व एक खोखा कारतूस व तीन मोटरसाइकिलें बरामद कर ली।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा रात्रि में प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ गश्त की जा रही थी। गश्त दौरान जब पुलिस मानकमऊ से नकुड़ की तरफ जाने वाले रास्ते पर पहुंची तभी ग्राम उनाली से पहले धुलाई सैंटर के पास



एक खंडहर में एक मोटरसाइकिल के स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी जिस पर पुलिस ने टार्च की रोशनी से खंडहर में चौक किया तभी एक बदमाश ने पुलिस को अपनी ओर आता देख पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में गोली एक बदमाश के बाएं पैर में लग गई जिससे वह घायल हो गया जिसे पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान मनोज पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम हल्लू माजरा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखंड के रूप में हुई। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस तथा तमंचे की नाल में फंसा एक जिंदा कारतूस व दो अपाचे मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पूछताछ के दौरान घायल बदमाश ने बताया कि वह बरामद मोटरसाइकिल एक अन्य व्यक्ति लुकमान को बेचने के लिए लाया था जो धुलाई सैंटर के पास खड़ा है। पुलिस ने धुलाई सैंटर पर पहुंचकर चोरी की बाईक खरीदने वाले लुकमान को भी गिरफ्तार कर लिया। लुकमान के कब्जे से एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# तश्तरी फेंक में नामदेव स्कूल को दूसरा स्थान

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल की छात्रा ने सीबीएसई क्लस्टर लड़की वर्ग में तशतरी फेंक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया।

27 से 31 अगस्त तक मैनपुरी के पैराडाइस पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर में लगभग 200 से अधिक विद्यालयों की 3000 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें नामदेव स्कूल की छात्रा राधिका शर्मा ने अपने वर्ग में लगभग 21 मी तश्तरी फेंक कर रजत पदक प्राप्त किया और बनारस में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कोच विकास शेरावत 8 सितंबर को दो खिलाड़ियों के साथ बनारस जाएंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रबंधक पंकज राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी, अध्यापिका प्रियंका सैनी, अरुणा आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सूचना

मैने अपने पुत्र नदीम व उसकी पत्नि गुलशन को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नसीम बानो पत्नि नजीर अहमद हाऊस नं. 10/876 बुर्शो वाली गली, शाहबीलोल, सहारनपुर।**

### न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर, सहारनपुर।

संख्या: 3010/राजस्व अहलमद
दिनांक: अगस्त 21, 2025.
वाद संख्या-7451/2025
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या- टी202509600107451.

**रूपेश कुमार आदि बनाम धर्मपाल आदि**

1. रूपेश कुमार पुत्र सर्वेश कुमार निवासी मोहल्ला शिवाजी नगर दिल्ली रोड सहारनपुर। 2. श्रीमती पूजा अग्रवाल पत्नी रूपेश कुमार निवासी मोहल्ला शिवाजी नगर दिल्ली रोड सहारनपुर ....**वादीगण**

**बनाम**

1. धर्मपाल पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम कोटा परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर, 2. ग्राम पंचायत ग्राम कोटा परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रधान।

.......**प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम कोटा परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर।**

(प्रतिवादी 1. धर्मपाल पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम कोटा परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर। 2. ग्राम पंचायत ग्राम कोटा परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रधान।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वाद उपरोक्त द्वारा योजित किया गया है, जिसमें आपको प्रतिवादीगण बनाया गया है, जिसमें दिनांक 11.09.2025 नियत है।

अतः आप उपरोक्त वाद में नियत दिनाक 11.09.2025 को सुबह 11:00 बजे आप स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वाद की पैरवी करें। यदि नियत दिनांक पर आप उपस्थित नहीं होते है। तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त वाद में कुछ नहीं कहना है और वाद में न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिये जायेगे।

दिनांक 21.08.2025

उपजिलाधिकारी,
सदर सहारनपुर।

# भागवत कथा में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव दयालपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

कथा वाचक संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान की करुण कृपा से मानव जन्म मिलता है जिसका एक एक क्षण अत्यंत मूल्यवान है। अग्यानी मनुष्य अपने समय को बेकार में बर्बाद कर देता है और अंत समय फिर पछतावा करता है। मनुष्य को चाहिए अपने जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग कर लोक कल्याण के कार्य करें, जीवन परमात्म कृपा से परमार्थ करने के लिए ही मिला है। जिन्होने सदमार्ग अपनाया हजारों लाखों वर्ष बीतने पर भी उन महापुरुषों को हम सम्मान पूर्वक स्मरण करतें हैं। जिन्होंने प्राप्त शक्तियों का दुरुपयोग किया उनको राक्षस कहकर अपमानित किया जाता है ,मनुष्य को भक्ति ज्ञान वैराग्य के द्वारा जीवन जीने की कला सनातन धर्म ग्रंथों से मिलती है,जिसमें अपने साथ साथ औरों के सुख दुख में सहयोग करने का ज्ञान सिखाया जाता है। सनातन धर्म के प्रत्येक पर्व त्योहार का पूजन विधान मनुष्य के साथ साथ कीट पतंग पशु पक्षी सभी के लिए सहिष्णुता का भाव सिखाता है। इसी का एक रूप श्राद्ध भी है,जिसमें- गाय कुत्ता कौवा चींटी अतिथि आदि को भोजन खिलाने का विशेष महत्व है ,सनातन धर्म के इस श्राद्ध विधान में धर्म के साथ साथ पर्यावरण, जीव, खगोल, भूगोल आदि के संतुलन का बहुत बडा विज्ञान छिपा है अतः मनुष्य को चाहिए बहुत अधिक तर्क कुतर्क को छोड़कर अपनी सनातन वैदिक परंपरानुसार पर्वों को मनाकर वास्तविक लाभ प्राप्त करें,कथा में प्रपन्नाचार्य ने सनातन धर्म के अनेक पर्वों पर प्रयोग की जाने वाली परंपराओं यज्ञ हवन पूजन आदि का वैज्ञानिक विश्लेषण भी किया उन्होने बताया प्रत्येक साधारण मनुष्य भी पर्यावरण संरक्षण कैसे कर सके तो महर्षियों ने उस विधान को धर्म से जोड़कर प्रस्तुत किया। जिससे सभी को अधिकाधिक लाभ मिल सके यही सनातन धर्म की महानता है। कथा में आस पास के ग्रामों मुर्तजापुर, बेहट, मांझीपुर, बूबका आदि से भी श्रोताओं की भीड दिनो दिन बढती जा रही है।



# किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक )की एक पंचायत तहसील परिसर मे हुई। जिस मे संगठन विस्तार के साथ साथ किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। पंचायत के बाद एस डी एम को ज्ञापन दिया गया।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष चौधरी सुद. ेशपाल ने किसानों की पंचायत मे बोलते हुए कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा। अगर कोई आधिकारी कर्माचारी किसानों की किसानों की समस्याओं को अनदेखा करेगा तो उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका निदान कराने का काम किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया।



पंचायत के बाद कार्यकर्ताओं ने 5 सूत्रीय ज्ञापन एस डी एम को सौंपा। बैठक मे रवींद्र कुमार को छुटमलपुर नगर अध्यक्ष, अनुराग को उपाध्यक्ष चंद्रपाल को मुजफ्फराबाद ब्लाक उपाध्यक्ष, कार्तिक चौहान को ब्लाक सचिव, अखिल कुमार को नगर अध्यक्ष छुटमलपुर बनाया गया है।

तहसील बेहट अनुज शर्मा दोनो ब्लाक अध्यक्ष सोम प्रकाश अजय राणा चौधरी राकिब, सत्तार शेख ,मिडिया प्रभारी इकबाल खान , मुक. ेश कुमार शराफत अंसारी मित्र सैन किरणपाल, रफाकत पवन शर्मा प्रधान मुकर्रम नाथीराम गीता आदि मौजूद रहे।

# बुधवार की साप्ताहिक पैठ के स्थान को बदले जाने का हुआ विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर में दशकों से बुधवार की साप्ताहिक पैठ पर छाए विवाद के बादल छटने का नाम नहीं ले रहे है। बुधवार को करीब पांच महीने बाद तहसील के निकट नीम तले जाने वाले मार्ग पर बाजार लगाने को लेकर मोहल्ले वासियों के विरोध के चलते बाहर से आने वाले बहुतसे दुकानदारो को बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि दुकानदारों को बाजार लगाने के लिए एक की मोहलत जरूर दी गई लेकिन आगे से उन्हें उक्त स्थान पर बाजार लगाने से मना कर दिया गया।

नगर के रामलीला मैदान और श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर में दशकों से बुधवार की साप्ताहिक पैठ लगती आ रही थी। गत 19 अप्रैल को मंदिर परिसर में कुछ युवकों का मंदिर में सेवा करने वाले युवकों से कहासुनी के बाद विवाद हो गया था।

मामला इतना बढ़ा कि हिंदू संगठनों और मंदिर कमेटी के लोगों ने उक्त मैदान में बुध बाजार लगाए जाने का विरोध शुरू कर दिया। जिसके बाद नगरपालिका ने उक्त स्थान पर लगने वाले बुध बाजार को समाप्त कर दिया। बाद में यह मामला कोर्ट में भी चला लेकिन इसका फैसला भी नगरपालिका के हक में आया।

दुकानदार और क्षेत्रवासी लगातार नगरपालिका परिषद के जिम्मेदारों से नगर में बाजार लगाने के लिए स्थान की व्यवस्था करने की मांग करते चले आ रहे थे। एक सप्ताह पूर्व हुई नगरपालिका बोर्ड बैठक में तहसील के निकट नीम तला जाने वाले मार्ग पर बुध बाजार लगाने को सहमति दी गई। बोर्ड के इस निर्णय के बाद से बुध बाजार में आने वाले दुकानदारों में हर्ष की लहर थी।



**विरोध के बाद बुध की पैठ में दुकान लगाने वाले कई दुकानदार पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग के पास पहुंचे। विपिन गर्ग ने कहा कि बोर्ड के निर्णय के बाद ही आगे किसी अन्य स्थान का चयन बाजार लगाने के लिए किया जाएगा। स्थान चिन्हित होने के बाद दुकानदारों को अवगत कराया जाएगा।**

बुधवार को दुकानदारें ने खुशी खुशी अपनी दुकानें लगाई, लेकिन कुछ देर बाद ही स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया।

यहां तक कि पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने दुकानदारों को चेताया कि आज के बाद वह यहां बाजार नहीं लगने देंगे। लोगों के विरोध के बाद एक बार फिर बुध बाजार में आने वाले दुकानदारों में चिंता का माहौल है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए क्षमता के अनुसार जमा की राशी गुरुद्वारा कमेटी को सौंपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पंजाब बाढ़ पीडितों के लिए संपन्न व्यक्ति और संस्थाएं ही नहीं बल्कि गरीब और मजदूरपेशा लोग भी आगे आ रहे है। शशिनगर कालोनी के कई मजदूरपेशा लोगों ने बाढ़ पीडितों के लिए 11 हजार रुपये की धनराशि एकत्र की। यह राशि गुरुद्वारा कमेटी के माध्यम से बाढ़ पीडितों तक भेजी जाएगी।

शशिनगर कालोनीवासियों ने गुरुद्वारा साहिब पहुंच बाढ़ पीडितों के लिए जमा की गई 11 हजार 620 की राशि गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों को सौंपी। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार व सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने कहा कि मेहनत मजदूरी करने वाले शशिनगर के लोगों से समाज को प्रेरणा लेने की जरूरत है। बताया कि गांवों से बड़ी मात्रा में सेवा आ रही है। नगर की महाराजा अग्रसेन महिला कमेटी, युवा नगर उद्योग व्यापार मंडल, सिटीजन क्लब ने भी अपनी अपनी क्षमता के मुताबिक बाढ़ पीडितों की मदद की है।



इस दौरान चंद्रदीप सिंह, सतीश गिरधर, श्याम लाल भारती, सचिन छाबड़ा, बलदीप सिंह, गगनदीप सिंह, अरविंदर सिंह कपूर, विपिन नारंग, हैप्पी रतड़ा, सिमरलाल सचदेवा आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई बल्लभ पंत की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षण संस्थाओं में भारत के पूर्व गृहमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। गोविंद बल्लभ पंत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर पर चलने का आह्वान किया गया।

रणखंडी गांव स्थित ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में भारत के पूर्व गृहमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह पुंडीर ने कहा कि भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिलाये जाने एवं जमींदारी प्रथा को खत्म कराने में पंडित गोविंद बल्लभ पंत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके गृह मंत्री रहते ही भारत रत्न सम्मान देने की शुरुआत हुई थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों सहित कॉलेज का सटाफ शामिल रहा।



कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल तल्हेड़ी बुजुर्ग में शिक्षकों व छात्रों ने गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत जाने माने भारतीय नाटककार और राजनेता थे। प्रबंधक प्रमोद त्यागी ने कहा कि गोविंद बल्लभ पंत ने अपनी रचना अंगूर की बेटी में मदिरा के दुष्परिणाम बताकर समाज को जागरूक करने का काम किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य सोमदत्त त्यागी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# श्री रामलीला मंचन की रिहर्सल का मंत्रोच्चारण के साथ हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल तत्वावधान में होने वाले श्री रामलीला मंचन से पूर्व मंगलवार को रिहर्सल का विधिवत उद्घाटन किया गया। पंडित कालिका प्रसाद ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराई।

नगर के सर्राफा बाजार स्थित बूढे बाबा समाधि मंदिर में हुए रिहर्सल कार्यक्रम का वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता ने उदघाटन करते हुए कहा कि रामलीला मंचन सबसे अधिक दिन चलने वाला धार्मिक आयोजन है। श्री विष्णु कला मंडल से वह चार दशकों से भी ज्यादा समय से जुड़े हुए हैं, मंडल द्वारा प्रभु राम के चरित्र व जीवन रूपी कहानी को जन जन तक पहुंचाने के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं वह सराहनीय हैं। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि नगर के निष्ठावान कलाकार इस पुनीत कार्य को पूरा कराने में अहम भूमिका निभाते हैं, उन्हें आशा है कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला का सजीव मंचन होगा। अध्यक्षता अजय बंसल व संचालन अमन मित्तल ने किया। कमेटी के प्रधान अध्यक्ष नितिन गुप्ता एवं प्रभारी विजेश कंसल ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। सभासद प्रतिनिधि श्याम चौहान, सतीश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग, सह कोषाध्यक्ष निखिल अग्रवाल,राजीव गुप्ता, विशाल शर्मा, मनमोहन गर्ग, नितिन मित्तल, अजय बंसल, अजय गुप्ता, विपिन गर्ग, विजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजू सैनी, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी आदि मौजूद रहे।





# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** भारतीय किसान संघ की आयोजित बैठक में बारिश के कारण फसलो को हुए भारी नुकसान होने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया।

खंड विकास कार्यालय के सभागार में भारतीय किसान संघ की आयोजित बैठक में संगठन के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राजपाल सिंह ने कहा कि देश में अन्नदाता कहे जाने वाला किसान सबसे अधिक परेशान है। पिछले दिनों जमकर हुई बरसात ने भी किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खींच दी हैं। कहा कि विद्युत विभाग द्वारा भी किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों का शोषण किसी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। ब्लॉक मंत्री किरण पाल ने भी अपने विचार रखे। बैठक के उपरांत विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को सौंपा गया। जिसमें गन्ना मूल्य 500 रुपये क्विंटल घोषित कर पर्चियों पर अंकित कराने, अत्यधिक बारिश से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की गई। साथ ही आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने, गन्ने की फसल पर ड्रोन से निशुल्क छिड़काव कराने की मांग भी की गई। सूर्य प्रताप, मनदीप, पप्पू व राजकुमार आदि किसान शामिल रहे।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 11 वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा पुलिस और थाना बाबूगढ़ पुलिस ने 11 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ पुलिस द्वारा सचिन पुत्र ब्रहमपाल निवासी ग्राम बागडपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड, दीपक पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम बागडपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड, निक्की पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर बहलोलपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड, मनोज पुत्र जोगेन्द्र निवासी ग्राम होशदारपुर गढी थाना बाबूगढ जनपद हापुड और असलम पुत्र मुन्सब निवासी ग्राम भमैडा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया गया है। जबकि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा तेजवीर सिंह पुत्र हरी सिंह उर्फ हरिया निवासी ग्राम परतापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़, संजय सोम पुत्र जयश्रत निवासी मौहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड, आरिफ पुत्र रोशन निवासी ग्राम अहमदपुर नया गांव थाना पिलखुवा जनपद हापुड़, मोमीना पत्नी रोशन निवासी ग्राम अहमदपुर नया गांव थाना पिलखुवा जनपद हापुड, राजू पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम निजामपुर थाना हापुड नगर हापुड और दाउद पुत्र रफीउद्दीन निवासी ग्राम मदापुर मुस्तफाबाद थाना पिलखुवा जनपद हापुड को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन तलाश अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।



# दो अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

## कब्जे से 40 लाख के नशीले पदार्थ जब्त



**शामली/कैराना।** थाना कैराना पुलिस व ANTF यूनिट मेरठ की संयुक्त कार्यवाही में ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में 2 अन्तर्राज्ईय मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध एक किलोग्राम अफीम व 3 किलोग्राम चरस अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रूपए, तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस व ANTF यूनिट मेरठ की संयुक्त कार्यवाही में द्वारा 2 अन्तर्राज्ईय मादक पदार्थ तस्कर 1. सादिक अली पुत्र स्व. दिलशाद उर्फ सादा निवासी ग्राम पंजीठ थाना कैराना जनपद शामली 2. संजेश पुत्र दीनदयाल निवासी ग्राम बल्लिया थाना भमौरा जनपद बरेली को अवैध 1 किलोग्राम अफीम व 3 किलोग्राम चरस अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रूपए, तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार अभियुक्त सादिक उपरोक्त के घर ग्राम पंजीठ से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त सादिक, संजेश उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गई है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियुक्त संजेश उपरोक्त ने बताया कि वह करीब 2 वर्ष पूर्व सादिक पुत्र दिलाशाद उर्फ सादा से बरेली में मिला था तभी से मेरी व सादिक की जान पहचान है। मैं अक्सर अफीम व चरस लेकर अपने साथी सादिक निवासी ग्राम पंजीठ थाना कैराना जनपद शामली के घर पर आता रहता हूं, जहां से हम दोनो मादक पदार्थ की बिक्री करने हेतु उत्तराखण्ड व अन्य जगहों पर जाते है। मैं दिनांक 9.9.2025 को अपनी मोटर साईकिल से अफीम व चरस लेकर निकला था तथा रात्रि में हरिद्वार आकर रुका था फिर आज 10.9.2025 को मैं कैराना आया था जहां से मुझे व सादिक को उत्तराखण्ड जाकर अफीम व चरस बेचने के लिए जाना था लेकिन पुलिस ने हमको पकड़ लिया ।बरामदगी के सम्बन्ध में विशेष टीम गठित कर सप्लायर एवं खपत वाले क्षेत्र व व्यक्तियों की पहचान करने हेतु पूछताछ की जा रही है।

# साध्वी ने गौ-पालन व बड़े परिवार का दिया संदेश

पिलखुवा। श्री बालाजी गौ सेवा धाम दतेड़ी द्वारा आर एस गार्डन में आयोजित गोकथा के तीसरे दिन साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में गाय का पालन होना चाहिए और यदि स्थान न हो तो लोगों को गौशाला में जाकर सेवा करनी चाहिए। साध्वी ने बताया कि गौ सेवा से जन्म-जन्मांतर के दुखों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि लोग गाय को माता कहते हैं लेकिन निराश्रित गायों की सेवा नहीं करते। उन्होंने दानी व्यक्तियों से पिलखुआ में गायों के इलाज के लिए एक अस्पताल खोलने की अपील भी की। अपने प्रवचन में साध्वी ने परिवार नियोजन पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि परिवार छोटा रखने के बजाय कम से कम चार संतानें होनी चाहिए, ताकि एक संतान सेना में, दूसरी समाज सेवा में और शेष परिवार की देखभाल कर सके। इस कार्यक्रम में कैलाशी अश्विनी, भाजपा नेता सुनील गर्ग लोहे वाले, नरेंद्र गोयल, सुशील अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, नितिन अग्रवाल, सुधीर गोयल, रामकेश सिंह तोमर सहित अनेक भक्तों ने कथा का श्रवण किया।



# विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के अन्तर्गत कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अंतर्गत जीएस विश्वविद्यालय हापुड़ में प्रबुद्धजनों का अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय चौहान, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग एवं नोडल अधिकारी जनपद हापुड़ रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित वरिष्ठ जनों में विगनेष कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षाविद विनोद कुमार शर्मा, सेवा निवृत्त विशेष महानिदेशक डा. सत्यपाल सिंह एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि विभाग उपस्थित रहे। उन्होंने सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पावर प्वाइंट स्लाइड के माध्यम से बताया कि प्रदेश सरकार किस प्रकार निरंतर प्रदेशवासियों तक लाभ पहुँचा रही है। जिलाधिकारी महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं से भिन्न-भिन्न मुद्दों पर सुझाव मांगे तथा आश्वासन दिया कि उपयोगी सुझावों को संकलित कर सरकार तक पहुँचाया जाएगा। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है जो जनता से प्रदेश के विकास हेतु सुझाव मांग रही है। कार्यक्रम का समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने किया। इस अवसर पर डीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर डा. अंकित शर्मा, डा. रूपाली शर्मा, डा. प्रदीप गर्ग, डा. एस. कुमार, मनोज शिशोदिया, अनुराग शर्मा, एस.एन. सिंह सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।



# कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर में स्थित सरस्वती हॉस्पिटल एवं सरस्वती मेडिकल कॉलेज ने स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए राजपूताना इंटर कॉलेज, पिलखुआ में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर आयु वर्ग के बच्चों को इस अवस्था में होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी देना तथा उनके समाधान के प्रति जागरूक करना था।

शिविर के दौरान छात्रों को पोषण संबंधी कठिनाइयाँ, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियाँ, जोखिमपूर्ण व्यवहार तथा किशोरावस्था से जुड़ी अन्य चिकित्सकीय समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को यह भी बताया गया कि वे कैसे इन समस्याओं से बचाव कर सकते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

स्वास्थ्य विषयक जानकारी के साथ-साथ छात्रों को चिकित्सा, नर्सिंग और फार्मेसी जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। सरस्वती मेडिकल कॉलेज की ओर से डा. भावना कोहली प्रोफेसर, पीडियाट्रिक्स, डा. रीमी सिंह सहायक प्रोफेसर, पीडियाट्रिक्स, डा. आशीष चौहान सीनियर रेज़िडेंट, पीडियाट्रिक्स और डा. दीपांशा माथुर पीजी छात्रा ने सक्रिय सहभागिता की।

राजपूताना इंटर कॉलेज के प्राचार्य राज बहादुर सिंह तथा अध्यापकगण प्रेपाल, सतेंद्र सिंह, योगेश जादौन और धर्मेंद्र तोमर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज डा. बरखा गुप्ता, सीनियर एडवाइजर डा. आर.के. सहगल, जीएम सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, एन. वर्धराजन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आर दत्त, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डा. वाईसी गुप्ता, चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। अंत में कार्यक्रम की सफलता पर सरस्वती हॉस्पिटल एवं सरस्वती मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम को बधाई दी गई।




# अलीगढ से चोरी मोटर साईकिल के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोर के कब्जे से जनपद अलीगढ़ से चोरी की गई बुलेट मोटर साइकिल व अवैध चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को करीमपुर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से जनपद अलीगढ़ से चोरी की गई बुलेट मोटर साइकिल व अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक वाहन चोर की पहचान धीरज कुमार पुत्र कलवा उर्फ उदयवीर निवासी सिकन्दरपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड के रूप में हुई है। वाहन चोर को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवक की रांची में ट्रेन से गिरकर मौत

**गढमुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी 25 वर्षीय अयान की झारखंड के रांची में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। उसकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव लेने के लिए रवाना हो गए। ग्राम प्रधान फराहिम ने बताया कि उनके गांव निवासी 25 वर्षीय अयान पिछले दिनों ही कपड़े का काम करने के लिए गए थे। उनको एक ठेकेदार लेकर गया था। मंगलवार को अयान की झारखंड के रांची में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। इसकी जानकारी पुलिस के माध्यम से परिवार को दी गई है। सूचना पर परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# देवेंद्र पांडेय विशेष सचिव पशुधन ने ब्रीडिंग बुल सेंटर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देवेंद्र पांडेय,विशेष सचिव पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन, कुंवर ज्ञानंजय सिंह, पुलिस अधीक्षक हापुड़ , डा. योगेंद्र सिंह पवार, निदेशक प्रशासन, डा. मेमपाल सिंह अपर निदेशक, गोधन,पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र बाबूगढ़ की प्रयोगशाला एवं ब्रीडिंग बुल सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान , डा. मानव, अपर निदेशक पशुपालन विभाग मेरठ मंडल मेरठ, डा. ओपी मिश्रा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी हापुड़ डा. संजीव कुमार, संयुक्त निदेशक डीएफएस बाबूगढ़ एवं अन्य समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे। विशेष सचिव महोदय द्वारा केंद्र पर अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन बढ़ाने एवं ब्रीडिंग बुल की क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक संतुलित आहार देने हेतु निर्देश दिए गए तथा वर्गीकृत वीर्य के उत्पादन शीघ्र पुनः शुरू करने हेतु शासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया।

# बिश्नोई-अर्शदीप की रैंकिंग में सुधार

**टी-20 रैंकिंग में रवि बिश्नोई छठे स्थान पर और अर्शदीप सिंह 10वं स्थान पर पहुंच गए, बल्लेबाजों में अभिषेक शीर्ष पर बरकरार**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में यूएई के खिलाफ अभियान शुरू करने से पहले भारतीय गेंदबाजों को आईसीसी की जारी नवीनतम टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह क्रमश: छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अर्शदीप एशिया कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान पर हैं, जबकि एक अन्य भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल भी एक स्थान के फायदे के साथ 13वें स्थान पर आ गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। )तुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पांड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक आलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय सीरीज की समाप्ति के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती थी। वनडे रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है।




### आर्चर पुरुष वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

# युमा को हरा क्वार्टरफाइनल में निखत

● **विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में निखत जरीन ने जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से दी मात, मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश भी टॉप-8 में पहुंचे**

**लिवरपूल, वार्ता।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। निखत के अलावा मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश जामवाल भी क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। निखत का इस साल का पहला इवेंट 29 साल निखत के लिए यह इस साल का पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

पहले राउंड में जापानी खिलाड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन निखत ने अपनी लय बनाए रखी और जीत हासिल की। मैच के दौरान युमा ने निखत के रिदम को तोड़ने के लिए अत्यधिक क्लिंचिंग (गले लगाकर रुकने) की कोशिश की, जिसके कारण उन्हें दो पेनल्टी पाइंट्स का नुकसान हुआ। निखत ने जापानी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और सर्वसम्मति से जीत हासिल की। 48 केजी में मीनाक्षी ने चीनी खिलाड़ी को हराया निखत के अलावा अन्य भारतीय बाक्सरों ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने चीन की वांग क्यूपिंग को 5-0 से हराया। जबकि जदुमणि (57 किग्रा) ने इंग्लैंड की रीडशा रीस को 5-0 से पराजित किया। वहीं, अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने डोमिनिकन गणराज्य के पीटर यनोआ फर्नांडो डी जीसस को 5-0 से मात देकर अगले दौर में जगह पक्की की।




# 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जा सकता है पुरुष टी-20 विश्व कप 2026

● **टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेले जाने की संभावना है। इस टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी।

ये मुकाबले भारत में कम से कम पांच और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे। फाइनल अहमदाबाद या कोलंबो में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान फाइनल खेल रहा है या नहीं। भारत और पाकिस्तान वर्तमान में दोनों सरकारों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेल रहे हैं। आईसीसी अभी भी कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहा है, वहीं ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उसने समय सीमा तय कर ली है और भाग लेने वाले देशों को सूचित भी कर दिया है। इसका प्रारूप वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2024 में खेले गए पुरुष टी-20 विश्व कप जैसा ही होगा, जहां 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में विभाजित किया गया था और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर आठ दौर के लिए क्वालीफ़ाई करेंगी। यहां एक बार फिर आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक सुपर आठ समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारत मौजूदा चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। पूरे टूर्नामेंट में 55 मैच खेले गए थे। वर्तमान में, 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए 15 टीमों की पुष्टि हो चुकी है: भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड्स और इटली। इटली ने पहली बार विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई किया है। शेष पांच टीमों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालिफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया पैसिफ़कि क्वालिफायर से आएंगी। भारत 2026 के पहले चार महीनों में डब्ल्यूपीएल से शुरू होने वाले कई प्रमुख आयोजनों की मेजबानी कर रहा है, जिनकी तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।

# जीत के इरादे से खेलेगा बांग्लादेश

**एशिया कप -2025**

● **इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है बांग्लादेश, वहीं हांगकांग को टूर्नामेंट में हार से उबरने के लिए संघर्ष करना होगा**

**अबु धाबी, वार्ता।** शानदार फॉर्म में चल रहा बांग्लादेश गुरुवार को एशिया कप 2025 टी-20 टूर्नामेंट के तीसरे मैच में हांगकांग के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगा।

बांग्लादेश को इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं हांगकांग को टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में मिली हार से उबरने के लिए संघर्ष करना होगा। बांग्लादेश शानदार फॉर्म में है और उसने लगातार तीन टी-20 सीरीज में श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड पर जीत दर्ज की है। तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन जैसे खिलाड़ियों से लैस उनका शीर्ष क्रम संयम और आक्रामक रवैये का मिश्रण करता है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज लिटन दास और तौहीद हृदय स्थिरता प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर जैकर अली अंतिम ओवरों में मैच का रुख बदलने में सक्षम हैं। बांग्लादेश की तस्कीन अहमद और मुस्तफिज़ुर रहमान शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। तस्कीन ने पूरे साल प्रभावित किया है और मुस्तफिज़ुर ने चतुराई से विविधताओं से बल्लेबाजो पर अंकुश लगाया है। महेदी हसन, सैफ हसन और रिशाद हुसैन की अगुवाई में बंगलदेश का स्पिन आक्रमण परिस्थितियों का फायदा उठाकर हांगकांग के अनुभवहीन बल्लेबाजी क्रम के सामने चुनौती पेश करेगा। दूसरी ओर, हांगकांग के सामने एक कठिन चुनौती है। उन्हें अपने पहले मैच में अफगानिस्तान के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है जहां 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वे 94 रनों पर आउट हो गए थे। टीम की जीत की संभावनाए उनके शीर्ष क्रम की तिकड़ी जीशान अली, अंशुमन रथ और बाबर हयात के सामूहिक प्रदर्शन पर टिकी हैं। अंशुमान रथ शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने एशिया पैसिफिक क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान सात मैचों में 274 रन बनाए, जबकि जीशान अली ने 150 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 236 रन जोड़े। बाबर हयात में बल्लेबाजी क्रम में अनुभव और संयम दिखाई देता हैं। यासिम मुर्तजा, आयुष शुक्ला और एहसान खान की अगुवाई में उनके गेंदबाजों को बांग्लादेश के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजो को रोकने के लिए बेहतरीन स्पेल की जरूरत होगी। ऐतिहासिक रूप से शेख जायद स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजी करने वाली टीमों का दबदबा रहा है और बांग्लादेश ने पिछले नौ टी-20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। शुरुआत में यह पिच तेज गेंदबाज़ों और स्पिनरों, दोनों के लिए मददगार होती है, लेकिन शाम की ओस बाद में बल्लेबाजी को आसान बना देती है। बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:- परवेज इमोन, तंजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, महेदी हसन, तन्जीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, रिशाद हुसैन/नासुम अहमद और मुस्तफिजुर रहमान।

### आईओसी ने तीन नए निदेशकों की नियुक्ति की घोषणा की

**जेनेवा, वार्ता।** आईओसी ने अध्यक्ष कार्यालय, संचार और मानव संसाधन विभागों के लिए तीन नए निदेशकों की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की है। जान पैटरसन को आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री के कार्यकारी कार्यालय में 15 सितम्बर से चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। जेम्स पीयर्स ने 1 सितम्बर को आईओसी अध्यक्ष के मुख्य संचार सलाहकार का पदभार संभाला। जूलियन बेहनी, मार्च 2026 तक चलने वाले संक्रमण काल के बाद, जेवियर टिसिएरेस के स्थान पर मानव संसाधन निदेशक का पदभार संभालेंगे।

### श्रीलंका ने 2025 महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी ऑलराउंडर चामरी अथापट्टू को कप्तान बनाए जाने के बाद, वह एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगी। हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा और अनुष्का संजीवनी जैसी अनुभवी तिकड़ी उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान करेंगी।

**श्रीलंका टीम:** चामरी अथापथु (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वात्सला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

# राउंडग्लास गोल्फ अकादमी का चंडीगढ़ में शुभारंभ

● **यह अकादमी अपने पहले बैच में 19 वर्ष से कम उम्र के 15 होनहार गोल्फरों का नामांकन कर चुकी है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स ने आधिकारिक रूप से राउंडग्लास गोल्फ अकादमी के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसमें मशहूर कोच जसकीरत ग्रेवाल मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। चंडीगढ़ गोल्फ क्लब जैसी प्रतिष्ठित जगह पर आधारित यह अकादमी अपने पहले बैच में 19 वर्ष से कम उम्र के 15 होनहार गोल्फरों का नामांकन कर चुकी है।

ग्रेवाल भारत के पहले और एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित गोल्फ कोच हैं और उन्होंने शुभंकर शर्मा, युवराज सिंह संधू और करणदीप कोचर जैसे देश के शीर्ष गोल्फरों के करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। अकादमी की प्रतिष्ठा को और बढ़ाते हुए, भारत के नंबर-1 प्रोफेशनल गोल्फर शुभंकर शर्मा ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े हैं, जो अपने बहुमूल्य अनुभव से अगली पीढ़ी के गोल्फरों को प्रेरित और मार्गदर्शित करेंगे। लॉन्च के अवसर पर राउंडग्लास के संस्थापक गुरप्रीत 'सनी सिंह ने कहा कि हम भारत में गोल्फ के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह पहल उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा ध्यान युवा प्रतिभाओं को पोषित करने पर है, जिसके लिए विश्वस्तरीय ढांचा और अनुभवी कोचों व मेंटर्स की टीम उपलब्ध कराई जाएगी। शुभंकर के जुड़ने से इस पहल को और मजबूती मिली है, क्योंकि उनका अनुभव और दृष्टिकोण खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा और सीख का बड़ा स्त्रोत होगा।

अकादमी के पहले बैच में सात लड़कियां और आठ लड़के शामिल हैं, जिनमें भारत के कुछ सबसे उज्ज्वल युवा खिलाड़ी हैं।

**मन्नत बरार**- भारत की नंबर-1 रैंक्ड एमेच्योर लेडीज और जूनियर 'ए' गर्ल्स खिलाड़ी

गुंतास कौर संधू - भारत की नंबर-1 जूनियर 'बी' गर्ल्स खिलाड़ी ओजस्विनी सारस्वत, रेहनूर मलिक और आर्यमन रौतेला जैसे उभरते सितारे, जिनमें से आर्यमन रौतेला ने इस वर्ष प्रोफेशनल बनकर भारतीय सीनियर प्रोफेशनल टूर में हिस्सा लिया।

अन्य खिलाड़ियों में आयशा गुप्ता, राशी मिश्रा, रबाब काहलोन, अंशुल मिश्रा, कृष्ण चौला, अर्जुनवीर शिशिर, डेनिश वर्मा, ज़ोरावर संधू, सो. हराब सिंह तलवार और कबीर गोयल शामिल हैं।

# लक्ष्य, प्रणय और किरण दूसरे दौर में

● **पीवी सिंधु शुरुआती दौर में हारकर बाहर मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला, तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी हारकर बाहर हुई**

**हांगकांग, वार्ता।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज ने पुरुष एकल वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु महिला एकल वर्ग के शुरुआती दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

लक्ष्य सेन ने एक घंटा 13 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ओलंपियन वांग त्जु-वेई पर 22-20, 16-21, 21-15 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए।

महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं सिंधु ने पहला गेम जीता, लेकिन डेनमार्क की विश्व की 27वें नंबर की खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21, 21-16, 21-19 से हार गई। यूरा.ेपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मुक.ाबलों में सिंधु की यह पहली हार थी। सिंधु को इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर छठी बार पहले दौर का बाहर होना पड़ा है। मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी हार कर बाहर हो गई।

अनुपमा उपाध्याय भी महिला एकल से चौथी वरीयता प्राप्त जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ 21-17, 20-22, 21-14 से हारकर बाहर हो गई। पुरुष एकल ड्रॉ में एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने चीन के 14वें नंबर के लू गुआंगज़ू को हराया, जबकि किरण जॉर्ज ने सिंगापुर के जेसन तेह को शिकस्त दी। एचएस प्रणय अगले दौर में हमवतन लक्ष्य सेन से भिड़ेंगे। इस साल जून में यूएस ओपन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेटी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपे के सु ली-यांग को 15-21, 21-19, 21-13 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला युगल में भारत की एकमात्र खिलाड़ी रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा ने स्थानीय ओई की वैनेसा पांग और सुम याउ वोंग को 21-17, 21-9 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। इस बीच, ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो मिश्रित युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन/सू यिन-हुई से 21-16, 21-11 से हारकर बाहर हो गए।






# भारतीय टीम 6-0 की जीत के बावजूद एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर

● **11 ग्रुपों में से चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने भी क्वालिफाई किया**

**नई दिल्ली/दोहा, वार्ता।** भारतीय अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ब्रुनेई दारुस्सलाम पर 6-0 की शानदार जीत के बावजूद, एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम मंगलवार को कतर के दोहा स्थित सुहेम बिन हमद स्टेडियम में ब्रुनेई दारुस्सलाम को 6-0 से हराने के बावजूद, एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई। एआईएफएफ ने बताया कि भारतीय टीम ने अपने तीन मैचों में छह अंक हासिल किए और उन्हें कतर और बहरीन के बीच दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में ग्रुप एच के बाकी बचे मैच के लिए काफी संघर्षपूर्ण मैच में मेजबान टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंजरी टाइम में दो गोल दागकर 2-1 से जीत हासिल की। बयान में कहा गया कि कतर ने शानदार रिकॉर्ड (तीन मैचों में नौ अंक) के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भारत छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। 11 ग्रुपों में से चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने भी क्वालीफाई किया, लेकिन भारत ग्रुप रनर-अप टीमों में पांचवें स्थान पर रहा।

कतर के दोहा स्थित सुहेम बिन हमद स्टेडियम में कल खेले गए मैच के बारे में एआईएफएफ ने विबिन मोहनन ने कहा कि मिडफील्डर विबिन मोहनन ने (पांचवें, सातवें और 62वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई।

# डेवाल्ड एसए20 के इतिहास में सबसे महंगे अनुबंध बन गए

● **डेवाल्ड ब्रेविस को प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड की भारी राशि में खरीदा**




**जोहानसबर्ग, वार्ता।** 22 वर्षीय बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, प्रिटोरिया कैपिटल्स द्वारा 16-5 मिलियन रैंड की भारी भरकम राशि में खरीदे जाने के बाद, एसए 20 में अब तक के सबसे महंगे अनुबंध बन गए। कैपिटल्स ने 32-5 मिलियन रैंड के साथ नीलामी में प्रवेश किया और अपने पर्स का 50प्रतिशत से अधिक हिस्सा अकेले ब्रेविस पर खर्च कर दिया।

जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स ने इस युवा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के लिए शुरुआती बोली लगाई और कैपिटल्स के इसमें शामिल होने से पहले ही कीमत 10 मिलियन रैंड को पार कर चुकी थी। कैपिटल्स की विजयी बोली तक सुपर किंग्स की रुचि बनी रही। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान, एडेन मार्करम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन खिताब दिलाए, एक और मार्की साइनिंग थे।

डरबन सुपर जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीकी टी-20 कप्तान में तुरंत रुचि दिखाई और कैपिटल्स ने उन्हें चुनौती दी, जिन्होंने उस समय तक ब्रेविस को नहीं खरीदा था। दोनों फ्रेंचाइजी ने कीमत बढ़ाकर 12.4 मिलियन रैंड कर दी, जिसमें सुपर जायंट्स आगे थे। बोली लगने के बाद, सनराइजर्स ने राइट टू मैच का विकल्प चुना। जवाब में, सुपर जायंट्स ने कीमत बढ़ाकर 14 मिलियन रैंड कर दी - एक ऐसी रकम जो सनराइजर्स अब चुकाने को तैयार नहीं थे। ऑलराउंडर वियान मुल्डर, जिन्हें सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड में खरीदा, नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। गेराल्ड कोएत्ज़ी (डीएसजी को 7-4 मिलियन रैंड), नांद्रे बर्गर (जेएसके को 6-3 मिलियन रैंड), मैथ्यू ब्रीट्जके (एसईसी को 6-1 मिलियन रैंड), रैसी वैन डेर डूसन (एमआईसीटी को 5-2 मिलियन रैंड), ओटनील बार्टमैन (पीआर को 5-1 मिलियन रैंड) और एनरिक नॉर्टजे (एसईसी को 5 मिलियन रैंड) अन्य उल्लेखनीय रूप से महंगे अनुबंध थे। काइल वेरिन के अनुबंध में नीलामी की गतिशीलता का एक दिलचस्प पहलू देखने को मिला।

शुरुआत में रॉयल्स को उनके आधार मूल्य 200,000 रैंड पर बेचे जाने के बाद, कैपिटल्स ने अपने राइट टू मैच का इस्तेमाल करने का विकल्प चुना। रॉयल्स ने अंतिम बोली 2-3 मिलियन रैंड लगाई - केवल एक बोली में 1050प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि - जिससे कैपिटल्स की दिलचस्पी खत्म हो गई। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट और वनडे कप्तान टेम्बा बावुमा को लगातार दूसरे सीजन में कोई बोली नहीं मिली। बावुमा को भी पहले एसए 20 नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था, लेकिन अंतत: चोट के कारण प्रतिस्थापन के तौर पर सनराइजर्स के लिए खेले। उन्हें अगले सीजन के लिए बरकरार रखा गया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। 43 वर्षीय तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी बिना बिके रह गए एक और उल्लेखनीय खिलाड़ी थे।

# ऑस्ट्रेलिया-भारत वनडे मैच होबार्ट स्थानांतरित

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** फ्लडलाइट्स की समस्या के कारण अगले वर्ष एक मार्च को ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होने वाला तीसरा महिला एकदिवसीय मैच होबार्ट में खेला जाएगा। मैच के कार्यक्रम में यह बदलाव फ्लडलाइट्स की समस्या के कारण लिया गया है। प्लानिंग और इंस्टॉलेशन में हुई देरी के कारण इस मैच को होबार्ट स्थानांतरित करना पड़ा।

होबार्ट अब कुल दो एकदिवसीय मैचों की मेजबानी करेगा। फ्लडलाइट्स की समस्या के बावजूद एक विकल्प यह भी था कि इस मैच को दिन में कराया जाए लेकिन व्यस्त कार्यक्रम की वजह से ऐसा करना संभव नहीं था। दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच के बीच केवल एक दिन का अंतर है। इसी कारण से जंक्शन ओवल में इसे दिन का मैच बनाना व्यावहारिक नहीं माना गया। होबार्ट के अलावा एमसीजी भी एक विकल्प था लेकिन वहां भी रेनोवेशन का काम चल रहा है। उस कारण से वह मैदान भी उपलब्ध नहीं था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट ऑपरेशन्स और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि हम इस बात को लेकर बेहद निराश हैं कि उस मैच को हमें होबार्ट शिफ्ट करना पड़ा। इस सीजन मेलबर्न में कोई महिला अंतर्राष्ट्रीय मैच आयोजित नहीं किया जाएगा। हमने उम्मीद की थी कि इस मैच से पहले जंक्शन ओवल में फ्लड लाइट्स का काम पूरा हो जाएगा और हम मैदान पर पहला अंतर्राष्ट्रीय दिन-रात्रि मुकाबला देखेंगे। जंक्शन ओवल आगे भी मेलबर्न स्टार्स और मेलबर्न रेनेगेड्स की डब्ल्यूबीबीएल टीमों के मैचों की मेजबानी करेगा।

# चर्चा ही नहीं कराएंगे बल्कि होगा समस्याओं का समाधान: आशु मलिक

## समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने ग्राम प्रधानों व पार्षदों से संवाद कर पूछी उनकी समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधायक आशु मलिक ने प्रधानों, पार्षदों व जिम्मेंदार साथियों के साथ संवाद करते हुए जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की और कहा कि भले ही हम सत्ता में नहीं है, लेकिन जनता की आवाज को कमजोर नहीं होने देंगे।

सर्किट हाउस में विधायक आशु मलिक ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य सिर्फ चर्चा नहीं, बल्कि एक ठोस पहल है और गांव-गांव की हर समस्या को चिन्हित कर समाधान तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि 32 गांव और राउटर कॉलोनियों की टूटी-बिखरी सड़कें और विद्युत आपूर्ति की दयनीय स्थिति में है। नदी किनारे फैली जल जनित बीमारियाँ, जिनसे कैंसर, लीवर और किडनी जैसी गंभीर बीमारियाँ हो रही हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस सकारात्मक कदम नहीं उठा रही है।

विधायक ने कहा कि सहारनपुर की मशहूर कारीगरी वुड कार्विंग क्षेत्र में नगर निगम द्वारा बरती गई उपेक्षा, गन्ना भुगतान की समस्या, पीडब्ल्यूडी की सड़कें और सिंचाई विभाग की लापरवाही जैसे मुद्दों को विधानसभा में उठाया गया। जनता से जुडी इन समस्याओं को हर स्तर पर उठाया जायेगा और आगे भी यही प्रयास जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि मैं जनता को भरोसा दिलाता हूं कि भले ही हम सत्ता में न हों, लेकिन उनकी आवाज कमजोर नहीं होने देंगे और लड़ाई को मजबूती से लड़ते रहेंगे। देहात विधायक ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव से यह सीख मिली है कि गरीब, किसान, मजदूर और वंचित की आवाज सबसे बुलंद होनी चाहिए और आज अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम उसी समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, वरिष्ठ नेता जितेन्द्र बाबा, पार्षद अहमद मलिक समेत प्रधान व जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ से हुए नुकसान का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव फेरूमाजरा, रोशनपुर, बाधी, रानीपुर, माजरा, नाहर माजरा, सहसपुर जट्ट, नठोड़ी, फतेहपुर अध्याना, शुक्रताल और कान्सेपुर का दौरा किया। उन्होंने खेतों में खड़ी फसलों पर यमुना नदी के कटाव और बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया।

मांगेराम चौधरी ने किसानों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसी भी पीड़ित को मुआवजा पाने से वंचित नहीं रखा जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद एसडीएम सुरेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग तत्काल टीम गठित कर लेखपाल, कानूनगो और नायब तहसीलदार से खेतों का सर्वे कराए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि सरकार द्वारा तय मुआवजा समय पर प्रभावित किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राहत और सहायता वितरण में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान इंदर सिंह मलिक, ईशांत चौधरी, उत्कर्ष चौन्दियान, अविरल चौन्दियान, भूपेश चौधरी, राजवीर सिंह, हैप्पी सहित आदि मौजूद रहे।

# धोखे से तीस हजार की नकदी लेकर युवक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पटनी निवासी एक युवक ने कस्बा सुल्तानपुर निवासी अपने बहनोई के पास काम करने वाले विपक्षी युवक पर उसके बहनोई का नाम लेकर उससे धोखे से रूपये लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित अजीम पुत्र गालिब निवासी ग्राम पटनी ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसका बहनोई पैठ बाजार में राशन के सामान की दुकान लगाता है, सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी एक युवक लंबे समय से उसके बहनोई के पास काम करता आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी युवक विगत 08 सितंबर को दोपहर के समय गांव पटनी स्थित उसके कारखाने पर आया ओर कहने लगा कि तुम्हारे बहनोई ने तीस हजार रुपए मंगाये हैं क्योंकि उन्हें रूपयों की सख्त जरूरत पड़ गई है।

पीड़ित अजीम ने विपक्षी की बात पर विश्वास करके उसे तीस हजार रूपये दे दिये, लेकिन शाम के समय अजीम ने जब अपने बहनोई से फोन कर रूपयों के बारे में बताया तो उसने रूपये मंगाने से इंकार कर दिया ओर कहा कि उसने रूपये लेने के लिए किसी को नहीं भेजा ओर ना ही उसे रूपये मिले। पीड़ित का कहना है कि जब वह अपने बहनोई को साथ लेकर विपक्षी युवक के घर पहुंचा तो वह अपने घर पर नहीं मिला, वह कहीं फरार हो गया है।

# हाजी फजलुर्रहमान ने पंजाब में बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर पूर्व सांसद व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता हाजी फजलुर्रहमान ने पंजाब पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और और पीड़ित लोगों से मुलाकात कर उनकी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाते हुए राहत सामग्री बांटी।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान पंजाब के अमृतसर की अजनाला तहसील के पिंड पशिया तथा पिंड थोबे पहुँचे और बाढ़ पीड़ितों के बीच राशन व मेडिकल की किट बांटी। पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी पंजाबी बहन भाइयों के साथ खड़ी है। देश में जब जब विपदा आई तब नेता मुलायम सिंह यादव ने



हमेशा लोगों की मदद की है। आज समाजवाद के उसी पथ पर अखिलेश यादव चल रहे हैं। पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने कहा कि वह और उनका समस्त परिवार समाजवाद के लोगों की मदद के सिद्धांत के अंतर्गत पंजाब पहुंचे हैं और पंजाब के अपने भाइयों की ये विश्वास दिलाते हैं कि उत्तर प्रदेश की जानता आपदा के इस मुश्किल समय में उनके साथ है और ये कठिन समय सभी पंजाबी मिलकर इस संकट को जरूर हराएँगे।

इस दौरान पूर्व सांसद पुत्र मोनिस रजा, रमीज राजा, मोहम्मद अरसलान, जार्ज मसीह पूर्व प्रधान, शोक ठेकेदार अजनाला, समान



मसीह कड़ियाल, रोबिन मसीह कड़ियाल, मेजर मसीह वंजवाल पिंड, छनी मसीह पशिया पिंड, डेविड मसीह पिंड पशिया, हाजी मुर. सलीन पिंड सुबहानपुर अमृतसर, मो. बिन अमृतसर, रिजवान, मेहरबान, नफीस, अमित डेराबस्सी पंजाब, योगेश जालंधर, सुरजीत सिंह लुधियाना, उमर, अनिल फगवाड़ा, लाली मसीह कड़ियाल, सैयद अनस, सोनू फहीम, अनजर मोनू क्रिकेटर, इजहान, शाहरुख, जुहैब अब्बा हू, शाहजेब सी.ए., मोहम्मद फरहान, शारिकध कघुरैशी, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि शामिल रहे।

# शनिदेव मंदिर में चोरी की घटना का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पुलिस ने किया शनि देव मंदिर हुई चोरी कि घटना का खुलासा करते हुए 2 चोर गिरफ्तार करते हुए चोरी कि गई नगदी बरामद की।

बुधवार को थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने 7 जोलाई को शनिधाम मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए नानौता थानाक्षेत्र के गांव पाण्डुखेड़ी निवासी हिमांशु व अरुण को रूहाडा पुलिया पानी कि टंकी के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9570 रूपए नगद बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि वह नशे के आदि है नशा पूर्ति करने के लिए दो माह पूर्व मंदिर के पीछे कि दीवार तोड़कर दानपात्र से रूपये चुराएं थे और दानपात्र को कबाड़ी को बेंच देया था

# गड्ढों में तब्दील सर्विस रोड पर नाराज हुए विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा जून माह में तैयार किया गया सर्विस रोड मात्र दो माह के भीतर फिर से गढ्ढो में तब्दील हो गया। नाराज विधायक ने मौके पर पहुंचकर एनएचआई अधिकारियों को न केवल खरी खोटी सुनायी बल्कि दो दिन के भीतर सड़क को सही करने व फ्लाई आवर के कार्य मे गति लाने की बात कही।

पिछले दो वर्षों से भी अधिक समय से नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर ब्रिज तैयार किया जा रहा है। निर्माण की धीमी गति ने लोगों को रुला कर रख दिया है। हद तो उस समय हो जाती है जब अभिभावक बच्चो को स्कूल छोड़ने जाते है व जाम के झाम को झेलना पड़ता है तो सरकार को कोसते नजर आते है। दिन भर जाम से निजात दिलाने को लेकर कई कई पुलिस कर्मी भी व्यवस्था को संभाल नही पाते। लोगो की आये दिन मिल रही शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र निम निर्माणाधीन ब्रिज पर पहुंचे एसडीएम अपूर्व शर्मा तहसीलदार बिजेंद्र सिंह को भी मौके पर बुलाया तो लोगों की भीड़ भी मौके पर इकट्ठा हो गई लोगों ने अधिकारियों की लाप. रवाही के बारे में विधायक को जानकारी दी व बताया कि हाल ही जून माह में बनी सर्विस रोड दो माह के भीतर फिर से गढ्ढो में तब्दील हो गयी है। इतना सुनते ही विधायक ने एनएचआई अधिकारियों को खूब-खरी खोटी सुनाते हुए दो दिन के भीतर टूटी सड़क को फिर से सही करने व फ्लाई आवर के काम मे तेजी लाने को कहा। यहां तक भी कहा कि अगर लोगों की समस्या को अति शीघ्र दूर नहीं किया गया तो भारत सरकार में मंत्री नितिन गडकरी तक शिकायत करेंगे।

इस दौरान संजय चेयरमैन, अक्षय पँवार, गौतम चौधरी, विशालदेव गुर्जर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरो. पियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह, उपनिरीक्षक बलबीर सिंह व उपनि. रीक्षक सुबोध कुमार शर्मा के नेतृत्व में दबिश के दौरान दो वारंटी आरो. पियों अमित उर्फ छोटा पुत्र हुकमचंद निवासी वर्धमान कालोनी थाना कोतवाली देहात व जितेंद्र पुत्र भूपेंद्र सिंह निवासी यमुना एक्शन प्लांट अम्बा विहार कालोनी मल्हीपुर रोड थाना देहात कोतवाली गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरा. पी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वारंटी चल रहे थे।

# आग से जला टैंट हाउस, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चीनी मिल के निकट बीती रात्रि आर्यन टेंट हाउस के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे लाखो रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गोदाम में टेंट, सजावटी सामान, और अन्य उपकरण आग की चपेट में आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और स्थानीय निवासियों के सहयोग से काफी समय की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार आग लगने का कारण संदिग्ध माना जा रहा है। गोदाम के मालिक मूलचंद पुत्र होशियार सिंह ने बताया कि आग



इतनी तेजी से फैली कि कुछ भी बचाने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा, यह गोदाम हमारा मुख्य व्यवसाय था। इससे हमें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है बताया जाता है कि आग के फैलने का खतरा आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों तक था। गनीमत रही कि दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई और स्थानीय लोगों की मदद से आग को अन्य दुकानों तक पहुंचने से रोक लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।स्थानीय पुलिस ने बताया कि आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# रालोद से जुड़ रहा युवा: चौ. नीरपाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि जयन्त चौधरी की नीतियों से प्रभावित होकर युवा वर्ग रालोद से जुड रहा है।

यह बात चौ. नीरपाल सिंह ने दिल्ली प्रदेश की आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी द्वारा दिये गये निर्देशों की जानकारी देते हुए कही। उन्होने कहा कि आज हमारे जयंत चौधरी से प्रभावित होकर बहुत बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। दिल्ली में होने वाला खिलाड़ियों का सेमिनार जिसमें सैकड़ों प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ सुमित एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रेयान त्यागी ने कहा कि दिल्ली प्रदेश में खेल प्रकोष्ठ की टीम गली गली मोहल्लों में जा रही है। युवाओं को खेलो से जोड़ा जा रहा है। अक्टूबर, नवम्बर, दिसंबर में पूरे दिल्ली प्रदेश में खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, प्रभारी विनय प्रधान, दिल्ली प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी, दिल्ली पूर्वी प्रभारी अजीत चौधरी, फैसल चौधरी, नितिन त्यागी मीडिया प्रभारी, अजय कुमार सिंह, थान सिंह, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## मेला गुघाल कार्यक्रमों की श्रृंखला में पंजाबी कवि दरबार एवं सांस्कृतिक नाईट सादगी के साथ सम्पन्न

# आयोजकों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए सौंपी धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के संस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला मे गत रात्रि जनमंच प्रेक्षाग्रह मे पंजाबी कवि दरबार एवं पंजाबी संस्कृतिक नाईट का सुन्दर आयोजन सादगी के साथ सम्पन्न हुआ जहां पंजाब से आये कवियों एवं सूफी गायको ने अपनी प्रस्तुतियों एवं जालंधर से आये पंजाबी लोक गीत पर गिद्धा भंगड़े के माध्यम से पंजाब की पुन: पहले जैसी खुशहाली की कामना वाले गीतों पर प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में संच. ालको के अनुरोध पर जनमंच में मौजूद सभी लोगो ने अपने-अपने स्थान पर खडे होकर आँखे बंद करके अपने अपने ईष्ट देवता, ईश्वर, अल्लाह, गौड और वाहेगुरू से पंजाब



मे दोबारा खुशहाली लाने की कामना की एवं कार्यक्रम मे गुरुद्वारा सिंह सभा के मौजूद प्रतिनिधियों में से पांच सदस्यों कुलवंत सिंह भाटिया, रवजा. `त सिंह सन्नी, परमवीर सिंह मंगी, हनीत सिंह राजा एवं जसविंदर सिंह मंडोक के माध्यम से कार्यक्रम आयोजको द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गुरुद्वारा सिंह सभा को 31000 की राशि सौंपी। कार्यक्रम आयोजकों में संयोजक बेरी बाग पार्षद दीपक रहेजा रहे और संचालन पंजाबी एकता समिति के अध्यक्ष एम. पी. सिंह चावला ने किया। सहसंयोजक अजय यादव एवं गोपाल मेहंदीरता रहे। महापौर डा अजय कुमार सिंह, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष अरोड़ा, पाली कालड़ा, प्रमोद सिडाना, लविश पोपली रहे, उद्घघाटन साहिल गाबा, कुलदीप धमीजा एवं ने किया।

दीप प्रज्वलन रविंद्र मिगलानी, मीरा धवन, भूपेंद्र शर्मा, गुरप्रीत बग्गा, तेजेंदर सिंह एवं शिवाली शर्मा रहे कार्यक्रम मे हेमंत अरोड़ा, राकेश जैन, अमित गगनेजा,योग चुग, मयंक गर्ग,दिग्विजय सिंह, नूतन शर्मा, किशन लाल ठक्कर,गुलशन कपूर, विवेक मनोचा, सुरेंद्र मोहन चावला, राजीव फूटेला, अजय शर्मा, गौरव गाबा, मंजीत शाह, अमित यादव मोनू, अनुराग मलिक सहित समस्त पार्षद, भाजपा के महानगर, मंडल, मोर्चो और सेक्टरो के पदाधिकारियों सहित समस्त पंजाबी संगठन, समस्त सिख संगठन, समस्त व्यापारी संगठन, समस्त मोर्निंग क्लब, इंडस्ट्री एसोसिएशन एवं मंदिर समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता आयोजित

**गंगोह।** रोटरी क्लब द्वारा आयोजित रायला उत्सव समारोह में दूसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

एच आर इंटर कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में पहला स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र पीयूष ने प्राप्ता व द्वितीय स्थान पर प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के हिमांशु रहे। बालि. का वर्ग में 100 मीटर दौड़ में देव कांति पब्लिक स्कूल की छात्रा आंशिक प्रथम व बालाजी जूनियर हाई स्कूल की बालिका वैष्णवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के प्रथम स्थान पर अंशुल व द्वितीय स्थान पर अकमल रहे।

# जनता को विकास व सुविधा देना लक्ष्य: कुलदीप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान कुलदीप बालियान ने कहा कि क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास और जनता को आवश्यक सुविधाएं देना ही हमारा लक्ष्य है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

चेयरपर्सन प्रतिनिधि व नगर पंचायत ब्रांड एंबेसडर कुलदीप बालियान पीएबनी कॉलोनी पहुँचे और वहाँ चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया।निर्माण सामग्री को भी परखा।कॉलोनी वासियों से बातचीत की और उनसे सुझाव भी लिए।कुलदीप बालियान ने कहा कि हमारा मकसद क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास कराना है।जनता को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।जहाँ जहाँ जरूरत होगी वहाँ पर सभी आवश्यक कार्य कराए जाएँगे।कुलदीप बालियान ने कहा कि हमारा सामूहिक उद्देश्य अपने नगर को खूबसूरत नगर बनाना होना चाहिए ताकि हमारा नगर एक मिसाल बने।

इस दौरान रविंद्र चौधरी, सभासद आफताब मलिक,दिगम्बर सिंह,अनवर अली,मतलूब सहित कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

# परंपरा जीवित रखने को प्रतियोगिता: प्रो. विमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह से पूर्व दीक्षाउत्सव पर गोद लिए हुए गांव के प्राथमिक विद्यालय के मध्य परंपरागत खेलों का आयोजन कराते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन कुल. पति प्रोफेसर विमला ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा से जुड़े रहना चाहिए और यह खेल आयोजन इसी चीज को लेकर किया गया है और इससे यह पता चलता है कि हमारे खिलाड़ी कितने उत्साहित है इस परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के बोरी कूद में श्रद्धा ने प्रथम, अविका ने द्वितीय, पलक ने तृतीय, शटल रन में महकशा ने प्रथम, श्रद्धा



ने द्वितीय, आसना ने तृतीय, स्टापू में राधिका ने प्रथम, निहारिका ने द्वितीय, इकरा ने तृतीय, खो-खो में प्राथमिक विद्यालय उग्राहू ने प्रथम, गंदेवडा ने द्वितीय, पुंवारका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की बोरी कूद में हैदर अली ने प्रथम, वंश ने द्वितीय, रितेश ने तृतीय, खो-खो में उग्राहू ने प्रथम, पुंवारका ने द्वितीय, कंच में अलहम ने प्रथम, कृष्णा ने द्वितीय, रितेश ने तृतीय, शटल रन में सिद्धार्थ ने प्रथम, इशान ने द्वितीय व अकदश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन मौके पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष डॉ सुशील पुंडीर ने कहा कि परंपरागत खेलों के आयोजन से खिलाड़ियों में एक ऊर्जा का संचार हुआ है। सब खिलाड़ी तथा दर्शक इस ऊर्जा से और उत्साहित होंगे। निर्णायक मंडल में मनीष कुमार, अंशुल कुमार, लाल धर्मेंद्र प्रताप, अनुज कुमार, साहिल, जॉर्ज वेल, श्रीमती निशु, श्रीमती सरिता प्रजापति, श्रीमती सुमन, शुभम पांच. ाल, नवीन शर्मा शामिल रहे। संचालन आयोजन सचिव डा. संदीप गुप्ता ने किया। इस दौरान वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी व विवेक पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# नर्म पड़ते ट्रम्प

पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों में भारत के प्रति अब काफी नर्मी दिखाई दे रही है और अब वह भारत से संबंध सुधारने की बात कह रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले सप्ताह में बातचीत करने की प्रशंसा कर रहा हूं। वहीं पीएम मोदी नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर लिखा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारी व्यापार वार्ता भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारतीय टीम इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही है और पीएम मोदी भी बातचीत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने को उत्सुक हैं। मतलब साफ है कि भले ही ट्रम्प भारत के प्रति टैरिफ को लेकर आक्रामकता दिखाते रहे हों, यहां तक कि उनके प्रशासन के अधिकारी भी भारत के प्रति आक्रामकता अपने बयानों से दिखा चुके हों, लेकिन पर्दे के पीछे भी संबंधों को बेहतर करने की बात जारी रही है। इससे साफ है कि अब तक भारत की नीति ट्रम्प के बयानों को लेकर बिल्कुल सही रही है। भारत ने कभी भी उत्तेजित होकर अमेरिका के बयानों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया नहीं जताई। यह उसकी कमजोरी नहीं आत्मविश्वास ही था। भारत को विश्वास था कि यह स्थिति ज्यादा देर तक टिकने वाली नहीं है, क्योंकि अमेरिका भारत को ज्यादा देर तक नजरअंदाज नहीं कर सकता।

जिस तरह भारत ने अपनी कूटनीति से शंघाई सम्मेलन में जो चीन में आयोजित हुआ था शिरकत की और पीएम मोदी ने चीनी और रूसी राष्ट्रपति के साथ जो बॉन्डिंग वहां दिखाई उससे विश्व मंच पर बेहद सकारात्मक संदेश गया और कुछ कहे बिना ही वह सब हो गया जिसकी आशा भारत कर रहा था। शंघाई शिखर सम्मेलन के बाद ही ट्रम्प के बयानों में नर्मी आती दिखाई दी। हालांकि जिस तरह का व्यवहार अब तक ट्रम्प का रहा है, उन पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए भारत को बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि ट्रम्प का रुख कोई यूं ही नहीं बदला। जिस तरह वह भारत पर अतिरिक्त टैरिफ को लेकर अपने ही घर में घिरे थे और अमेरिका में ही उन्हें बड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था, उस वातावरण ने भी उन्हें काफी असहज किया होगा। यूं भी आज की तारीख में अगर अमेरिका का कोई दुनिया में प्रतिद्वंद्वी देश है तो वह चीन ही है और चीन को रोकने के लिए भारत से बेहतर कोई देश स्थिति में नहीं है। इसलिए भी ट्रम्प की आलोचना हो रही थी कि उनकी टैरिफ नीति ने भारत को चीन के पाले में जाने का अवसर प्रदान कर दिया। हालांकि भारत ने अपनी तरफ से साफ किया कि उसकी अपनी स्वतंत्र नीति है और उसके किसी भी देश के साथ संबंध किसी अन्य देश को चिढ़ाने के लिए नहीं हैं। अब देखना है कि व्यापारिक मतभेद कहां तक हल होते हैं।

## हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं



बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत, हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे, लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं, जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपये दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा, मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं, नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं, मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा।

**ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश



सुरेंद्र राजपूत

भारत तो नेपाल-बंगलादेश जैसी अराज. कता को पहले ही भुगत चुका है। जब विदेशी ताकतों की साजिश में हमारी सरकार को अस्थिर किया गया था। सन 2012-13 को याद करिए। इंडिया अगेंस्ट करप्शन का बैनर और चीखती चिल्लाती भीड़ सरकार को पैदल करने पर आमादा थी। जिस तरह नेपाल बंगाल की भीड़ के पास कोई विचार नही था, उसी तरह इंडिया अगेंस्ट करप्शन के नीचे बैठे लोग विचार शून्य थे। उस वक्त भी भयंकर हिंसा और अराजकता फैलती अगर सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह का नेतृत्व न होता।

जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ सेना।की टुकड़ी की मोर्चेबन्दी हो रही थी। सभी बड़े लीडर निशाने पर थे । साजिश तो यहां तक थी कि जो युवाओं की भीड़ आई है। इसपर गोली चला दी जाए, ताकि सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़े। याद कीजिए जब रामदेव ने शलवार जम्पर पहनकर भागने की नौटंकी की थी। वह चाहता था कि गोली चले, युवा मरें और सत्ता रक्तरंजित हो मगर दूरंदेश सोनिया ने इसपर पानी फेर दिया। मनमोहन के घर जाकर, सोनिया ने स्पष्ट सन्देश दिया कि सरकार भले चल जाए, गोली नहीं चलनी चाहिए। यह युवा हमारे हैं, इन्हें नहीं पता कि यह क्या कर रहे हैं। इनका इस्तेमाल हो रहा है। यह इस्तेमाल आगे शोषण में बदल जाएगा मगर फिर भी, इनपर गोली नहीं चलनी चाहिए। यही वह मौका था जब विदेशी ताकतों की कठपुतलियां दिल्ली में नंगा नाच कर रही थीं। लोग अक्सर कहते हैं कि रामदेव वगैरह को एयरपोर्ट लेने के लिए चार चार कैबिनेट मंत्री क्यों गए, अन्ना से संवाद को इतना महत्वपूर्ण क्यों माना, वजह यही थी।सरकार युवाओं को अराज. कता छोड़कर यह बताना चाहती थी कि वह संवाद में यकीन करती है। इसीलिए रामदेव जैसों से भी बात को राजी है। सरकार ने उस वक्त भयंकर हिंसक अराजकता से देश को बचाया था, जो बंगलादेश और नेपाल की सरकारें नही कर सकीं। म्यांमार, पाकिस्तान, लंका, बंगलादेश और जो नेपाल में हुआ। वह भारत में सन 2012-13 में ही चुका था। जनता के लिए काम करने वाली लो. कतांत्रिक मूल्यों की सरकार को बदनाम किया गया। मनमोहन सिंह की आर्थिक प्रगति को उस वक्त तक रोका गया,आजतक आर्थिक मामला स्थिर नही हो सका। उस दिन से आजतक रोज रुपये की कीमत गिरती है, डॉलर बढ़ता है। देश को इस समय गम्भीर होकर सोचना होगा। सोनिया और मनमोहन सिंह का कृतज्ञ होना होगा कि उन्होंने सरकार तो गवा दी मगर देश की जनता को



हिंसा और अराजक नही होने दिया। सभी पड़ोसी मुल्कों में अमरीकी एजेंट सत्ता में बैठ गए। यह अमरीका की आंख का तारा बने और अपनी ही चौखट को खोखला करने लगे। ऐसी हर अराज. कता के बाद अमरीकी पपेट ही बैठे हैं। जो कभी उनके राष्ट्रपति के गले मिलते हैं, कभी उनसे कुछ मांगते हैं। उनके ही हितों के फैसले लेते हैं।

भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉंग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।यही कारण है कि वह जनहित या देशहित के नही बल्कि एक व्यापारी और एक अमरीकी हित के ही उपासक हैं। उस समय यूपीए सरकार अगर सतर्कता न बरतती, तो यह लोग साजिश में गोलियां चलवाते मगर गांधी नेहरू की बुनियाद वाली पार्टी ने इस षड्यंत्र को समझ लिया। विदेशी साजिश को भांप लिया। उसके प्यादों को भी पहचान लिया। भोली जनता की भलाई के लिए,कोई ऐसा कदम नहीं उठाया, जिससे मासूम नौजवानों के खून बहे। सत्ता के किए लाश बिछाना स्वीकार नही किया। षड्यंत्र का शिकार तो हुए मगर अराजक नहीं हुए। आज उसी षड्यंत्रों के लाभार्थी सत्ता में हैं। वीके सिंह मंत्री बना, बेदी गवर्नर, रामदेव अरबपति और बाकी लाभार्थी अलग अलग सत्ता में बैठे। यह इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि अराजकता की सत्ता पाए लाभार्थी यह आरोप लगा रहे हैं कि सतर्क रहो, पड़ोस जैसा यहां भी हो सकता है। अरे भाई यहां तो यह पहले ही हो चुका है। राहुल और कॉंग्रेस तो इसकी पीड़ित है। याद कीजिए, यह लोग नारे लगाते थे कि राहुल और सोनिया विदेश भाग जाएंगे। यह भूल गए थे कि हम गांधी नेहरू के वारिस हैं। आज देश के सामने सच खुल चुका है। वह जान गई है कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन वास्तव में सत्ता परिवर्तन था। भारत में रिजीम चेंज करने का षडडंत्र। कॉंग्रेस ने देश के लिए सत्ता तो गवा दी मगर अपने हाथों में युवाओं का खून नही लगने दिया। यह बात अब सारे देश की जनता

> भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉंग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।

महसूस कर रही है। राहुल को बदनाम किया, मनमोहन को अस्थिर किया, शीला के घर पर हमले किए, क्या नही किया,जो आज पड़ोस में हो रहा है मगर वह लोकतांत्रिक मूल्यों की दूरंदेशी नेतृत्व था।

जिसने अराजकता को इतने मौके नहीं दिए, की भारत का सिस्टम ही ध्वस्त ही जाए। जब केंद्रीय मंत्री बातचीत करते थे,वह भी उन षड्यंत्रकारियों से, तो वह एक रास्ता था कि लो. कतंत्र बना रहे। मनमोहन ने सत्ता गवा दी मगर लो. कतंत्र अक्षुण्य रखा,जो हमारा कोई भी पड़ोसी देश नही कर सका। यही वजह है कि सोनिया जी, मनमोहन का सम्मान वापस हुआ। कॉंग्रेस पर भरोसा लौटा और राहुल से उम्मीद बंधी। सच उजागर हुआ, षड्यंत्रकारी पहचाने जा रहे हैं। वोट चोरी पकड़ी जा रही है। लोकतंत्र और संविधान का राज वापस लाने की कवायद जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वामी विवेकानंद का विश्व संदेश

**युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी जी ने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। उनका कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं।**



योगेश कुमार गोयल

युवाओं के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्तित्व के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी। स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमे. रिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिए ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन 'शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अत: एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष तथा महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मानसून और हिन्द महासागर में जलवायु परिवर्तन



पंकज चतुर्वेदी

इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है । बांध लबा-लब हैं और जहां-तहां जल निधि अपनी सीमा तोड़ कर बस्ती-खेत की तरफ राह निकाल रहे हैं। भारत के मौसम विभाग ने आकलन किया है कि 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खा जा सकता है कि प्रकृति की नियति है, लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। यह समझना होगा कि भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है । हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हहिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आई ओ डी कहते हैं से है। आई ओ डी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर



की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आई ओ डी, अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आई ओ डी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आई ओ डी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर, हिंद महा. सागर, बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण, अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। इससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है और चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रापिकल मीट्रियोलाजी (आइआइटीएम) पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल आफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रापिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है । जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है। यह अपने तरीके का पहला शोध है जिसमें समुद्री गर्म हवाओं के चलने और बरसात के अंतर्संबंध को स्थापित किया है । बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवत: पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। महा. सागरीय अम्लीकरण, महासागरीय प्रदूषण, महासागरीय तापमान में वृद्धि, मत्स्य पालन में गिरावट और सुपोषण, ये सभी महासागरों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन रहे हैं, जिसके कारण कई राष्ट्र अब प्राकृतिक या पर्यावरणीय आपदाओं के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। भारत के लोक-जीवन, अर्थ व्यवस्था, पर्व -त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिशियोक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। खेती-हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून को सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है - कारण भी है , तेजी से हो रहा शहरों की ओर पलायन व गांवों का शहरीकरण। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है जिससे जलवायु परिवर्तन के अंधड़ को कुछ रोक सकें। बारीकी में जाएंगे तो हमारे घर से निकलने वाले कूड़े और गंदे पानी से लेकर ऊर्जा के दुरूपयोग तक ऐसे बहुत से कारक हैं जिनका असर समुद्र के तापमान बढ़ने पर पड़ता है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, मानसून अब केवल भूगोल या मौसम विज्ञान नहीं हैं- इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज ,सेनिटेशन, कृषि , सहित बहुत कुछ जुड़ा है। बदलते हुए मौसम के तेवर के मद्देनजर मानसून-प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से ले कर इंजीनियरिंग पाठड्क्रमों में हो , जिसके तहत केवल मानसून से पानी ही नहीं, उससे जुड़ी फसलों, सड़कों, शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों, खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक में अपहृत इज़रायली-रूसी छात्रा रिहा: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि 2023 में शोध के दौरान इराक में अपहृत एक इज़रायली-रूसी शोधार्थी छात्रा को रिहा कर दिया गया है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि एलिजाबेथ त्सुर्कोव की रिहाई 'महीनों की टीम वर्क' के बाद हुई है और रिहाई के बाद उन्होंने छात्रा के परिवार से बात की थी। उन्होंने कहा कि हम तब तक पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ते रहेंगे जब तक कि हम अपने सभी बंधकों, जीवित और मृत, दोनों को वापस घर नहीं ले आते।

### लॉन्ग बीच बंदरगाह पर मालवाहक जहाज से लगभग 70 कंटेनर गिरे

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉन्ग बीच बंदरगाह पर एक मालवाहक जहाज के डॉक पर खड़े होने के दौरान लगभग 70 शिपिंग कंटेनर पानी में गिर गए हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बंदरगाह से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह 09:00 बजे के कुछ ही देर बाद टर्मिनल जी पर मालवाहक जहाज के लगभग 67 कंटेनर गिर गए। गिरे हुए कई कंटेनर जहाज के साथ खड़े एक छोटे क्लीन-एयर बार्ज से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। एक ऑनलाइन पोस्ट में उस क्षण का फुटेज कैद किया गया है।

### डॉ. आदर्श स्वाइका केन्या में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत-कुवैत संबंधों को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अनुभवी राजनयिक डॉ. आदर्श स्वाइका को केन्या में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी डॉ. स्वाइका अभी कुवैत में भारत के राजदूत हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह वियतनाम, श्रीलंका और बंगलादेश जैसे देशों में सेवा देने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### ट्रम्प, मोदी के बयानों से व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल के बयानों से दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के जल्द होने की उम्मीद जग गई है। ट्रम्प ने इसी माह भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों के महत्व और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी दोस्ती को लेकर सोशल मीडिया पर दो बार बयान दिए। मोदी ने भी दोनों बार उनका सोशल मीडिया पर रचनात्मक और उत्साह जनक जवाब दिया है। भारत के निर्यात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लागू किये जाने के से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है।

## नेपाली एयर होस्टेस ने किया खुलासा

# केपी ओली दुबई भाग गए

**काठमांडू।** नेपाल इस समय बड़े राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल से गुजर रहा है। सोशल मीडिया बैन और बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन अब हिंसक रूप ले चुका है। हालात इतने बिगड़े कि मंगलवार रात से ही पूरे देश की कमान नेपाली सेना ने अपने हाथ में ले ली है।


इस बीच बड़ी खबर ये आ रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस्तीफे के बाद देश छोड़कर दुबई भाग गए हैं। दरअसल, एक नेपाली एयर होस्टेस ने एयरपोर्ट से वीडियो शेयर करते हुए दावा किया है कि ओली काठमांडू से दुबई रवाना हो गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक कह रही हैं कि ओली ने सेना से देश छोड़ने में मदद मांगी थी। बताया जा रहा है कि वो मेडिकल ट्रीटमेंट का बहाना बनाकर दुबई गए हैं। और उनके लिए हिमालया एयरलाइंस का एक जेट भी स्टैंडबाय पर रखा गया था। इस बीच, ललितपुर के भैसेपाटी इलाके में हेलीकॉप्टर घूमते देखे जाने से इन अटकलों को और ज्यादा हवा मिल गई है। आंदोलन के दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों का आक्रोश इतना बढ़ गया था कि उन्होंने ओली के निजी घर के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट तक को आग के हवाले कर दिया था। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक की झड़पों और आगजनी में 22 लोगों की मौत हो चुकी है और 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। नेपाली सेना ने साफ कहा है कि कुछ उपद्रवी लोग आम नागरिकों और सरकारी संपत्तियों को निशाना बना रहे हैं। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही हैं। सेना ने अपील की है कि लोग इन गति. विधियों से दूर रहें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। सिर्फ ओली ही नहीं, बल्कि आंदोलनकारियों ने तीन और पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी निशाना बनाया। शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खनाल और पुष्पकमल दहल प्रचंड के घरों में आग लगा दी गई। पूर्व पीएम खनाल की पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार आग में गंभीर रूप से झुलस गईं और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वहीं, शेर बहादुर देउबा को प्रदर्शनकारियों ने घर में घुसकर पीटा और वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को सरेआम दौड़ा-दौड़ाकर मारा।



### नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों पर चीन ने तोड़ी चुप्पी

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बीजिंग को उम्मीद है कि नेपाल में जो सामाजिक समस्याएं चल रही हैं, उन्हें इस तरह से सुलझाया जाएगा जिससे देश में सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्रीय स्थिरता जल्द से जल्द लौट सके। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। उनका यह इस्तीफा देशभर में हुए प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों के बाद आया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा, चीन और नेपाल पारंपरिक रूप से मित्र पड़ोसी हैं। उन्होंने बीजिंग में एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि चीन ने नेपाल में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी है।

BOLLYWOOD UPDATE




कानपुर। अपनी आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' के प्रमोशन के दौरान बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला।

## रूसी मालवाहक अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एमएस-30 ने मिशन पूरा किया

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रोग्रेस एमएस-30 मालवाहक अंतरिक्ष यान ने अपना मिशन पूरा करते हुए पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर लिया है।

रूसी सरकारी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने यह जानकारी दी। रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा कि सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन बिल्डिंग के मिशन कंट्रोल सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, अंतरिक्ष यान के बिना जले हुए संरचनात्मक तत्व दक्षिण प्रशांत महासागर के एक गैर-नौवहन योग्य क्षेत्र में गिर गए हैं। प्रोग्रेस एमएस-30 मंगलवार को मॉस्को समयानुसार 18:45 पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूसी हिस्से के ज्वेज्दा मॉड्यूल से अलग हो गया। इसकी जगह प्रोग्रेस एमएस-32 मालवाहक जहाज लेगा, जिसे गुरुवार को बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से सोयुज-2-1ए रॉकेट के ज़रिए प्रक्षेपित किया जाएगा और शनिवार को आईएसएस से इसके जुड़ने की योजना है। प्रोग्रेस एमएस-30 को 28 फरवरी को प्रक्षेपित किया गया और यह दो मार्च को आईएसएस से जुड़ गया था। इसने 2.6 टन कार्गो पहुंचाया, जिसमें स्टेशन की प्रणालियों के लिए उपकरण और हार्डवेयर, वैज्ञानिक प्रयोग और बाहरी अंतरिक्ष में काम करने के लिए एक नया ओरलान-एमकेएस नंबर 6 स्पेससूट शामिल था।

## ऑस्ट्रेलिया ने की कतर पर इजरायल के हमले की निंदा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा में हमास के नेताओं पर इज़रायल के हवाई हमले की निंदा की है। ऑस्ट्रेलिया की विद.ेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार का मानना है कि यह हमला 'गलत कदम' था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) टेलीविजन को बताया कि हमास के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए इस हमले से युद्धविराम वार्ता को नुकसान पहुंचने का खतरा है। सुवोंग ने कहा कि कतर युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने वाले पक्षों में से एक रहा है। यह कतर की संप्रभुता का उल्लंघन है। इससे युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है और इसके बढ़ने का खतरा है।

**हमले से युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है**

इजरायल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सवाल पर सुवोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पास युद्ध रोकने की सीमित क्षमता है, लेकिन वह युद्धविराम के आह्वान का समर्थन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जाहिर है, हम केंद्रीय भूमिका में नहीं हैं, लेकिन हम दूसरों के साथ मिलकर गाज़ा में पीड़ा को समाप्त करने, युद्धविराम और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, कर सकते हैं। इससे पहले बुधवार को सहायक विदेश मामलों और व्यापार मंत्री मैट थिस्टलथवेट ने एबीसी रेडियो को बताया कि कतर के नेताओं द्वारा युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना 'उत्साहजनक' था।

# नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### बजट कटौती के विरोध में एक लाख लोग सड़क पर, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 200 उपद्रवी गिरफ्तार किए

**पश्चिमी क्षेत्र में बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गई, मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को पीएम नियुक्त किया**

**पेरिस।** नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर आगजनी कर ट्रैफिक को रोकने की कोशिश की, जिसे पुलिस और दमकलकर्मियों ने हटाया।

**प्रदर्शन की चार वजह**

**1 राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां:**

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

**2 बजट में कटौती:**

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

**3 2 साल में 5 पीएम:**

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।



**4 ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन**

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सब कुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा कि पश्चिमी शहर रेनेस में एक बस में आग लगा दी गई। एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने से दक्षिण-पश्चिम में एक लाइन पर ट्रेनें अवरुद्ध हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उन्हें विभाजित संसद में आम सहमति बनाने और 2026 का बजट पारित कराने का चुनौतीपूर्ण कार्य सौंपा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने अपना इस्तीफा दे दिया, जिसे मैक्रों ने स्वीकार कर लिया। बायरु को केवल नौ महीने के कार्यकाल के बाद ही पद से हटा दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार बायरु ने विश्वास मत से पहले सांसदों को चेतावनी दी कि उन्हें हटाने से देश की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपके पास सरकार गिराने की शक्ति है, लेकिन वास्तविकता को मिटाने की शक्ति नहीं है।

# इजरायल का कतर की राजधानी दोहा पर हमला

### हमास लीडर बाल-बाल बचे, 6 अन्य की मौत, पीएम नेतन्याहू ने हमले की जिम्मेदारी ली

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजरा.इली सेना ने ऐलान किया कि उसने हमास के सीनियर नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। ये हमला हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है।

जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। याह्या सिनवार की मौत के बाद खलील अल-हय्या ही संगठन चला रहा है। इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि यह हमला बेहद सटीक तरीके से उन हमास नेताओं पर किया गया, जो संगठन की गतिविधियों को लंबे समय से चला रहे थे। एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए एक इजरा.इली अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा में हुआ। सेना के मुताबिक ये हमास लीडर 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइली सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख इयाल जमीर ने हाल ही में कहा था कि विदेशों में मौजूद हमास नेताओं को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने 31 अगस्त को कहा था कि हमास का अधिकांश नेतृत्व विदेश में है, और हम उन तक भी पहुंचेंगे। कतर लंबे समय से हमास के निर्वासित नेताओं का ठिकाना रहा है और वह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है।



**यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे**

गाजा पर युद्धविराम और 7 अक्टूबर को हमास के बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर जो बातचीत चल रही थी, यह हमला उसे और जटिल बना सकता है। हमले के बाद कतर ने इजराइल की कड़ी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया और कहा कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ़ की।

# गाजा में हमलों पर इजरायल के खिलाफ उठा यूरोपीय संघ

**तेल अवीव।** गाजा पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर यूरोपीय संघ के इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है।

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने कहा कि वह गाजा में युद्ध को लेकर इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करने की योजना बना रही हैं। लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ अगले महीने एक फलस्तीनी दानदाता समूह का गठन करेगा। इसका एक हिस्सा गाजा के भविष्य के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होगा। गाजा की घटनाओं और बच्चों व परिवारों की पीड़ा ने दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित अकाल कभी भी युद्ध का हथियार नहीं हो सकता। बच्चों की खातिर, मानवता की खातिर इसे रोकना होगा। हालांकि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में इजरायल और फलस्तीनियों के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण है। वान डेर लेयेन की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब इजरायल की सेना ने गाजा के निवासियों को चेतावनी दी थी कि वे उस जगह को खाली कर दें, जहां इजरायल हमास का सफाया कर रहा है। साथ ही लाखों लोग अकाल की स्थिति में हैं। वहीं मंगलवार को कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले इजरायल ने हमला किया था।



**संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और व्यापार बंद करने की मांग**

# रूसी मिसाइल में भरे थे विदेशी कलपुर्जे

**कीव।** यूक्रेन में मध्य कीव स्थित एक सरकारी इमारत पर रविवार को गिरी रूसी क्रूज मिसाइल में कई विदेशी कलपुर्जे भरे हुए थे जिनमें अमेरिका में बने चिप्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रतिबंध नीति आयुक्त व्लादिस्लाव व्लासियुक ने कहा है कि इमारत पर गिरी इस्कंदर 9एम727 मिसाइल में विस्फोट नहीं हुआ, बल्कि संभवत: यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा क्षतिग्रस्त होने के कारण ऐसा हुआ। उन्होंने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की जो पहले भी इसी तरह की मिसाइलों में पाए गए हैं। इस सूची में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, एनालॉग डिवाइसेस, अल्टेरा और अन्य अमेरिकी कंपनियों द्वारा निर्मित 35 कलपुर्जे, साथ ही जापानी, ब्रिटिश और स्विस कंपनियों द्वारा निर्मित कलपुर्जे शामिल हैं। व्लासियुक द्वारा प्रकाशित सूची में शामिल चार देशों सहित कई पश्चिमी देशों ने रूस द्वारा इन पुर्जों के इस्तेमाल को रोकने के लिए इन पर कड़े प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण लगाए हैं। जर्मन कंपनी इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज, सूचीबद्ध निर्माताओं में से एक अमे.रिकी-आधारित साइप्रस सेमीकंडक्टर ने सीएनएन को बताया कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए 'व्यापक उपाय' किए हैं कि उसके उत्पाद रूस में न पहुंचें। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि इंफिनियन टेक्नोलॉजीज ने रूस को सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शिपमेंट रोक दिए हैं और अपने ग्राहकों के बीच अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उसके पास उपकरण मौजूद हैं।

**व्लासियुक ने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की**

# एआई से दुनिया की जीडीपी में 15.7 लाख करोड़ डॉलर जुड़ने की संभावना: फिक्की

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका योगदान 15.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

उद्योग महासंघ फिक्की के एक कार्यक्रम में बुधवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'वैश्विक एआई होड़' पर फिक्की.बीसीजी द्वारा जारी श्वेतपत्र में एआई अपनाने के मामले में देशों के बीच बढ़ते अंतर को उजागर किया गया है और एआई को समावेशी बनाने के लिए कदम उठाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 66 प्रतिशत से अधिक विक.सित अर्थव्यवस्थाओं के पास पहले से ही राष्ट्रीय एआई रणनीतियां हैं, जबकि विक.ासशील अर्थव्यवस्थाओं में यह संख्या केवल 30 प्रतिशत और सबसे कम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 12 प्रतिशत है। इस असंतुलन के कारण कई देशों के आयातित समाधानों पर निर्भर होने का खतरा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका और चीन ने एआई में बढ़त हासिल की है और दुनिया के अधिकांश एआई पेश.ेवर इन्हीं देशों में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंप्यूटिंग तक पहुंच महंगी है, प्रतिभा और वित्तपोषण सीमित हैं। हर तीन में से एक एआई विशेषज्ञ अमेरिका में है। इसमें बताया गया है कि वित्तीय सेवाएं और खुदरा जैसे कुछ क्षेत्र डेटा समृद्ध वातावरण के कारण तेजी से एआई एकीकरण में अग्रणी हैं। वहीं, कृषि और सार्वजनिक सेवाएं जैसे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र निवेश पर रिटर्न (आरओआई) में अस्पष्टता के कारण खंडित बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण की चुनौतियों के कारण पिछड़ रहे हैं।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108